RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 243
लखनऊ, शुक्रवार, 24 जून, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




कानून से बदलाव की आकांक्षा होती हैः न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

विदेश-10

# संकट और गहराया, महा अघाड़ी गठबंधन छोड़ने को तैयार ठाकरे

- बागी विधायक मुम्बई आकर बात करें तो कांग्रेस-एनसीपी से गठबंधन तोड़ने पर करेंगे विचारः राउत
- गुवाहाटी के होटल से शिंदे ने 42 विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए जारी किया वीडियो



गुवाहाटी के एक होटल में अपने समर्थक विधायकों को संबोधित करते शिवसेना के दिग्गज नेता एकनाथ शिंदे

**टीएन रघुनाथ। मुंबई**

**पार्टी** के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे की बवागत से जूझ रही शिवसेना का संकट बृहस्पतिवार को और गहरा गया, जब शिंदे गुट ने अपने साथ 42 विधायक होने का दावा किया। शिवसेना के 37 बागी विधायकों ने महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष को पत्र लिखा है कि एकनाथ शिंदे सदन में उनके नेता रहेंगे। शिवसेना नेतृत्व सरकार और गठबंधन बचाए रखने की कोशिशों में जुटा है। हालांकि अपने रुख में बदलाव करते हुए पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि यदि असम में डेरा डाले बागी विधायक 24 घंटे के भीतर मुंबई लौटकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से अपनी शिकायतें साझा करते हैं तो शिवसेना महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन को छोड़ने पर विचार करने के लिए तैयार है। एक दिन पहले ही शिवसेना अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा था कि यदि बागी विधायक व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके नेतृत्व से नाखुशी जाहिर करते हैं तो वह मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष पद दोनों छोड़ने के लिए तैयार हैं।

अपने वेब संबोधन के बाद रात में सीएम ठाकरे ने अपना सरकारी आवास छोड़ दिया था और मातोश्री चले गए थे। गुरुवार को मातोश्री की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरवार को अपनी ताकत दिखाते हुए गुवाहाटी के होटल रेडिसन ब्लू से 42 विधायकों का फोटो जारी किया। गुजरात के सूरत से ले जाकर विधायकों को इसी होटल में ठहराया गया है। एकनाथ शिंदे गुट की ओर से एक वीडियो मीडिया में जारी किया गया है जिसमें होटल रेडिसन ( शेष पेज 4 )

## एमवीए गठबंधन विधानसभा में साबित करेगा बहुमतः पवार



**पायनियर समाचार सेवा। मुंबई**

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी सरकार (एमवीए) के भाग्य का फैसला विधानसभा में होगा और शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन विश्वास मत में बहुमत साबित करेगा। पवार ने कहा कि एमवीए सरकार के भाग्य का फैसला विधानसभा में होगा, न कि गुवाहाटी में, जहां शिवसेना के विद्रोही विधायक डेरा ( शेष पेज 4 )

# मतभेदों से ज्यादा अहम हैं भारत और चीन के साझा हितः बीजिंग

- लद्दाख में सैन्य गतिरोध से पैदा हुई खटास के बीच भारतीय राजदूत से मुलाकात के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कही यह बात
- एकदूसरे के प्रति संदेह रखने से बेहतर परस्पर भरोसे को बढ़ाया जाया

**पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/बीजिंग**

**पिछले** दो साल से लद्दाख में सीमा पर तनावपूर्ण हालात के बावजूद चीन ने भारत से 'आधा रास्ता' तय करने का अनुरोध करते हुए कहा कि दोनों देशों के साझा हित उनके बीच मतभेदों से कही ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। चीन ने यह भी कहा कि 'एकदूसरे के प्रति संदेह' रखने से ज्यादा बेहतर है कि परस्पर भरोसे को बढ़ाया जाए।

बुधवार को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात के दौरान यह बात कही। चीनी मंत्री ने दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चार सूत्रीय प्रक्रिया का भी प्रस्ताव दिया। भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मेजबानी में बृहस्पतिवार से शुरू वीडियो ( शेष पेज 4 )



बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग ई से भेंट करते भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत

## ऑस्ट्रेलिया ने चीन को सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता बताया

**भाषा। नई दिल्ली**

**ऑस्ट्रेलिया** के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के लिए चीन सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा और दक्षिण चीन सागर में बीजिंग के कदमों से उनकी बढ़ती आक्रामकता प्रदर्शित होती है।

मार्लेस चार दिवसीय यात्रा पर भारत में हैं। पिछले महीने प्रधानमंत्री एंथली अल्बनीज की लेबर पार्टी के सत्ता में आने के बाद यह आस्ट्रेलिया के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा है। उन्होंने कहा कि चीन दुनिया को ऐसा आकार देने की कोशिश कर रहा है, जैसा कि पहले कभी नहीं देखा गया हो।

मार्लेस ने यह भी कहा कि भारत की भी समान सुरक्षा चिंताएं हैं और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर ऑस्ट्रेलिया नई दिल्ली के साथ एकजुटता से खड़ा है। अपनी यात्रा के चौथे एवं अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने पत्रकारों के साथ बातचीत के ( शेष पेज 4 )

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान सफल बनाएं

- योगी ने सभी संबंधित विभागों को दिए निर्देश
- पहली जुलाई से शुरू हो रहे विशेष अभियान में जनसहभागिता को भी बताया महत्वपूर्ण



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आगामी पहली जुलाई से संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान प्रारंभ हो रहा है। इस अभियान को सफल और प्रभावी बनाना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय को अभियान की सफता का महत्वपूर्ण आधार बताया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, नगर विकास, महिला एवं बाल विकास, कृषि, बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा विभागों द्वारा अन्तर्विभागीय समन्वय के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रभावी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में आयोजित अन्तर्विभागीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए सरकार के प्रयास के साथ-साथ जनसहभागिता भी महत्वपूर्ण है। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, पाथ जैसी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस नियंत्रण और कोविड प्रबंधन के ( शेष पेज 4 )

## दिनकर गुप्ता होंगे एनआईए के प्रमुख

**भाषा। नई दल्ली**

**पंजाब** के पूर्व पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता को बृहस्पतिवार को मुंबई में 26/11 के हमले के बाद गठित आतंकवाद विरोधी जांच एजेंसी, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक कुलदीप सिंह को वाई सी मोदी की सेवानिवृत्ति के बाद पिछले साल मई में एनआईए का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पंजाब कैडर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी के नाम को एनआईए के शीर्ष पद के लिए मंजूरी दी। आदेश के मुताबिक समिति ने 31 मार्च, 2024, जो उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख है या अगले आदेश तक एनआईए के महानिदेशक के रूप में गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पुलिस प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले ( शेष पेज 4 )

# दिल्ली-महाराष्ट्र में कोविड के एक दिन में दोगुने केस

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र में कोविड के मामलों में तेज वृद्धि हुई है। दोनों ही जगह 24 घंटों के भीतर दोगुने से अधिक केस दर्ज किए गए हैं। देश में गुरुवार को कुल केसलोड लगभग 15,000 पहुंच गया जो एक दिन पहले 13,000 था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार को कोविड के 1,934 नए मामले सामने आए।

इससे पहले बुधवार को यहां करीब 900 नए मरीज ही मिले थे। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में अब कुल सक्रिय मामलों की संख्या 5,755 हो गई है, जबकि टेस्ट सकारात्मकता दर (टीपीआर) 8.10 प्रतिशत है। इसी प्रकार महाराष्ट्र में भी गुरुवार को कोविड-19 के 5,218 नए मामले आए हैं। यह संख्या एक दिन पहले के मामलों से लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। बुधवार को इस राज्य में कुल 3,260 केस आए थे। मुंबई ने भी



ताजा संक्रमण में 50 प्रतिशत की छलांग लगाई है।

देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इस महानगर में गुरुवार को 2,479 नए मामले आए, जबकि बुधवार को यहां कुल 1,648 मामले दर्ज किए गए थे। इस बीच, एक चिंता और बढ़ गई है। इंडियन सास्र-कोव2 कंसोर्टियम ऑन जीनोम (आईएनएसएसीओजी) की 21 जून की रिपोर्ट गुप्ता ने 2019 में पंजाब पुलिस के महानिदेशक का पद संभाला और दो साल और सात महीने तक इस पद पर रहे। उन्हें पंजाब पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति मांगी थी।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्तराखंड के आईएएस राम विलास यादव गिरफ्तार

**भाषा। देहरादून**

**उत्तराखंड** में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपी आईएएस अधिकारी राम विलास यादव को बृहस्पतिवार को सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। यादव को बुधवार को उत्तराखंड सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। वह प्रदेश में अपर सचिव पद पर तैनात थे। अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) अमित सिन्हा ने बताया कि भ्रष्टाचार के साक्ष्य मिलने और लंबी पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब न हासिल होने के बाद यादव को बुधवार देर रात करीब सवा दो बजे गिरफ्तार कर लिया गया। सिन्हा के मुताबिक, मई में दर्ज मामले की प्राथमिक जांच के दौरान यादव के पास आय से 522 फीसदी अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा, जांच में हमें भ्रष्टाचार में यादव की संलिप्तता को लेकर कई ऐसे दस्तावेज और साक्ष्य मिले थे, जिनके आधार पर हमने उनके घर पर दबिश दी थी और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था।

# आजमगढ़ में 48 और रामपुर में 39% से अधिक मतदान



आजमगढ़ में एक केंद्र पर मतदान के लिए खड़े लोग

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**प्रदेश** की आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीटों पर बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव के दौरान छिटपुट अप्रिय घटनाओं के बीच क्रमशः 48.48 प्रतिशत और 39.02 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, समाजवादी पार्टी ने दोनों ही जिलों में प्रशासन पर मतदान को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से शिकायत की है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह शाम छह बजे तक समाप्त हो गया। मतदान एप के मुताबिक, आजमगढ़ में 48.48 प्रतिशत और रामपुर लोकसभा सीट पर 39.02 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसके पहले निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शाम पांच बजे तक आजमगढ़ में 45.97 प्रतिशत और रामपुर में 37.01 प्रतिशत मतदान हो चुका था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में आजमगढ़ में कुल 57.56 प्रतिशत और रामपुर ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 52,265 | ↑ | 443 | |
| निफ्टी | 15,556 | ↑ | 143 | |
| सोना | 50,719 | ↓ | 133 | /10g |
| चांदी | 59,781 | ↓ | 664 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सोनिया गांधी से जुलाई के अंत में पूछताछ करेगा ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेशी की तारीख आगे बढ़ाने संबंधी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आग्रह को मान लिया है। जांच एजेंसी ने अब उनसे कहा है कि वह नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में जुलाई महीने के आखिर में किसी समय पेश होकर अपना बयान दर्ज कराएं। सूत्रों ने बताया किसंघीय जांच एजेंसी ने सोनिया गांधी से प्रस्तावित पूछताछ को चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है और अब उनसे कहा गया है कि वह जुलाई महीने के आखिर में किसी समय पेश होकर अपना बयान दर्ज कराएं। नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले मे ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष को पहले आठ जून को तलब किया था, लेकिन कोविड संक्रमण के बाद उन्हे 23 जून को एजेंसी दफ्तर आकर बयान दर्ज कराने को कहा गया था।

# पीलीभीत में सड़क दुर्घटना में 10 की मौत

**भाषा। पीलीभीत**

**पीलीभीत** जिले के गजरौला क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुबह हरिद्वार से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का एक वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया, जिससे उस पर सवार 10 लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य जख्मी हो गए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख प्रकट करते हुए मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि यह हादसा गजरौला थाना क्षेत्र के मालामुड़ इलाके में हुआ।

वाहन में हरिद्वार से स्नान कर लौट रहे 17 श्रद्धालु थे। वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया जिससे आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों में वाहन चालक दिलशाद (35), लक्ष्मी (28), सरला देवी (60), रचना (28), हर्ष (16), खुशी (दो), सुशांत (14), आनंद (तीन), लालमन (65) और श्याम सुंदर (55) शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में वाहन सवार सात अन्य लोग भी जख्मी हुए हैं।

उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बृहस्पतिवार की शाम लखनऊ में जारी एक सरकारी बयान के अनुसार सीएम योगी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। योगी ने मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश भी दिए हैं।

# ब्रिक्स देशों को सहयोग बढ़ाने की आवश्यकताः प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा, ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मिलकर कोविड से हुए नुकसान से उबरने में दे सकते हैं उपयोगी योगदान

**भाषा। नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) का नजरिया काफी समान है, इसलिए सभी के बीच आपसी सहयोग कोविड-19 के नुकसान से उबरने में उपयोगी योगदान दे सकता है।

ब्रिक्स देशों के 14वें शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि




हालांकि वैश्विक स्तर पर महामारी का प्रकोप पहले की तुलना में कम हुआ है लेकिन इसके अनेक दुष्प्रभाव अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में हम ब्रिक्स सदस्य देशों का नजरिया काफी समान रहा है और इसलिए हमारा आपसी सहयोग पोस्ट कोविड रिकवरी में उपयोगी योगदान दे सकता है। ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका- को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 प्रतिशत, वैश्विक जीडीपी में 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में 16 प्रतिशत है। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी की चुनौतियों के मद्देनजर हम लगातार तीसरे साल ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर रहे हैं। हालांकि, वैश्विक स्तर पर महामारी का प्रकोप पहले की तुलना में कम हुआ है लेकिन इसके अनेक दुष्प्रभाव अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम - ब्रिक्स सदस्य देश- वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर समान दृष्टिकोण रखते हैं इसलिए हमारा आपसी सहयोग कोविड के नुकसान से उबरने में उपयोगी योगदान दे सकता है।

मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स में कई संस्थागत सुधार हुए हैं जिनसे इस संगठन की प्रभावशीलता बढ़ी है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि न्यू डेवलपमेंट बैंक की सदस्यता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां हमारे आपसी सहयोग से हमारे नागरिकों के जीवन को सीधा लाभ मिल रहा है। इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने टीकों को लेकर शोध एवं विकास केंद्र की स्थापना, सीमा शुल्क विभागों के बीच समन्वय, साझा सेटेलाइट कंसल्टेशन की व्यवस्था और फार्मा उत्पादों का पारंपरिक नियमितीकरण जैसे कदमों का उल्लेख किया।

## ब्रिक्स सभी देशों की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता के सम्मान को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स के नेताओं ने बृहस्पतिवार को सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही यूक्रेन संकट और अफगानिस्तान के हालात पर चर्चा के दौरान विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया। चीन की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स देशों के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक घोषणापत्र में कहा गया कि नेताओं ने रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता का समर्थन किया और पूर्वी ( शेष पेज 4 )

# संयमित दिनचर्या से परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं छात्र

## मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले लखनऊ के मेधावियों से की भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं में लखनऊ के हाईस्कूल उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं से संवाद किया। लखनऊ के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के बोर्ड परीक्षाओं के अन्तर्गत हाईस्कूल परीक्षा-2022 के मेधावी छात्र-छात्राओं पर्ल वर्मा, अरुण कुमार, माही यादव, अंजू उपाध्याय, अक्षत शुक्ला, विकास वर्मा, रूबी निषाद, श्रियंक सिंह, आकांक्षा साहू, ऋषभ सिंह को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि अगर आप नियमित रूप से पढ़ेंगे, नियमित रूप से खेलेंगे, सभी कार्यों को टाइम-टेबल बनाकर करेंगे तो फिर परीक्षा के समय अनावश्यक तनाव नहीं होगा।



संयमित दिनचर्या से आप परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए टाइम टेबल बनाकर दिनचर्या का पालन करेंगेए तो न केवल आपका पाठ्यक्रम समय से पूरा होगा बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। कार्य के साथ.साथ आराम भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने बच्चों की पढ़ाई के तौर-तरीकों की जानकारी लेते हुए सभी को अपने पास एक छोटी डायरी रखने का सुझाव दिया। इस डायरी में आपको नई बातों-जरूरी बातों को नोट करना चाहिए। सभी को समय पर सोना व जागना चाहिए। अगर सभी बच्चे रात्रि 10 बजे तक सो जाएं और सुबह 4 बजे उठ जाएं तो यह उनके स्वास्थ्य के लिए अनुकूल होगा। रात्रिभर जागने से दिनभर व्यक्ति को थकान रहती है, स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तय स्कूली पाठ्यक्रम के अलावा आपको देश-दुनिया के समसामयिक स्थिति से अपडेट रहना चहिए। इसके लिए समाचार-पत्र एक अच्छा माध्यम है। दिनचर्या में समाचार-पत्र पढ़ने के लिए समय निर्धारित करें। अखबारों के सम्पादकीय पृष्ठ विचारों से परिपूर्ण होते हैं। अलग.अलग विचारों को पढ़कर आप किसी विषय में अपना नजरिया तय कर सकते हैं। यह आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि हर विद्यार्थी को पुस्तकालय जाने की आदत जरूर डालनी चाहिए।

प्रयास करें कि माह में कम से कम कोई एक पुस्तक जो पाठ्यक्रम से अलग होए जरूर पढ़ें। हर बच्चे को खेल के किसी न किसी कार्यक्रम के साथ जुड़ना चाहिए। इससे शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होगा। इससे निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने मेधावी बच्चों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यूम से जुड़ना चाहिए। इससे आपको बहुत सारी रचनात्मक चीजें जानने को मिलेंगी। देश में कहां, कौन से व्यक्ति ने अच्छा काम किया, प्रगतिशील किसान के अच्छे काम के बारे में, इसकी भी चर्चा प्रधानमंत्री 'मन की बात' कार्यक्रम में करते हैं। यह कार्यक्रम देश में हो रहे किसी नवीन अभिकल्प, अभिनव प्रयास, नए बदलाव आदि के बारे में जानकारी से परिपूर्ण होता है। इसे हर बच्चे, अभिभावक को जरूर सुनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बच्चों व अभिभावकों को प्रधानमंत्री द्वारा रचित पुस्तक 'एक्जाम वॉरियर' और बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए खास कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बच्चों से कहा कि दूसरों के नोट्स के भरोसे कभी तैयारी न करें। खुद तैयार करें। विषय का कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं होगा, तो नोट्स आपको तात्कालिक सफलता तो दिला सकता है लेकिन दीर्घकालिक लक्ष्यों में यह कभी उपयोगी नहीं होगा। मौलिक पुस्तकों से विस्तृत अध्ययन पर जोर दें। मेधावियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार बदलते परिवेश के दृष्टिगत समय-समय पर पाठ्यक्रम को अपडेट करती है। यह क्रम सतत जारी रहेगा। हमें अपने सही इतिहास की जानकारी होनी चाहिए। अपने नायकों, महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी होनी चाहिए। इसलिए राज्य सरकार ने बेसिक शिक्षा में भी इन विषयों का समावेश किया है। मुख्यमंत्री ने प्राचार्यों से कहा कि शिक्षकों को अभिभावकों के साथ संवाद बनाना चाहिए। अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत संवाद नहीं होगा तो इसका असर आपके विद्यालय पर तो पड़ेगा ही, साथ ही अभिभावक को भी पता नहीं चलेगा कि विद्यालय में क्या हो रहा है। अतः ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिससे कि माह में एक बार शिक्षक बच्चे के घर जरूर जाएं। अभिभावकों से मिलें। यह विद्यालय हित में भी है और छात्र के लिए भी उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए अभिभावकों ने अपने पाल्यों की मेहनत की कहानी भी बताई। एक मेधावी की माता जी ने बेटे के हिंदी में 100 अंक प्राप्त करने की खुशी साझा की तो कई अन्य अभिभावकों ने बच्चों के पठन-पाठन की अवधि की जानकारी दी। उन्होंने मेरिट में आने वाले बच्चों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को बधाई दी और उनके अध्यापन व मूल्यांकन प्रणाली की जानकारी ली।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे नाम की स्पेलिंग IMRAN AHMED हाईस्कूल की मार्कशीट में गलत लिखा है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग IMRAN AHMAD है। पता : विजय खण्ड 1 नियर सिल्वर अपार्टमेंट गोमती नगर लखनऊ 226010

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जमीर अहमद खान (Zameer Ahmad Khan) पुत्र नूर मोहम्मद खान निवासी 155/63 सैयदबाड़ा, रसूलपुर, प्रयागराज में अपने नाम की स्पेलिंग (Zameer Ahmad Khan) की जगह (Zamir Ahmad Khan) कर लिया है। मुझको इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सलमान तारिक पुत्र अहमद सलमान निवासी सी-48 जी0टी0वी0 नगर, करैली, प्रयागराज एवं मेरी पत्नी जिनका नाम हिना मंसूब है ने आज से अपना नाम सलमान तारिक की जगह तारिक सलमान एवं मेरी बीबी ने अपना नाम हिना मंसूब की जगह हिना तारिक कर लिया है। हम दोनों लोगों को अब इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से सारा फातिमा नूरी पुत्री मोहम्मद अव्वल मोहम्मद रफी नूरी m/o कनीज हुमैरा नूरी लिख गया है जबकि मेरा सही नाम सारा फातिमा अंसारी पुत्री मोहम्मद अव्वल अंसारी M/o कनीज हुमैरा अंसारी है और भविष्य में मुझे सारा फतीमा अंसारी पुत्री मोहम्मद अव्वल अंसारी m/o कनीज हुमैरा अंसारी के नाम से जाना वह पहचाना जाए, सारा फातिमा अंसारी पुत्री मोहम्मद अव्वल अंसारी ,मकान नंबर 351 शेखपुरवा नया नगर बूधीपुर बलरामपुर उत्तर प्रदेश

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा प्लॉट नंबर बी2/26, सेक्टर पी ,एलडीए मानसरोवर योजना कानपुर रोड लखनऊ का आवंटन पत्र और कब्जा पत्र जिसका वही संख्या – 1, जिल्द संख्या – 10791 पृष्ठ संख्या – 163 से 182 पर क्रमांक 15308 वास्तव में खो गया है जिसका उपयोग अवैध माना जाएगा शशि प्रभा सिंह पत्नी संतोष कुमार सिंह बी2/26,सेक्टर पी, एलडीए कानपुर रोड मानसरोवर योजना लखनऊ यूपी

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से मोहम्मद अव्वल मोहम्मद रफी नूरी पत्नी कनीज हुमैरा नूरी पुत्र मोहम्मद रफी बशीर अहमद नूरी लिख गया है जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद अव्वल अंसारी पत्नी कनीज हुमैरा अंसारी पुत्र मोहम्मद रफी नूरी है और भविष्य में मुझे मोहम्मद अव्वल अंसारी पत्नी कनीज हुमैरा अंसारी के नाम से जाना वह पहचाना जाए मोहम्मद अव्वल अंसारी पुत्र मोहम्मद रफी नूरी मकान नंबर 351 शेखपुरवा नया नगर बूधीपुर बलरामपुर उत्तर प्रदेश

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से कनीज हुमैरह नूरी w/o मोहम्मद अव्वल मोहम्मद रफी नूरी लिख गया है जबकि मेरा सही नाम कनीज हुमैरा अंसारी W/o मोहम्मद अव्वल अंसारी है . और भविष्य में मुझे कनीज हुमैरा अंसारी W/o मोहम्मद अव्वल अंसारी के नाम से जाना वह पहचाना जाए, कनीज हुमैरा अंसारी W/o मोहम्मद अव्वल अंसारी मकान नंबर 351 शेखपुरवा नया नगर बूधीपुर बलरामपुर उत्तर प्रदेश

# भारत की एकता-अखंडता के प्रखर पक्षधर थे डॉ. मुखर्जी

## सीएम ने श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की एकता और अखंडता के प्रबल पक्षधर एवं भारत माता के एक महान सपूत थे। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को लखनऊ के सिविल चिकित्सालय परिसर में स्थित डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के सम्मुख उनके चित्रद्ध पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी को महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और समाजसेवी व राजनीतिक चिंतक बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे और आज उनकी पावन पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर पूरा राष्ट्र उन्हें स्मरण कर



रहा है। भारत की एकता और अखंडता के लिए तथा भारत को किसी भी प्रकार की चुनौती से मुक्त करने के लिए उन्होंने अपने आपको बलिदान किया था। उन्हें आज उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का स्पष्ट मत था कि 'एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान' नहीं चलेंगे। डॉ. मुखर्जी ने आज ही के दिन वर्ष 1953 में कश्मीर मुद्दे पर अपना बलिदान दिया था। उनका बलिदान स्वतंत्र भारत का एक ऐसा बलिदान था, जिसने उस समय पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के बलिदान का परिणाम है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज जम्मू कश्मीर धारा-370 से मुक्त होकर भारत की एकता व अखण्डता के लिए मजबूती से आगे बढ़ता हुआ दिखायी दे रहा है।

### शेयर बाजार के माध्यम से एमएसएमई इकाइयों को पूंजी जुटाने के लिए सरकार की लाई रंग

# एनएसई व बीएसई पर प्रदेश की 20 नई एमएसमई हुई लिस्टेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शेयर** बाजार के माध्यम से प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को पूंजी जुटाने के लिए राज्य सरकार की पहल रंग लाने लगी है। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, नेशनल स्टाक एक्सचेंज एनएसई तथा भारत स्टाक एक्सचेंज बीएसई के मध्य हुए समझौते के तहत प्रदेश से 20 नई कंपनियां एनएसई और बीएसई पर लिस्टेड हुई है।



अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल ने निर्यात प्रोत्साहन भवन में एमओयू पार्टनर संस्थाओं के साथ बैठक की और अधिक से अधिक संस्थाओं को एनएसई और बीएसई पर लिस्टेड कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत एक वर्ष के अंदर बीएसई पर 129 करोड़ रुपये मार्केट कैपिटल की 12 कंपनियां तथा एनएसई प्लेटफार्म पर 101 करोड़ रुपये इश्यू साइज रैंज की आठ कंपनियां लिस्टेड हुई है। उन्होंने निर्देश दिये कि पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाकर एमएसएमई को स्टाक एक्सचेंज पर लिस्ट कराने का प्रयास किया जायेगा। जगह-जगह इस संबंध में वर्कशाप कराई जाये और उद्यमियों को इसमें आमंत्रित किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 55 लाख डीमैट एकाउंट है और देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में स्थापित कंपनियों को एनएसई, बीएसई पर लिस्ट कराने को प्राथमिकता दी जायेगी। फिक्की और लघु उद्योग भारती जैसे औद्योगिक संगठनों का एनएसई, बीएससी के साथ वर्चुअल संवाद कराया जाएगा जिससे औद्योगिक संगठन अधिक से अधिक कंपनियों को एनएसई, बीएससी पर लिस्ट कराने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित कर सकें।

# ड्रोन कैमरे से कराया जाएगा नालों का सर्वे

- निदेशालय को भेजे जाएंगे फोटोग्राफ्स व वीडियोग्राफी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में मानसून की दस्तक से पहले सरकार सभी इंतजामों को पुख्ता करने में जुट गई है। जलभराव के कारण लोगों को मानसून में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए बरसात से पहले नगरीय निकायों में नाले और नालियों की सफाई पूरी कराए जाने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। लखनऊ, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, कानपुर नगर, मेरठ के नगर निगम के नगर आयुक्तों के लिए गुरुवार को छोटे, बड़े और मझोले सभी नाले नालियों की साफ -सफाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत 25 जून तक कार्य को पूर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। इन नगर निगमों से प्राप्?त सभी जानकारी को 26 जून तक शासन को भेज दिया जाएगा। प्रदेश के निकायों में स्थित ऐसे सभी बड़े नालों जिनका सफाई काम पूरा हो चुका है और ऐसे नालों जिनका सफाई काम न होने के कारण पहले जलभराव हुआ हो वहां ड्रोन कैमरे से सर्वे कराया जाएगा। ड्रोन कैमरे से सर्वे कराए जाने के बाद उन नालों की स्थिति, लम्बाई, चौड़ाई और गहराई की पूरी जानकारी फोटोग्राफ्स व वीडियोग्राफ के साथ स्थानीय निकाय निदेशालय को भेजी जाएगी।

# ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए सात दिन का मौका

- अब तक 17.58 लाख उपभोक्ताओं को ब्याज में 293 करोड़ रुपये की राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश सरकार ने बकायेदार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त विद्युत भार वाले घरेलू एलएमवी-1 एवं निजी नलकूप 4 एलएमवी-5 तथा 5 किवा विद्युत भार के वाणिज्यक एमएमवी-2 श्रेणियों के उपभोक्ताओं के विलम्बित अधिभार ब्याज, सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान करते हुए एकमुश्त समाधान



योजना लागू की। यह योजना 30 जून तक लागू रहेगी और अब उपभोक्ताओं को योजना के तहत अपने बकाये पर छूट लेने के लिए 7 दिन शेष बचे है। इस योजना की अवधि अब पूर्ण होने को है उपभोक्ता जल्दी करे और अपने बकाये से मुक्ति पाए।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 22 जून तक ओटीएस योजना का 17.58 लाख उपभोक्ताओं ने लाभ लिया। योजना के तहत बुधवार तक 1125 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई और इस योजना से उपभोक्ताओं को अपने बिलों के भुगतान में 293 करोड़ रूपये की राहत मिली।

# पीएफआई का सक्रिय सदस्य रहा है तमिलनाडु से गिरफ्तार राज मोहम्मद

- आरएसएस कार्यालयों को उड़ाने की धमकी देने के मामले में किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के दो और कर्नाटक के चार स्थानों पर आरएसएस के कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पिछले दिनों एसटीएफ द्वारा तमिलनाडू से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त राज मोहम्मद का पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कनेक्शन का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार पुलिस कस्टडी रिमांड पर एसटीएफ की पूछताछ के दौरान राज मोहम्मद ने अपने पीएफआई से संबंधों की बात कुबूल की है। राज मोहम्मद को एसटीएफ ने बीती सात जून को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ लखनऊ के मड़ियांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मुकदमे में एसटीएफ ने उसे पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया और पूछताछ कर रही है। सूत्रों अनुसार ,राज मोहम्मद ने स्वीकार किया कि उसने वर्ष 2018 से 2021 के बीच पीएफ आई के सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर काम किया था। बाद में वह एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रटिक पार्टी आफ इंडिया) से जुड़ गया था। एटीएस उसके सोशल मीडिया एकाउंट और बैंक खातों की जांच कर रही है। राज मोहम्मद तमिलनाडु के पुदुकोट्टाई जिले के थिरुकोकर्णम थाना क्षेत्र स्थित रामलिंगम स्ट्रीट का रहने वाला है। एक व्हाट्सएप ग्रुप पर बम विस्फोट की धमकी के बारे में जानकारी मिलते ही यूपी एटीएस और लखनऊ के मड़ियांव थाने की संयुक्त टीम हवाई जहाज से तमिलनाडु पहुंच गई थी। दरअसल आरएसएस से जुड़े लखनऊ के एक व्यक्ति को अनजान नंबर से व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ने का का लिंक मिला था। इस ग्रुप में छह स्थानों पर बम विस्फोट करने की बात हो रही थी जिसमें चार कर्नाटक और दो यूपी के थे।

# छुट्टा गोवंश की देखभाल के लिए 40 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश की देखभाल के लिए 40 करोड़ रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए किया जाएगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 30 रूपये प्रतिदिन की दर से प्रति गोवंश के लिए किया जाएगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

# लोनिवि मंत्री ने इस्टीमेटर सॉफ्टवेयर का किया उद्घाटन

- फील्ड से सम्बन्धित कार्यों पर कर्मचारी अब अधिक से अधिक समय दे सकेंगे

### विभाग के सभी इस्टीमेट सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन ही भेजे जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के लोनिवि जितिन प्रसाद ने लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में इस्टीमेटर सॉफ्टवेयर का उदघाटन किया। सॉफ्टवेयर लॉचिंग के अवसर पर लोक निर्माण विभाग के समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े थे। लोक निर्माण मंत्री द्वारा सॉफ्टवेयर लॉचिंग के उपरान्त एक इस्टीमेट को ऑनलाइन मुख्यालय भेजने की टेस्टिंग भी की गई। जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार पारदर्शिता के लिए तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हर स्तर पर पारदर्शिता लाई जा रही है। विभाग के हर क्षेत्र में तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि वर्ल्ड क्लास तकनीकी का प्रयोग करते हुए वर्ल्ड क्लास सड़कें जनता को उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि विभाग का यह महत्वाकांक्षी कदम है। विभाग में इस तरह के और भी सकारात्मक सुधार किए जाते रहेंगे। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब लोक निर्माण विभाग के समस्त इस्टीमेट खण्डीय स्तर से मुख्यालय तक ऑनलाइन भेजे जाएंगे। इससे खण्ड के कर्मचारियों को इस्टीमेट मुख्यालय तक भेजने के लिए पूर्व की भाँति इस्टीमेट गठित कर अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगेए जिससे समय और पैसे की बचत के साथ साथ कार्यों में पारदर्शिता और तेजी भी आयेगी। जितिन प्रसाद ने कहा कि समस्त इस्टीमेट ऑनलाइन ही गठित होंगे तथा किसी स्तर पर इस्टीमेट में कमियां पाये जाने पर उसे आपत्ति लगा कर ऑनलाइन ही खण्डीय कार्यालय में वापस किया जा सकेगा तथा आपत्ति का निराकरण भी ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। इस्टीमेटर से आगणन गठित करने से स्टेशनरी, प्रिंटिंग, एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक आने जाने का खर्च भी बचेगा जिससे अब फील्ड के कर्मचारी अधिक से अधिक समय



NOTICE I SUDHIR KATARIA S/O SAT PAL KATARIA R/O 22/117, WEST PATEL NAGAR, CENTRAL DELHI, DELHI110008 HAVE BOOKED A RESIDENTIAL PLOT NO D-129 IN DLF GARDEN CITY LUCKNOW , THESE RECEIPTS ARE MISPLACED BY ME GDN/CRB/00189/0612 ,GDN/CRB/00093/1212, GDN/CRB/00092/0113,GDN/CRB/00055/0413,GDN/CRB/00027/0513,GDN/CRB/00200/0613 ,GDN/CRB/00079/0713 ,GDN/CRB/00032/0813 ,GDN/CRB/ 00132/1013, GDN/CRB/00174/1013 ,GDN/CRB/ 00006/1113, GDN/CRB/00062/0716 WHICH WAS ISSUED BY DLF LTD.- 9811130475

**सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेटस एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (कानून) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HDHLGRG00487682 (पहले डीएचएफएल का कर्ज खाता क्र. 00002714) 1. अमित कुमार शुक्ला 2. मंजू देवी | मकान नंबर 171/769, किला नंबर 27/29/2, 30, गली नंबर 18, खांडसा रोड, शिवाजी पार्क, गुड़गांव, हरियाणा | 20.05.2022 | रू. 58,02,006.45/- (अट्ठावन लाख दो हजार छह रुपये और पैंतालीस पैसे मात्र) 20.05.2022 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वगीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चो, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं

कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेन्स लि.
प्राधिकृत अधिकारी

स्थान: गुरुग्राम (हरियाणा)/बलिया (उत्तर प्रदेश)

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# प्रदेश का पहला ट्रांसजेंडर पुलिस सहायता केंद्र शुरू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** पहला ट्रांसजेंडर पुलिस सहायता केंद्र कमिश्नरेट के पश्चिमी जोन के कैसरबाग थाने में बृहस्पतिवार को खोला गया। इस केंद्र पर अब ट्रांसजेंडरों की शिकायतों पर 24 घंटे सुनवाई की जाएगी। सहायता केंद्र के लिए एक दरोगाए चार सिपाहियों की टीम तैनात की गई है। बृहस्पतिवार को एक सादे समारोह में डीसीपी पश्चिम सोमेन वर्मा और एडीसीपी पश्चिम चिरंजीवनाथ सिन्हा ने केंद्र का उद्घाटन किया। एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा के मुताबिकए समाज के थर्ड जेंडर समुदाय को खुलकर अपनी बात रखने के लिए यह सहायता केंद्र बनाया गया है। यहां पर ट्रांसजेंडरों की शिकायत मिलते ही जांच शुरू कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए महिला दरोगा संगम यादव को नियुक्त किया गया है जिनके सहयोग में चार सिपाहियों की तैनाती की गई है।

**सोशल मीडिया के जरिए आत्मदाह की धमकी देने का मामला**

## नाबालिग किशोरी बरामद, शोहदा गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के कैंपवेल रोड पर रहने वाले एक कारोबारी की नाबालिग युवती की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद मंगलवार को तमाम तरह के मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद किशोरी को बरामद करते हुए आरोपी को दबोचकर सलाखों के पीछे भेज दिया। सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज में कहा गया कि लापता हुई युवती अपने घर से लाखों रुपए की नकदी और जेवरात लेकर संदिग्ध हालात में गायब हुई और उसने अपने हाथ की नसें काट कर सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर हाथ की फोटो वायरल की और अपनी लोकेशन घंटाघर के आसपास बताई।

सोशल मीडिया पर नाबालिग युवती से संबंधित वायरल हुए सनसनीखेज मैसेज के बाद ठाकुरगंज पुलिस ने घंटा घर के आसपास का कोना कोना छान मारा लेकिन नाबालिग युवती का कोई पता नहीं चला लेकिन पुलिस लापता हुई युवती की तलाश में जुटी हुई थी और पुलिस के द्वारा युवती और उसके मिलने जुलने वाले ने लोगों के नंबरों को सर्विलांस पर लगाया और नंबरों की कॉल डिटेल निकाली तो पुलिस को युवती के पास पहुंचने में देर नहीं लगी पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करने के 24 घंटे के अंदर ही ये पता लगा लिया कि नाबालिग युवती को कैम्पबेल रोड का रहने वाला सद्दाम उर्फ समीर बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से गुमशुदा हुई युवती को 24 घंटों के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चंद के अनुसार युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी सद्दाम उर्फ समीर युवती के घर मे ही किराए पर रहता है और चार माह पहले सऊदी अरब से आया था। युवती करीब 4 लाख रुपए और कुछ जेवरात लेकर गई थी लेकिन इंस्पेक्टर हरिशंकर चंद का कहना है कि जांच में पता चला कि युवती अपने घर से 36 बाज़ार रुपए लेकर ही गई थी ।

## सिपाही ने पिकप ड्राइवर को पीटा, हुआ हंगामा

**मोहनलालगंज।** स्कूटी सवार से तकरार कर रहे पिकप लोडर ड्राइवर को सिपाहियों ने पीट दिया। सिपाही के डण्डे से पिकप लोडर का शीशा टूट गया जिससे पिकप ड्राइवर जख्मी हो गया। मौके पर जुटी भीड़ विरोध जताकर हंगामा करने लगी जिस पर सिपाही भाग खड़े हुए। लोगों के साथ थाने पहुंचे पीड़ित पिकप ड्राइवर ने आपबीती बताई। लेकिन बाद में उसने शिकायत नहीं दी। रायबरेली के श्यामगंज निवासी सलमान पिकप लोडर पर सामान लादकर हरदोई जा रहा था। मोहनलालगंज कस्बे में वह जैसे ही नई जेल रोड तिराहे पर पहुंचा रांग साइड से स्कूटी सामने आ गई। इस पर दोनों में तकरार होने लगी। जाम लगता देख चौराहे पर ड्यूटी कर रहे सिपाही ने पिकप ड्राइवर सलमान पर डण्डे से वार कर दिया। जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया और सलमान जख्मी हो गया। पिकप ड्राइवर सलमान के चेहरे से खून का रिसाव देख वहां से गुजर रहे लोग आक्रोशित होकर हंगामा करने लगा। लोगों का विरोध देख सिपाही वहां से खिसक लिए। पीड़ित सलमान को लेकर लोग कोतवाली पहुंच गए।

## 15 दिनों में वाहनों का फिटनेस व प्रदूषण सर्टिफिकेट लें

**● पर्यावरण प्रदूषण के साथ ही राजस्व की भी हानि होती है**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि 15 दिनों के अंदर समस्त पंजीकृत सरकारी वाहनों का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र से आच्छादित कराया जाए। इस संबंध में अपर परिवहन आयुक्त राजस्व देवेन्द्र कुमार ने बताया कि बिना इंश्योरेंस, प्रदूषण सर्टिफिकेट के गतिमान सरकारी वाहनों के रख-रखाव के जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों के उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 के नियम-115 में निर्धारित उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। प्रदेश में 60545 सरकारी वाहन पंजीकृत हैं जिसमें से मात्र 18279 वाहन ही प्रदूषण मुक्त प्रमाण पत्र से आच्छादित हैं। यह संख्या कुल पंजीकृत शासकीय वाहनों के सापेक्ष बहुत कम है। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों को 15 दिन का समय दिया गया है कि वे अपने-अपने वाहनों का प्रदूषण सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस एवं फिटनेस करा लें। परिवहन मंत्री के निर्देश हैं कि बिना फिटनेस एवं प्रदूषण सर्टिफिकेट के कोई भी वाहन सड़क पर न चलें। इससे एक ओर जहां पर्यावरण को नुकसान होता है वहीं दूसरी तरफराजस्व की भी हानि विभाग को उठानी पड़ती है तथा दुर्घटना की संभावना भी अधिक होती है।

## महिला राजस्व निरीक्षक ने वकीलों पर दर्ज कराया मुकदमा

**मोहनलालगंज।** वरासत दर्ज कराने को लेकर वकीलों और महिला राजस्व निरीक्षक में विवाद हो गया। राजस्व निरीक्षक ने एक नामजद समेत दर्जनभर अज्ञात वकीलों पर तहसीलदार आवास में घुसकर अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाकर मोहनलालगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। उधर वकीलों ने भी राजस्व निरीक्षक पर अभद्रता और रिश्वत मांगने का आरोप लगाकर तहरीर दी है। मोहनलालगंज तहसील में कार्यरत महिला राजस्व निरीक्षक और वकीलों में वरासत दर्ज करने को लेकर विवाद हो गया। महिला राजस्व निरीक्षक ने वकील वैभव समेत अन्य अज्ञात वकीलों पर बिना दस्तावेज दिए तुरन्त वरासत दर्ज करने का दबाव बनाने और मना करने पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। राजस्व निरीक्षक ने बीचबचाव करने आए ड्राइवर से भी बदसलूकी का आरोप लगाया। राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। गुरुवार को मामले की भनक लगते ही वकील आक्रोशित हो गए।

## मंदबुद्धि युवती से युवक ने की छेड़छाड़ केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** शौच के लिए जा रही 25 वर्षीय मंदबुद्धि युवती के साथ लवल में रहने वाले पुनीत ने छेड़छाड़ की। युवती के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़ता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी के खिलाफमामला दर्ज किया है। मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती शनिवार की शाम को शौच के लिए गई थी। तभी युवती को अकेला पाकर आरोपी युवक ने छेड़छाड़ शुरु कर दी और युवती को खींच कर खेत में ले जाने का प्रयास करने लगा। युवती ने शोर मचा दिया। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़िता के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि पीड़िता मंद बुद्धि है मामले की जांच की जा रही है।

**ढाई माह के दूधमुंहे बच्चे की जलाकर हत्या करने का मामला**

## मुल्जिमों को सश्रम आजीवन कारावास

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** विशेष जज रेखा शर्मा ने ढाई माह के नवजात बच्चे की जलाकर हत्या करने के मामले में मुल्जिम रामानंद यादव व राजू यादव को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इन दोनों पर अलग अलग 17 हजार 500 का जुर्माना भी ठोंका है। 17 दिसंबर 2005 को बच्चे के पिता राजेश कुमार सिंह की अर्जी पर अदालत के आदेश से इस मामले की एफआईआर थाना मड़ियांव में दर्ज हुई थी। सरकारी वकील एमपी तिवारी व केके साहू के मुताबिक अदालत के आदेश से ठीक एक माह पहले बच्चे की मौत की घटना हुई थी। उस दिन राजेश का ढाई माह का बच्चा गोपाल झोपड़ी में अकेले बिस्तर पर सो रहा था। राजेश मजदूरी करने गया था जबकि उसकी पत्नी सूलोचना परचून की दुकान पर गई थी। राजेश की अपने पड़ोसी मुल्जिमों से रंजिश थी। मुल्जिम उससे झोपड़ी खाली कराना चाहते थे। उन्होंने इसी रंजिश में बच्चे के बिस्तर में आग लगा दिया था। राजेश ने इस इस वारदात की सूचना थाना मड़ियांव को दी। लेकिन पुलिस ने कुछ दिन तक मुल्जिम रामानंद को थाने पर रखने के बाद छोड़ दिया था। अंत में राजेश ने अदालत में अर्जी दाखिल कर मुल्जिमों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की थी। अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304, 436, 506 व 427 में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## नौकरी के नाम पर धन ऐंठने के मामले में मुल्जिम की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज विनय कुमार सिंह ने वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर रकम ऐंठने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम अरविंद यादव की जमानत अजी खारिज कर दी है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिम का अपराध गंभीर प्रकृति का है। इस प्रकार का कृत्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों में सुचिता को लेकर अविश्वास पैदा करता है। उनमें कुंठा की भावना उत्पन्न होती है। लिहाजा जमानत अर्जी स्वीकार करने योग्य नहीं है। दो अगस्त 2021 को इस मामले की एफआईआर मेट्रो में सुपरवाइजर के पद पर तैनात राम गोपाल यादव ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इन्होंने अपने बेटे की नौकरी के लिए मेट्रो में गार्ड के पद पर तैनात आनंद सिंह को पैसे दिए थे। कई और लोगों ने भी रकम दिया था। सरकारी वकील ज्वाला प्रसाद शर्मा के मुताबिक विवेचना में आनंद के साथ ही अरविंद व अन्य मुल्जिमों का नाम भी सामने आया। इनके पास से फर्जी नियुक्ति पत्र व परिचय पत्र के अलावा वन विभाग का मोनोग्राम वाला लिफाफा आदि बरामद हुआ था। इस मामले में अन्य मुल्जिमों की जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी है।

## स्लैब परिवर्तन नहीं होने के संकेत से बिजली उपभोक्ताओं को राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली कंपनियों के वार्षिक राजस्व आवश्यक्ता पर सुनवाई में स्लैब परिवर्तन के प्रस्ताव में कोई रूचि नहीं लेने के बाद यह माना जा रहा है कि बिजली कंपनियों द्वारा स्लैब परिवर्तन के माध्यम से बिजली दरें बढ़वाने की कोशिश नाकाम हो गई है। उपभोक्ता संगठनों ने अब शुक्रवार को होने वाली सुनवाई में बिजली दरें कम करने का मुद्दा जोर शोर से उठाने की तैयारी है।

बिजली कंपनियों के वार्षिक राजस्व आवश्यक्ता एआरआर वर्ष 2022-23 पर आयोग ने मंगलवार और बुधवार को लगातार दो दिनों तक सार्वजनिक सुनवाई वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से की। दोनों दिन बिजली कंपनियों ने स्लैब परिवर्तन के प्रस्ताव पर प्रस्तुतिकरण देने की कोशिश की जिसे आयोग चेयरमैन ने रोक दिया। आयोग द्वारा प्रस्तुतिकरण नहीं देखा जाना और बिना विज्ञापन किए प्रस्ताव दिए जाने पर आपत्ति दर्ज करने के बाद इस बात को बल मिला है कि बिजली दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होने वाली है। शुक्रवार को नियामक आयोग फिर से सुनवाई करेगा। इस सुनवाई में उपभोक्ता संगठन बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के निकल रहे करीब 22 हजार करोड़ रुपये के एवज में बिजली दरें कम किए जाने का मुद्दा जोरशोर से उठाने की तैयारी में हैं। बिजली कंपनियों द्वारा एआरआर में बढ़ाकर दिखाए गए लाइनलास के आंकड़ों पर भी आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी संगठनों ने की है। शुक्रवार की सुनवाई के बाद 27 जून को राज्य सलाहकार समिति की बैठक में बिजली दरों पर गहन मंथन होगा। इस बैठक के बाद आयोग जुलाई में बिजली कंपनियों के एआरआर के साथ ही बिजली दरों पर अपना फैसला देगा। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि स्लैब परिवर्तन पर आयोग की तरफ से कोई फैसला नहीं लिया जाएगा। आयोग ने जब इसे सुनवाई का हिस्सा ही नहीं माना तो इस मुद्दे पर फैसला क्यों देगा। बिजली कंपनियां बिना टैरिफ विज्ञापन निकाले स्लैब परिवर्तन का प्रस्ताव लेकर आयोग में गईं थी जो कि नियम संगत नहीं था। अवधेश वर्मा का कहना है कि शुक्रवार को प्रदेश में वितरण क्षेत्र की पहली निजी कंपनी नोएडा पावर कंपनी के एआरआर पर सुनवाई होगी। इस कंपनी का कार्यकाल 30 अगस्त 2023 को समाप्त हो रहा है। आयोग से मांग की जाएगी कि इस कंपनी के संसाधनों की जांच कराई जाए। यूपी ट्रांसमिशन कंपनी की सुनवाई भी शुक्रवार को ही होगी।

### कल शाम से 41 घंटे तक बंद रहेगा बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन

**लखनऊ।** उपभोक्ता बिजली विभाग के झटपट संयोजन पोर्टल पर 25 जून की शाम से 41 घंटे तक बिजली के नए कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। पावर कारपोरेशन के आईटी विभाग ने 25 जून की शाम पांच बजे से 27 जून की सुबह 10 बजे तक पोर्टल का क्लाउड बदलने के लिए शटडाउन लिया है। जिसकी वजह से इस अवधि में पोर्टल बंद रहेगा। इस अवधि में इस पोर्टल को उप्र पावर कारपोरेशन द्वारा खरीदे गए अजूरा क्लाउड पर स्थानांतरित करने का काम किया जाएगा। पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने यह जानकारी दी है। यूपीडेस्को के माध्यम से संचालित यह पोर्टल अभी एडब्ल्यूएस क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर पर है।

## कंटेनर से टकराई कार युवक की मौत, साथी घायल

**मोहनलालगंज।** शादी समारोह से लौट रहे उन्नाव जिले के दिनेश प्रताप अरुण की कार मोहनलालगंज के मऊ में कंटेनर से टकरा गई। जिससे कार सवार दिनेश व उनका मित्र गम्भीर रुप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया। उन्नाव जिले के अजमत गढी में रहने वाले दिनेश अपने मित्र सफीपुर में रहने वाले अजय कुमार के साथ बुधवार की शाम हरचन्दपुर शादी समारोह में सामिल होने गए थे। जहां से वापस आते समय जब मोहनलालगंज के पास पहुंचे तो कार के आगे चल रहे कंटेनर ने अचानक मोड़ दिया जिससे उसमें कार टकरा गई। टक्कर से कार सवार दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी मोहनलालगंज पहुंचाया जहां डाक्टरों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि अजय का इलाज चल रहा है।

## वन मंत्री से मिले वन संरक्षक संघ के प्रतिनिधि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** वन रक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यमंत्री स्वतंत्र वन, पर्यावरण जन्तु उद्यान विभाग डा. अरूण कुमार सक्सेना से उनके कार्यालय कक्ष बापू भवन में मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों से उन्हें अवगत कराते हुए उसके शीघ्र निस्तारण की मांग रखी। प्रतिनिधि मण्डल में उत्तर प्रदेश वन रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सिंह, महामंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार और वरिष्ठ संयुक्त मंत्री गौरव कुमार शामिल थे। महामंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि संघ की तरफ से वन रक्षक, वन्य जीव रक्षकों का वेतन लेखपाल के सदृश्य, गुजरात एवं बिहार वन निगम की भाँति प्रदेश के वन रक्षक, वन्य जीव रक्षकों को वर्दी पर एक स्टार की अनुमति, राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची जारी करने और शहीद वन कार्मिको को मिलने वाली असाधरण पेंशन में व्याप्त विसंगतियों को दूर कराने के लिए वित्त विभाग को निर्देशित करने की मांग की गई। मंत्री ने सभी मांगों को गम्भीरता से सुनने के उपरान्त सकारात्मक निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया।

## अखिलेश ने की दारोगा भर्ती परीक्षा की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

**● सपा अध्यक्ष ने कहा परीक्षा रद्द कर पुनः की जाए आयोजित और दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की 2021 की दारोगा भर्ती प्रक्रिया की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच एसआईटी से कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराने, परीक्षा रद्द कराकर पुनः दारोगा भर्ती परीक्षा आयोजित कराने की मांग की है ताकि दारोगा जैसे महत्वपूर्ण पद पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो सके।

यादव ने कहा अभी हाल में 12 जून 2022 को दारोगा भर्ती का रिजल्ट जारी किया तब फिर उसमें घोटाला कर दिया गया। कई अभ्यर्थी ऐसे हैं जो सामान्य वर्ग और अतिपिछड़ा वर्ग से आते हैं। उनको सरकार ने किसी को अनुसूचित जाति और किसी को अनुसूचित जनजाति का बना दिया। उत्तर प्रदेश दारोगा भर्ती नियमावली में साफ तौर स्पष्ट लिखा है कि अन्य राज्य का अभ्यर्थी सामान्य वर्ग में ही गिना जाएगा लेकिन रिजल्ट में उनको अनुसूचित जाति व अनुसूचित जाति का आरक्षण दे दिया गया। कई अभ्यर्थी ऐसे हैं जो शारीरिक परीक्षा में फेल हैं फिर भी उनका फ इनल रिजल्ट में नाम है।अखिलेश यादव से दारोगा भर्ती के अभ्यर्थियों विजय मिश्रा, जयसिंह यादव, सावन शर्मा आदि ने मिलकर ज्ञापन दिया जिसमें कहा गया है कि दारोगा भर्ती के लिए 6 राज्यों में ब्लैक लिस्ट फर्म एनएसईआईटी को भर्ती परीक्षा का टेंटर क्यों दिया गया जबकि यह फर्म 2017 की दारोगा भर्ती परीक्षा में भी गड़बड़ी कर चुकी है तब फिर परीक्षा रद्द कर उसे ही पुनः परीक्षा कराने का टेंडर क्यों दिया गया। भाजपा सरकार ने एसटीएफ द्वारा प्रतिबन्धित सेंटरों में परीक्षा करा दी।

## भाजपा ने उपुचनाव में सत्ता का किया दुरुपयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा अध्यक्ष** अखिलशे यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने आजमगढ़ और रामपुर के लोकसभा उपचुनावों में सत्ता का दुरूपयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मतदान को प्रभावित करने के लिए तमाम तरह के अवरोध खड़े किए गए। स्थानीय पुलिस से पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कराया गया तथा भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए उन पर नाजायज दबाव डाला गया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से की गई शिकायतों के बावजूद भी निर्वाचन मशीनरी कई मतदान केन्द्रों पर मूकदर्शक बनी रही। फिर भी मतदाताओं ने भाजपा को हराने का काम किया है। सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुंचाने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को ताक पर रख दिया गया। मतदाताओं को निर्भयता के साथ मतदान नहीं करने दिया गया। भाजपा द्वारा सभी संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने का काम किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन के द्वारा मतदान में बाधा डाली जा रही है। मतदान केन्द्रों पर कब्जा करके फर्जी वोटिंग की गई। कई बूथों पर ईवीएम में खराबी पाई गई। अखिलेश ने आरोप लगाया कि आजमगढ़ लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़, मेहनगर के सभी मतदान केन्दों से एक साजिश के तहत सपा के सभी बूथ एजेंटो को बाहर निकाल दिया गया। डीएवी डिग्री कालेज आजमगढ़ के मतदान केन्द्र पर बीएलओ भाजपा के पक्ष में मतदान कराने का दबाव बनाती दिखी। टांडा में मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया, वहां पोलिंग रुकवा दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उपचुनाव में अपनी हार से घबराकर जारी मतदान को प्रभावित करने के लिए रामपुर के स्वार विधानसभा में सत्ता के जोर से मतदाताओं को मतदान करने से रोका गया है। अल्पसंख्यक महिला मतदाताओं को मतदान करने से रोका गया। स्वार के हरदयाल इलाके में महिला मतदाताओं के पास वोटर पर्ची होने के बाजवूद उन्हें वोट डालने से रोकने और पर्ची छीनने की घटना निंदनीय है। स्वार के नरपत नगर केन्द्र पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज कर भय का माहौल पैदा करके मतदान में बाधा डालने का प्रयास किया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के प्रति जनता में हर ओर विरोध की लहर चल रही है। भाजपा के झूठे वादों और विपक्ष के प्रति अपमानजनक रवैये से लोग त्रस्त हैं। महंगाई और बेरोजगारी से लोग परेशान है।

## देश के विकास के लिए राष्ट्रभक्ति और अनुशासन जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शौर्य** चक्र से सम्मानित नायक आदर्श कुमार अरोड़ा ने आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित राष्ट्रहित सर्वोपरि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सुख-समृद्धि का वातावरण होना चाहिए था लेकिन अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना में कमी होने के कारण कुछ समस्याएं सामने आ खड़ी हैं। ऐसे में हमारे अंदर देश के प्रति कर्तव्य और दृढ़ संकल्प होना चाहिए, ताकि देश का सम्पूर्ण विकास हो सके। यह कार्यक्रम सरस्वती कुंज, निराला नगर के प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) उच्च तकनीकी (डिजिटल) सूचना संवाद केन्द्र में विद्या भारती, एकल अभियान, इतिहास संकलन समिति अवध, पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं विश्व संवाद केन्द्र अवध के संयुक्त अभियान में चल रहा है। भोपाल एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए चिकित्सा जगत से जुड़े लोग भी पीछे नहीं रहते है। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य को लेकर हमेशा सचेत रहना चाहिए। जब हम स्वस्थ रहेंगे, तभी मां भारती की रक्षा कर सकेंगे। हमारे सेना के जवान भी कई मेडिकल टेस्ट को पास करने बाद ही सेना में भर्ती किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने देश के लिए कुछ करना चाहते हैं और उसके विकास में कुछ योगदान देना है तो उसके लिए हमारा स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन में अनुशासित और निरोग रहने के लिए व्यायाम करने की सलाह दी। लविवि के प्रोफेसर मनोज अग्रवाल ने कहा कि भारत सदैव से स्वावलम्बी रहा है। गांवों में शहरों से अधिक स्वावलम्बन देखने को मिल रहा है, क्योंकि वह अपनी संस्कृति और परम्परा से जुड़े हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में संस्कृति का बहुत ही विकृति स्वरूप आ गया है, हमें इस पर विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पहले हमारी संस्कृति और धरोहरों को नष्ट करने का कार्य किया गया है, इसीलिए आज जनजागरण चलाने की जरूरत महसूस हो रही है। कार्यक्रम अध्यक्ष अवध प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक राजेंद्र बाबू ने कहा कि विद्या भारती ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण कर रही है जो हिन्दुत्वनिष्ठ एवं देशभक्ति से ओतप्रोत हो।

## जनप्रतिनिधियों का फोन अवश्य उठाएं अधिकारीः सीएस



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों का फोन जरूर रिसीव करें। उनकी समस्याओं पर कार्रवाई कर उन्हें अवगत भी कराएं। वे जिलों के आला अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर पिछड़े आकांक्षात्मक नगरीय क्षेत्रों को विकसित करने के संबंध में निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी और मंडल आयुक्त अपने.अपने जिलों और मंडलों में जलभराव वाले इलाकों की समीक्षा कर बाढ़ बचाव के उपाय करें। उन्होंने कहा कि फाइलें व वित्तीय प्रस्ताव ज्यादा दिन तक लंबित नहीं रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने में हर जिले का योगदान आवश्यक है। स्टार्टअप और न्यू स्किल के साथ हर अच्छे काम को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित और प्रसारित करें। लखीमपुर खीरी के डीएम ने केले के रेशे से बने उत्पादों का प्रस्तुतीकरण दिया। औरैया के डीएम ने कबाड़ से बनने वाले साइंस मॉडल का प्रजेंटेशन दिया। संतकबीर नगर के डीएम ने जलभराव रोकने के प्रभावी उपायों का प्रस्तुतीकरण दिया

## बिल्डर के खिलाफ मित्र कल्याण समिति ने की रेरा में शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आइओबियन** मित्र कल्याण समिति ने यूपी रेरा के सचिव राकेश कुमार तयागी से मिलकर बिल्डर के खिलाफ रेरा द्वारा शीघ्र आरसी रिकवरी सटीफिकेट जारी करने तथा बिल्डर के खातों के फारेंसिक आडिट के लिए आवेदन पत्र दाखिल किया। रेरा सचिव द्वारा निवेशकों के निवेदन पर समुचित नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। जिस पर रेरा यदि शीघ्र कार्रवाई करता है तो बिल्डर द्वारा किए गए घोटालों का खुलासा हो सकता है और निवेशकों द्वारा जमा की गई रक़म की वसूली हो सकती है। समिति जो कि 400 सदस्यों का एक रजिस्टर्ड संगठन है जिसके सदस्यों द्वारा अग्रणी होम्स प्राइवेट लिमिटेड की आइओबी नगर वाराणसी की कम कीमत की आवासीय योजना में वर्ष 2014 में आवास बुक किया था लेकिन बिल्डर द्वारा योजना शुरू ही नहीं की गई जिसकी शिकायत यूपी रेरा लखनऊ में वर्ष 2019 में की गई थी। बिल्डर के खिलाफ रेरा द्वारा धन वापसी के वर्ष 2020 और 2021 में जारी किए गये आदेशों का भी बिल्डर द्वारा कोई अनुपालन आज तक नहीं किया गया है। इस बिल्डर के विरूद्ध रेरा में करीब 614 शिकायतें दर्ज की गई थीं। बिल्डर के रवैये से क्षुब्ध होकर आइएमकेएस के 35 से 40 सदस्यों ने रेरा में शिकायत की।

# सहायक प्रबंधक यूपीसीडा वाराणसी निलम्बित

● अब उद्यमियों का उत्पीड़न करने वाले अधिकारियों की खैर नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**औद्योगिक** विकास विभाग के जो भी अधिकारी एवं कर्मचारी उद्यमियों का उत्पीड़न करते हैं बिना किसी कमी के उन्हें परेशान करते हैं वे सम्भल जाएं। क्योंकि अब ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों की खैर नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उद्योगों के विकास की जिम्मेदारी मिलने के बाद कड़ी कार्रवाई कर बेलगाम अधिकारियों व कर्मचारियों को यह संदेश दिया है। पिछले दिनों उद्यमी द्वारा मंत्री नन्दी से मुलाकात कर की गई शिकायत के बाद मंत्री नन्दी के आदेश पर हुई जांच में वाराणसी के करखियांव औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी की शिकायत सही मिलने और जिम्मेदार अधिकारी की कार्रवाई गलत साबित होने पर सहायक प्रबंधक यूपीसीडा बजरंग प्रसाद मौर्य को निलम्बित कर दिया गया है। वाराणसी के करखियांव औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री मेसर्स नेचर फ्रेश इंटरप्राइजेज लिमिटेड का 15 अप्रैल 2019 को यूपीसीडा वाराणसी की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया था। जिसमें जांच के बाद औद्योगिक इकाई द्वारा उत्पादनरत न होना बताया गया था। जिसके खिलाफ नेचर फ्रेस इंटरप्राइजेज द्वारा शिकायत की गई थी। यूपीसीडा द्वारा की गई कार्रवाई को गलत बताया गया था। पिछले दिनों नन्दी से मुलाकात कर नेचर फ्रेश इंटरप्राइजेज लिमिटेड के उद्यमी द्वारा वाराणसी स्थित फैक्ट्री के बारे में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत कर उद्यमी को उत्पीड़ित किए जाने की शिकायत की गई थी जिस पर मंत्री नन्दी ने जांच कर यथोचित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। प्रारम्भिक जांच में विभाग द्वारा उद्यमी की शिकायत सही पाए जाने और विभागीय अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई प्रथम दृष्टया गलत पाए जाने पर मंत्री नन्दी के आदेश पर यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी द्वारा इस मामले में दोषी अधिकारी सहायक प्रबंधक सिविल बजरंग प्रसाद मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

## पीजीआई में भर्ती हुए नन्दी, आज होगा ऑपरेशन



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी गुरूवार को एसीजीपीजीआई में एडमिट हुए। जहां परामर्श एवं जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी। शुक्रवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी का ऑपरेशन होगा। जिसकी जानकारी औद्योगिक विकास मंत्री ने अपने समर्थकों व शुभचिंतकों को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। फेसबुक और ट्वीटर पर पोस्ट कर उन्होंने अपनी बीमारी व ईलाज के बारे में सभी को अवगत कराया। मंत्री नन्दी ने सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट में लिखा कि डाक्टरों के परामर्श से एक छोटे से ऑपरेशन के लिए पीजीआई में भर्ती हुआ! ऑपरेशन से पूर्व सभी आवश्यक परीक्षण हार्ट, बीपी, शुगर, ब्लड की जाँच हो गयी है! 24 जून को एनेस्थीसिया के साथ ऑपरेशन शेड्यूल है! ऑपरेशन छोटा हो या बड़ा लेकिन ऑपरेशन तो ऑपरेशन ही होता है! आपकी प्रार्थनाओं और आशीर्वाद ने सदैव हमें हिम्मत और सम्बल दिया है! जीवन के प्रत्येक क्षण आपकी शुभकामनाओं ने हमें मजबूती दी है! मनोकामना पूर्ति मन्दिर भगवान भोलेनाथ की कृपा एवं आप सभी शुभचिन्तकों के स्नेहाशीष से जल्द ही पूर्ण स्वस्थ होकर पुन: आपकी सेवा में उपस्थित रहूँगा!

# माध्यमिक स्कूलों में तबादले के लिए आवेदन आज से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजकीय** इंटर व हाईस्कूलों के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, प्रवक्ता आदि के तबादले के लिए आवेदन शुक्रवार से लिए जाएंगे। 27 जून की दोपहर तक आवेदन किए जा सकेंगे। 30 जून तक तबादला सूची जारी करने की तैयारी है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव शम्भु कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। स्थानान्तरण के लिए जिला, स्कूल, विषयवार रिक्तियों का प्रदर्शन वेबसाइट पर किया जाएगा। इसके लिए मानक तय कर दिए गए हैं। गंभीर बीमारी, पति-पत्नी की तैनाती वाले जिलेए तलाकशुदा शिक्षक या शिक्षिका आदि के लिए मानक के नंबर तय किए गए हैं। आवेदन पत्र सत्यापन एवं अग्रसारण की कार्यवाही जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे। किसी प्रकार की शिथिलता गलत सत्यपान अग्रसारण सामने आने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधीन विभिन्न संस्थानों में कार्यरत माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित, नियुक्त प्रधानाध्यापक, उप प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, सहायक अध्यापक के समकक्ष पदधारकों को भी इस स्थानान्तरण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। ऑनलाइन स्थानान्तरण के लिए आवेदन करने वालों की पिछले तीन वर्षों की गोपनीय आख्या उत्कृष्ट श्रेणी की होनी चाहिए और उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में शिक्षकों को नहीं मिलेंगे तबादले। मेरठ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी में जिला मुख्यालय के आठ किमी के अंदर नहीं मिलेगा तबादला।,

## रिटायर आईपीएस के घर चोरी

**लखनऊ।** गोमतीनगर में चोर रिटायर आईपीएस अफसर विपिन शर्मा के मकान का ताला तोड़ सामान बटोर ले गए। पेड़ों में पानी डालने के लिए आई नौकरानी ने सूचना विपिन को दी। उन्होंने गोमतीनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं सरोजनीनगर में व्यापारी के घर से चोर करीब दस लाख के गहने बटोर ले गए हैं। विशालखण्ड-4 निवासी विपिन शर्मा रिटायर आईपीएस हैं। उनका बेटा अमेरिका में रहता है। विपिन तीन माह के लिए बेटे के पास गए हैं। अमेरिका जाने से पूर्व उन्होंने घर के सभी कमरों में ताला लगाया और मेन गेट की चाभी रिंकू उर्फ नैना को दे गए थे। विपिन के मुताबिक नैना कुछ वक्त पहले गांव चली गई थी। इसकी सूचना उसने दी थी। नैना की बेटी मालती मंगलवार साफ-सफाई के लिए घर पहुंची थीं जहां उसे ताले टूटे मिले। मालती ने फोन कर विपिन को सूचित किया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दिनेश मिश्र के अनुसार विपिन शर्मा ने फोन कर सूचना दी है। चोरी का मुकदमा लिखा गया है। वहीं सरोजनीनगर त्रिपुरारीनगर निवासी अजय परिवार संग नैनीताल घूमने गए हैं। इस बीच चोरों ने मकान में घुसकर दस लाख के गहने और एक लाख रुपये कैश साफकर दिया। 19 जून को लौटने पर अजय को घटना का पता चला। सरोजनीनगर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है।

## ओवरलोड ट्रकों के विरुद्ध चलाएं अभियानः मंत्री

**लखनऊ।** उप्र के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश है कि ओवरलोड ट्रकों का संचालन बन्द होना चाहिए। इससे सड़कों की हानि के साथ सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा है कि 23 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाकर अधिकाधिक वाहनों को निरूद्ध कराना सुनिश्चित करें। उप परिवहन आयुक्त श्री निर्मल प्रसाद ने बताया कि सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों एवं यात्रीकर अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया गया है।

## कृषि विकास पर कार्यशाला में शामिल होंगे योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ 24 जून को प्रदेश में कृषि क्षेत्र के विकास से सम्बन्धित एक दिवसीय कार्यशाला के समापन-सत्र में सम्मिलित होंगे। यह कार्यशाला योजना भवन लखनऊ में आयोजित होगी। प्रदेश में कृषि के विकास के लिए रोड मैप तैयार करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश एवं प्रदेश के शीर्ष वैज्ञानिकों द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। तदोपरान्त कार्यशाला में विचार-मंथन से निकले महत्वपूर्ण बिन्दुओं का प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के समक्ष किया जाएगा।

# महाराष्ट्र में गोलीकांड को अंजाम देकर फरार चल रहे दो बदमाश वाराणसी से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**महाराष्ट्र** के मीरा भाइंदर वसई विरार पुलिस कमिश्नरेट के तुलिंज थाना क्षेत्र में बीते वर्ष फरवरी माह में दो व्यक्तियों पर फायरिंग कर कातिलाना हमला करने के आरोपी दो बदमाशों को एसटीएफ ने वाराणसी से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के अनुसार बीती 14 फरवरी 2021 की रात नौ बजे थाना तुलिन्ज क्षेत्रान्तर्गत मोरेगांव में बलराम गुप्ता निवासी नाला सुपारा, ईस्ट मोरेगॉव मुम्बई व राजकुमार गुप्ता निवासी नाला सुपारा ईस्ट मोरेगांव मुम्बई पर जान मारने की नीयत से फायरिंग करते हुए धारदार हथियार से हमला किया गया था। जिसमें बलराम गुप्ता व राजकुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस सम्बन्ध में थाना तुलिन्ज पर मुकदमा हुआ था।

उक्त घटना के सम्बन्ध में संदिग्ध शूटरों का सम्बन्ध यूपी से होने पर मीरा भाइंदर वसई विरार क्राइम ब्रांच द्वारा अभिसूचना को साझा करते हुए यूपी एसटीएफ से आवश्यक सहयोग मांगा गया। इस संबंध में एसटीएफ की वाराणसी फील्ड इकाई को लगाया गया। एसटीएफ ने सटीक सूचना के आधार पर बृहस्पतिवार को घटना में शामिल शातिर अपराधी राजकुमार उर्फ लाला कुशवाहा व धीरज यादव को सारनाथ ओवरब्रिज के पास थाना सारनाथ, वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस विवेचना से पाया गया कि वर्ष 2016 में बबुआ उर्फ चन्द्रशेखर गुप्ता, जो मुम्बई में स्थानीय स्तर पर वसूली आदि करता था उसके भाई की मुम्बई में हत्या हो गयी थी। चन्द्रशेखर को लगा कि इसके भाई की हत्या बलराम गुप्ता ने कराया है। बबुआ उर्फ चन्द्रशेखर ने बलराम गुप्ता से अपने भाई की हत्या का बदला लेने के लिये राजकुमार उर्फ लाला कुशवाहा को 3 लाख रुपए दिया। जिस पर राजकुमार उर्फ लाला कुशवाहा ने अपने साथियों के साथ मिलकर 14 फरवरी 2021 को सरेराह बाजार में बलराम गुप्ता एवं साथ में मौजूद राजकुमार गुप्ता पर फायरिंग करते हुए नारियल काटने वाले धारदार हथियार से भी हमला कर दिए तथा दोनों को मृत समझकर वे सभी मौके से फरार हो गए थे। इस घटना में बलराम गुप्ता एवं राजकुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना में शामिल राजकुमार उर्फ लाला कुशवाहा व धीरज यादव घटना के बाद में वाराणसी के आसपास लुकछिप कर रह रहे थे।

# कानपुर से लखनऊ गृह प्रवेश समारोह में आए चालक की हत्या

**लखनऊ।** कानपुर से लखनऊ गृह प्रवेश समारोह में आए ड्राइवर की हत्या कर दी गई। पुलिस को उसका शव भतीजे के घर से 200 मीटर दूर लावारिस हालत में मिला। शरीर पर चोट के निशान हैं। सरोजनीनगर पुलिस ने मानसिंह के ट्रक ड्राइवर दोस्त रामचन्द्र को हिरासत में ले लिया है। इसमें हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसीपी कृष्णा नगर पवन गौतम के मुताबिक रामचंद्र के ट्रक से मृतक मानसिंह का गमछा और चप्पल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया की मृतक के भतीजे संतोष सिंह की नामजद तहरीर पर ट्रक चालक साथी रामचंद्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार पेशे से ट्रक ड्राइवर मानसिंह मूल रूप से जेठवारा प्रतापगढ़ का रहने वाला है। मौजूदा समय मंगलविहार चकेरी कानपुर में रह रहा था। मानसिंह अपने भतीजे संदीप सिंह के गृह प्रवेश में शामिल होने के लिए बुधवार को लखनऊ सरोजनीनगर पहुंचा था। अपने एक अन्य ट्रक ड्राइवर दोस्त कानपुर निवासी रामचंद्र के साथ उसने शराब पी। इसके बाद रात 10.30 बजे खाना खा कर ट्रक में ही सोने चला गया। गुरुवार की सुबह नौ बजे पुलिस को संदीप के घर से 200 मीटर दूर बजरी पर एक अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना मिली। इसी बीच संदीप सिंह व उनके घर के लोग भी उधर से गुजरे तो देखा कि चाचा मानसिंह का शव बजरी पर पड़ा हुआ है। पास में एक बल्ली पड़ी है। मृतक मान सिंह के सिर के दाहिने हिस्से पर इसी बल्ली के चोट के गंभीर निशान है। मानसिंह के साथ आया उसका साथी ट्रक चालक रामचंद्र अपना ट्रक के लेकर मौके से चला गया था फोन करने पर पता चला की एवरेडी ऐशबाग मैं वह अपनी गाड़ी लोड करने गया है। सरोजनी नगर पुलिस ने ट्रक चालक रामचंद्र को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। शव की शिनाख्त होने पर स्थानीय पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## चोरी की बिजली से चलता मिला वाटर पार्क

**लखनऊ।** विजिलेंस टीम ने गुरुवार बीकेटी में मरीनो वाटर पार्क और रिजॉर्ट में 82 किलोवाट डायरेक्टर कॉमर्शियल बिजली चोरी पकड़ी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक रिजॉर्ट मालिक ने 60 किलोवाट कॉमर्शियल कनेक्शन लिया था लेकिन जांच-पड़ताल में परिसर में 206 किलोवाट विद्युत भार पाया गया। ध्यांचल निगम के एमडी भवानी सिंह ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर विजिलेंस टीम को बीकेटी स्थित मरीनो वाटर पार्क और रिजॉर्ट में छापा मारा। यहां परिसर में 63 केवीए और 250 केवीए ट्रांसफार्मर लगा था। परिसर मालिक मनोज सिंह ने 60 किलोवाट का कनेक्शन लिया था। इसके बावजूद रिजॉर्ट में 63 केवीए ट्रांसफार्मर से कटिया डालकर बिजली चोरी हो रही थी। विभागीय अधिकारियों ने प्रकरण की जांच की तो 206.214 किलोवाट कनेक्टेड लोड पाया गया। विभाग ने अवैध कनेक्शन काटकर उपभोक्ता पर केस दर्ज कराया है। बिजली चोरी पकड़ने के बाद विजिलेंस टीम ने बीकेटी के अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जूनियर इंजीनियर को मौके पर बुलाया। इसके बाद परिसर का कनेक्शन काटकर मुकदमा दर्ज किया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक छह लाख रुपये शमन शुल्क व सवा करोड़ रुपये राजस्व निर्धारण किया जाएगा।

# सेंटा वॉल ऑफफेम खिताब से सम्मानित हुई सीएमएस शिक्षिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस की शिक्षिका अंजू सिंह को उत्कृष्ट शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल के लिए 'सेन्टा वाल ऑफ फेम' खिताब से सम्मानित किया गया है। अंजू सिंह ने सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल ओलम्पियाड एवं सेन्टा टीचिंग कोशिएंट टेस्ट (सेन्टा टी.क्यू.) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह उपलब्धि अपने नाम की है। विद्यालय के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि अंजू सिंह ने प्राइमरी लेविल मैथ्स टीचिंग प्रतियोगिता में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसके लिए उन्हें 'सेन्टा वाल ऑफ फेम' पर प्रदर्शित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी शिक्षकों को तीन मुख्य मानकों सब्जेक्ट एक्पर्टाइज, क्लासरूम कम्युनिकेशन एवं एलीमेन्ट्स ऑफ वर्बल कम्युनिकेशन पर प्रतिभा का परीक्षण किया गया। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने अंजू सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सेंटा टीचिंग टेस्ट अपने आप में देश भर के शिक्षकों के लिए शिक्षण उत्कृष्टता का प्रमाण है, जिसे पूरे देश में सराहा जाता है। सेन्टा टीचिंग कोशिएंट टेस्ट का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षणेतर प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करना है। इस अनूठी प्रतियोगिता में विषयवार ज्ञान, अनुभव एवं उच्च शैक्षणिक मानकों के आधार पर शिक्षकों का चयन किया जाता है।

## निर्यात की नींव पर देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था की ओर एक मजबूत कदम

# देश का पांचवा सबसे बड़ा निर्यातक राज्य बना यूपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चुनौतियों** और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की ओर अग्रसर है। प्रदेश का बढ़ता निर्यात इस बात का सबूत है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश देश का पांचवा सबसे बड़ा निर्यातक राज्य है। निर्यात के मामले में अब उत्तर प्रदेश से आगे सिर्फ गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक ही हैं। इस समयावधि में वैश्विक महामारी कोरोना के बावजूद निर्यात में 30 फीसद की वृद्धि हुई। 2020-2021 की तुलना में 2021-2022 में यह 121140 करोड़ रुपये से बढ़कर 155897 करोड़ रुपये हो गया। मालूम हो कि 2017 में पहली बार जब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने योगी को आबादी के लिहाज से सबसे बड़े ;25 करोड़ से अधिकद्ध और राजनीतिक रूप से सबसे संवेदनशील प्रदेश की कमान सौंपी तब सपा एवं बसपा के कुशासन एवं भ्रष्टाचार से हालात बहुत बुरे थे। उस समय योगी ने प्रदेश के लिए आर्थिक मोर्चे पर बेहद चुनौती पूर्ण लक्ष्य रखा। मसलन प्रदेश की अर्थव्यवस्था को देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनानाए अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की बनाना। बेरोजगारी दर कम करना और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि। लक्ष्य रखने के साथ मुख्यमंत्री ने इस बाबत ठोस बुनियाद भी मुहैया कराई। मसलन इसके लिए सरकार 2017 में औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति लाई। निवेश मित्र पोर्टल के जरिए लगभग 350 सेवाओं को ऑनलाइन किया। नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की व्यवस्था को भी ऑन लाइन किया। बड़े निवेशकों के लिए अलग से व्यवस्था की गई। इस सबके साथ प्रदेश की छवि बदलने के लिए कानून-व्यवस्था और विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं पर भी बराबर का जोर रहा। इस सबका नतीजा यह रहा कि इन्वेस्टर समिट में देश के लगभग सभी दिग्गज निवेशक आये और प्रदेश में खुले दिल से निवेश किया। इसके बाद से अब तक हुई तीन ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कुल 208994 करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश में आया। पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान राज्य में कुल 61792 करोड़ का निवेश आया तो वहीं दूसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में निवेश बढ़कर 67202 करोड़ पहुंच गया। देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपतियों, केंद्रीय, राज्य सरकार के मंत्रियों की उपस्थिति में संपन्न तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 80224 करोड़ की 1406 औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास व भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री का हर दम से यह मानना रहा है कि उत्तर प्रदेश पर प्रकृति और परमात्मा की असीम अनुकंपा है। इस अनुकंपा के आधार पर उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है। आबादी हमारे लिए मानव संसाधन के साथ देश का सबसे बड़ा बाजार भी है। 9 तरह की कृषि जलवायु क्षेत्र, इंडो गंगेटिक बेल्ट के रूप में दुनिया की सबसे उर्वर भूमिए सम्पन्न ऐतिहासिकए सांस्कृतिक और आध्यत्मिक विरासत उत्तर प्रदेश के लिए बोनस है। इन सारी संभावनाओं का अगर कायदे से दोहन करें तो हर क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नंबर एक बनेगा। बन भी रहा है। आज करीब 4 दर्जन क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें उत्तर प्रदेश नंबर एक पर है। आने वाले समय में अर्थव्यवस्था के मामले में भी यूपी नंबर एक बनेगा।

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों) का नाम लखनऊ शाखा | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री दीपक जायसवाल, श्रीमती संध्या देवी (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10043026) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : खसरा नंबर 476 मिनजुमला पर प्लॉट पर निर्मित मकान, क्षेत्रफल परिमाप 750 वर्ग फीट, दाऊद नगर, वार्ड- फैजुल्लागंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत, 226021 | रू. 29,05,357/- (रूपए उन्तीस लाख पांच हजार तीन सौ सत्तावन मात्र) | 31-12-2021 | 21-06-2022 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : 1017, दसवां तल, साइबर हाइट्स, टीसी 2/2, तथा टीसी 5/5, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, फेज-4, उद्योग विहार, गुरूग्राम, हरियाणा।
स्थान : लखनऊ तिथि : 24-06-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेटस एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (कानून) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLNOD00352839<br>1. ऋषभ गुप्ता<br>2. अशोक कुमार गुप्ता<br>3. हिमांशु पाण्डेय (गारंटर) | फ्लैट नंबर 1605, सोलहवीं मंजिल, टावर-स्पार्क, ''सिक्का कामना ग्रीन्स'', प्लॉट नंबर जीएच-03/बी, सेक्टर-143बी, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश | 18.05.2022 | रु. 36,95,321.87/- (छत्तीस लाख पिचानबे हजार तीन सौ इक्कीस रुपये और सत्तासी पैसे मात्र) 18.05.2022 के अनुसार |
| 2. | कर्ज खाता क्र. HHLNOI00336997<br>1. आकाश (शालीमार टेंट एंड कैटरर्स के मालिक)<br>2. शिखा अग्रवाल | फ्लैट नंबर जीएफ-1, भूतल, सामने की तरफ, प्लॉट नंबर ए-109, ब्लॉक-ए, एस.एल.एफ. वेद विहार, लोनी, गाज़ियाबाद-201102, उत्तर प्रदेश | 13.05.2022 | रु. 18,67,422.47/- (अठारह लाख सड़सठ हजार चार सौ बाईस रुपये और सैंतालीस पैसे मात्र) 13.05.2022 के अनुसार |
| 3. | कर्ज खाता क्र. HHLMER00459667<br>1. नितिन गोयल (श्री हरि ट्रेडर्स के मालिक)<br>2. आयुषी गोयल | दूसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 5 पर फ्लैट, खसरा नंबर 123 का हिस्सा, मानसरोवर गार्डन कॉलोनी, ग्राम-मोहकमपुर, दिल्ली रोड, परगना और तहसील मेरठ, मेरठ-250002, उत्तर प्रदेश | 13.05.2022 | रु. 16,00,994.49/- (सोलह लाख नौ सौ चौरानबे रुपये और उनचास पैसे मात्र) 13.05.2022 के अनुसार |
| 4. | कर्ज खाता क्र. HHLNOD00435203<br>1. बिजेंद्र सिंह बंसल<br>2. रेणु<br>3. सुरेंद्र सिंह बंसल (गारंटर) | अपार्टमेंट नंबर ट्विंज-सन 5-0702, सातवीं मंजिल, मिगसन व्यान, प्लॉट नंबर जीएच-01 बी(1), सेक्टर-ईटीए-2, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर- 201303, उत्तर प्रदेश | 18.05.2022 | रु. 20,40,149.30/- (बीस लाख चालीस हजार एक सौ उनचास रुपये और तीस पैसे मात्र) 18.05.2022 के अनुसार |
| 5. | कर्ज खाता क्र. HHLNOD00410180<br>1. अमला प्रसन्ना घोषाल<br>2. साधना घोषाल | अपार्टमेंट नंबर ट्विनज - सन 5 - 1104, मंजिल - ग्यारहवां, ''मिगसन व्यान'', प्लॉट नंबर जीएच - 01 बी(1), सेक्टर - ईटीए-2, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर -201308, उत्तर प्रदेश | 17.05.2022 | रु. 11,27,633.88/- (ग्यारह लाख सत्ताईस हजार छह सौ तैंतीस रुपये और अट्ठासी पैसे मात्र) 17.05.2022 के अनुसार |
| 6. | कर्ज खाता क्र. HHLDIP00184636<br>1. सुनील कुमार<br>2. अर्चना सिंह | फ्लैट नंबर सी-2503, दूसरी मंजिल, ब्लॉक सी, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क, गांव शाहपुर बम्हेटा, गाज़ियाबाद-201002, उत्तर प्रदेश | 23.05.2022 | रु. 14,63,038.57/- (चौदह लाख तिरसठ हजार अड़तीस रुपये और सत्तावन पैसे मात्र) 23.05.2022 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।

उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।

उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतद्द्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।

कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''

सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13(2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं

कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेन्स लि.
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: नोएडा/ फतेहपुर/ गाज़ियाबाद/ मेरठ/ गौतम बुद्ध नगर/ हापुड़/ ग्रेटर नोएडा/हाथरस (उत्तर प्रदेश)

# पेज एक का शेष

## संकट और...

ब्लू में बागी विधायक एकनाथ शिंदे के चारो ओर बैठे हैं और शिंदे साहब तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं, जैसे नारे लगाते दिख रहे हैं। शिंदे गुट के सूत्रों ने बताया कि असम के होटल में ठहरे विधायकों में 35 विधायक शिवसेना के हैं जबकि शेष सात विधायक निर्दलीय हैं जो शिंदे का समर्थन कर रहे हैं। यह संख्या शिवसेना विधायकों का दो तिहाई के करीब है। यदि वे कुछ और विधायक जुटा लेते हैं तो दल-बदल कानून के पचड़े से बच जाएंगे। विधानसभा में शिवसेना के 55 सदस्य हैं। बागी विधायकों के गुट की ओर से व्हिप नियुक्त किए गए भरत गोगावाले ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे के समर्थन में 42 विधायक हैं। हम अभी और विधायकों के अपने पक्ष में आने की उम्मीद कर रहे हैं।

## एमवीए गठबंधन...

डाले हुए हैं। एमवीए सदन पटल पर अपना बहुमत साबित करेगा। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें शिवसेना के भीतर विद्रोह में भाजपा की भूमिका नजर नहीं आती, पवार ने कहा कि वह अपने भतीजे से सहमत नहीं हैं। महाराष्ट्र के इस अनुभवी राजनेता ने कहा कि अजीत पवार ने ऐसा इसलिए कहा होगा, क्योंकि वह महाराष्ट्र के बाहर के भाजपा नेताओं को नहीं जानते हैं। मैं उन्हें जानता हूं।

## मतभेदों से...

कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा ले रहे। मार्च में चीन में भारत के नए राजदूत के रूप में पदभार संभालने के बाद रावत की वांग के साथ यह पहली मुलाकात है।

## ऑस्ट्रेलिया ने...

दौरान चीन और रूस के बीच बढ़ते रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर चिंता जताई और कहा कि इसका क्षेत्र पर प्रभाव पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्लेस ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली और कैनबरा अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि उनका देश दुनिया को लेकर अपने दृष्टिकोण में भारत को पूरी तरह से केंद्र में देखता है। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने कहा, चीन सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी उसका सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी है... वह सिर्फ हमारे लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है।

## संचारी रोग...

दो सफल मॉडल हैं, जो संचारी रोग नियंत्रण अभियान में हमारे लिए उपयोगी होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में इंसेफेलाइटिस से प्रति वर्ष हजारों बच्चों की मौत होती थी। वर्ष 2017 में प्रदेश सरकार द्वारा अन्तर्विभागीय समिति बनाकर एक साथ मिलकर काम किया। इसके लिए इंसेफेलाइटिस ट्रीटमेंट सेंटर, अस्पताल, पीकू, मिनी पीकू बनवाकर चिकित्सक नियुक्त किए गए। साथ ही शुद्ध पेयजल, शौचालय, सैनिटाइजेशन की व्यवस्था की गयी। परिणामस्वरूप आज इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतों में 95 प्रतिशत की कमी आयी है।

## दिनकर गुप्ता...

गुप्ता ने 2019 में पंजाब पुलिस के महानिदेशक का पद संभाला और दो साल और सात महीने तक इस पद पर रहे। उन्हें पंजाब पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति मांगी थी। उन्होंने पुलिस महानिदेशक, आसूचना, पंजाब का पद भी संभाला है, जिसमें पंजाब राज्य आसूचना इकाई, प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और संगठित अपराध नियंत्रण इकाई (ओसीसीयू) की सीधी निगरानी शामिल है।

## आजमगढ़ में...

में 63.19 प्रतिशत वोट पड़े थे। सपा ने अपने आधिकारिक हैंडल से किए गए ट्वीट में आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़ और मेहनगर विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों से कथित तौर पर साजिश के तहत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर मतदान में गड़बड़ी करने की नीयत से उसके सभी बूथ एजेंट को बाहर निकाल दिए जाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने रामपुर में भी मतदान को प्रभावित करने के मकसद से स्वार विधानसभा क्षेत्र के टांडा और दरयाल इलाकों में पुलिस द्वारा सपा कार्यकर्ताओं को कथित तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्वाई की मांग की है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को एक बयान में भाजपा पर आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनावों में सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

## ब्रिक्स सभी...

यूरोपीय देश में तथा इसके आसपास मानवीय स्थिति को लेकर अपनी चिंताओं पर चर्चा की। ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने हिस्सा लिया।

# स्कूल के वाहन चालकों का कराएं सत्यापन

## ●बिना नम्बर प्लेट के चल रहे वाहनो के विरूद्ध करें कड़ी कार्रवाई:डीएम
## ●जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश
## ●इंटरसेप्टर के जरिए तेज गति से वाहन चलाने वालों पर रखी जाए नजर

संवाददाता। मीरजापुर

**स्कूलो** में संचालित सभी वाहनो के वाहन चालको के चरित्र का शत प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि बिना नम्बर प्लेट के कोई भी वाहन सड़को पर न चले यदि ऐसे वाहन कही पाये जाते है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उक्त निर्देश सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि रात्रि के समय अभियान चलाकर बड़े वाहन चालको की जॉच की जाय यदि वे मादक पदार्थध्शराब का सेवन करके गाड़ी चलाते हुये पाये जाते है तो उनके विरूद्ध भी नियमानुसार कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होने यह भी कहा तेज गति से वाहन चलाने वालो पर भी नजर रखते हुये इंटरसेप्टर के माध्यम से तेज गति से चलने वालो वाहनो पर रोक लगायी जाय तथा पहले जागरूकता तदुपरान्त कुछ दिन बाद कार्यवाही की जाय ताकि दुर्घटना पर रोक लगाया जा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिहिन्त 24 ब्लैक स्पाट पर एन0एच0ए एन0एच0आई0 तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा सुधारात्मक की दिशा में क्या कार्यवाही की गयी एक सप्ताह में जॉच कर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाय। स्कूल वाहन चालकों के चरित्र सत्यापन करवाये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग ब्रेथएनालाईजर से कराये जाने हेतु परिवहन विभाग व पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। राजमार्गों पर ओवर स्पीड चल रहे वाहनों की चेकिंग इन्टरसेप्टर के माध्यम से चलाए जाए। बरौंधा व मुहकुचवा पर खड़े रहने वाले भारी वाहनों को बरकछा की तरफ खाली स्थान पर खड़ा कराये जाने हेतु सम्बन्धित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में श्री विजय प्रकाश सिंहए स0स0प0अ0;प्रवर्तनद्ध द्वितीय दल ने सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु यातायात विभागए शिक्षा विभागए लोक निर्माण विभागए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त प्रयास किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही एवं जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है.वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 254 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। मृतकों की संख्या का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि 43 व्यक्तियों की मृत्यु पूर्व में चयनित 24 ब्लैक स्पॉटों पर हुई है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सड़क निर्माण एजेन्सियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी और 15 दिन के अन्दर सुधारात्मक कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं में गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को सीधे नजदिकी ट्रामा सेन्टर भेजने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया जिससे गोल्डेन ऑवर के अन्तर्गत गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके। स्कूल वाहनों के सम्बन्ध में जनपद में कुल 646 स्कूल वाहनें पंजीकृत हैं इन स्कूल वाहनों में 206 स्कूल वाहनों के फिटनेस फेल हैं जिसमे 165 वाहनों के रजिस्ट्रेशन निलम्बित किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी द्वारा परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि फिटनेस फेल स्कूल वाहनें यदि संचालित पायी जाती हैं तो उनके विरूद्ध चालान व बन्द की कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरूद्ध एफ0आई0आर0 भी दर्ज करायें जाए। स्कूल वाहन चालकों के चरित्र सत्यापन करवाये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग ब्रेथएनालाईजर से कराये जाने हेतु परिवहन विभाग व पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। राजमार्गों पर ओवर स्पीड चल रहे वाहनों की चेकिंग इन्टरसेप्टर के माध्यम से चलाए जाए। बरौंधा व मुहकुचवा पर खड़े रहने वाले भारी वाहनों को बरकछा की तरफ खाली स्थान पर खड़ा कराये जाने हेतु सम्बन्धित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में श्री विजय प्रकाश सिंहए स0स0प0अ0;प्रवर्तनद्ध द्वितीय दल ने सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु यातायात विभागए शिक्षा विभागए लोक निर्माण विभागए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त प्रयास किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही एवं जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है.वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 254 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। मृतकों की संख्या का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि 43 व्यक्तियों की मृत्यु पूर्व में चयनित 24 ब्लैक स्पाटों पर हुई है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क निर्माण एजेन्सियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक सम्पन्न



**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में बुधवार की सायं मानव संसाधन विभाग के राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक प्रसाशनिक भवन के मंथन प्रेक्षागृह में सम्पन्न की गयी। बैठक का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक रिहंद देबब्रत पॉल ने किया। मुख्य अतिथि श्री पॉल ने अपने सम्बोधन के जरिए बैठक में भाग लेने वाले सभी से आग्रह किया कि वे कार्यालय के कामकाज में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करें। साथ ही साथ आम बोलचाल में भी हिन्दी भाषा का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि हिन्दी भाषा बोलने में सरल एवं लिखने में भी आसान है। हिन्दी के संवर्धन हेतु आयोजित की गयी इस बैठक में लोगों के समक्ष हिन्दी के विकास हेतु पिछले माहों में किए गए कार्यों को रखा। उन्होने कहा कि हिन्दी संस्कृति एवं संस्कार की भाषा है। आज के दौर में हिन्दी सामाजिक राजनीतिक मनोरंजन मीडिया उत्पादन सिनेमा के साथ साथ रोजगार के क्षेत्र में भी अपना एक सुनिश्चित स्थान बना लिया है। इसलिए हम सभी को हिन्दी के ऊपर गर्व करते हुये अपना कार्यालय का कामकाज हिन्दी भाषा में करना चाहिए। साथ ही साथ उन्होने बैठक में भाग लेने वाले लोगों से हिन्दी को और आगे बढ़ाने के लिए विचार विमर्श भी किया। बैठक मे मुख्य रूप से महाप्रबंधकगणों के साथ साथ अन्य विभागाध्यक्षगण आदि उपस्थित रहे।

## डा. आरके यादव को 'काशी भास्कर सम्मान' से सम्मानित किया गया



**वाराणसी।** विश्व संगीत दिवस के शुभ अवसर पर संस्कार भारती काशी महानगर एवं मांगलए सेवा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगीत कार्यक्रम नाद प्रभा में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल के द्वारा डा. आर के यादव को 'काशी भास्कर सम्मान' से सम्मानित किया गया और इसी क्रम् में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संगीत नाटक अकादमी पद्मश्री डॉ. राजेश्वर आचार्य जी द्वारा डॉ. आर के यादव को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में एलर्जी बीमारी के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## नौजवानों के लिये अग्निपथ योजना सुनहरा अवसरः अनिल राजभर



**सकलडीहा/चंदौली** । अग्निपथ योजना नौजवानों के लिये बेहतर अवसर है। कुछ लोग प्रायोजित ढ्ग से युवाओं को भ्रमित कर आन्दोलन करा रहे है। उक्त विचार गुरूवार को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर अपने आवास पर जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते वक्त पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने आजमगढ़ और रामपुर सीट पर भाजपा के जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि पहले जवान सेना में भर्ती होते थे। एक लम्बे समय से वहां रहते थे। जब लौटकर वापस आते है तो उनके सामने विकल्प का अभाव होता था। लेकिन सरकार ने एक बहुत ही सराहनी पहल किया है। जो समझदार औ पढ़े लिखे लोग है। ऐसे सभी लोग सरकार के फैसले का स्वागत कर रहे है। विपक्ष के लोग अपने राजनिति के चक्कर में नौजवानों को गुमराह कर रहे है। युवाओं को देश की सेवा करने के बाद अपने प्रदेश में भी सेवा का मौका मिलेगा। आजमगढ़ और रामपुर में जनता परिवारवादी को छोड़कर विकास को वोट देने जा रही है। हमे विश्वास है कि दोनों सीट पर भाजपा की जीत होगी। इस मौके पर भाजपा नेता अरबिंद पांडेय, शिवमंगल बियार, रमाशंकर खरवार, शायरा बानो, राहुल राजभर, रतेन्द्र, टुनटुन, बादू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पारदर्शी व नकल विहीन कराये बीएड की परीक्षा

**मीरजापुर।** अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आगामी सम्पन्न होने वाली बीएड परीक्षा के तैयारियो का जायजा लिया गया। उन्होने प्रदेश के सभी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुये कहा गया कि परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी व नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिये सभी तैयारिया पूर्ण करा ली जाय। जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया कि बी0एड0 परीक्षा को पारदर्शी व नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिये 14 सेंटर बनाये गये है प्रत्येक सेंटर पर 500.500 परीक्षार्थियो के बैठने की व्यवस्था की गयी हैं। मीरजापुर एन0आई0सी0 में पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सिंहए अपर जिलाधिकारी श्री शिव प्रताप शुक्लए प्राचार्य के0बी0 कालेज के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**सकलडीहा/चंदौली।** धरहरा गांव में गुरूवार की सुबह 50 वर्षीय एक महिला और उसके एक 22 वर्षीय पुत्र को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी है। धरहरा गांव निवासी तेतरा देवी अपने घर पर काम कर रही थी। पड़ोस की महिला अपने बच्चें को तेतरा देवी को देखभाल के लिये छोड़कर कुछ काम से बाहर चली गयी थीं। बच्चों ने बगल के पटीदार का कुछ सामान गिरा दिया। जिसे लेकर पटीदार के मनबढ़ युवकों ने बच्चे को बुरी तरह से पीटने लगे। तेतरा देवी बच्चें को पीटते देख मना करने पर युवकों ने धारधार लोहे के सामान से सर पर प्रहार कर दिया। इसी बीच मां को बचाने पहुंचा पुत्र कुंदन को भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस बाबत कोतवाल विनोद मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सूरक्षा के दृष्टि से बांध के पास लिखवाये गये चेतावनी संदेश

**चकिया चन्दौली** । तहसीलध् अंतर्गत लतीफशाह बांध पर आने वाले पर्यटकों सैलानियों की सुरक्षा हेतु नगर पंचायत चकिया द्वारा चेतावनी संदेश स्लोगन लिखवाया गया है। बांध परिसर के कई मुख्य स्थानों पर साफसफाई व सुरक्षा से संबंधित स्लोगन नगर पंचायत चकिया के कर्मचारियों द्वारा लिखवाया गया है जिससे घूमने आए हुए लोग सुरक्षा नियमों का पालन कर सके। आपको बता दें कि हर साल लतीफशाह बांध पर हजारों की संख्या में लोग बांध से पानी के गिरने के नजारे को देखने के लिए इकट्ठा होते हैं वहीं इस बार पीने के पानीएसामुदायिक शौचालयए साफसफाई व पार्किंग स्टैंड इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था नगर पंचायत चकिया के द्वारा हो रही हैए जिसके बाद बांध के आसपास चेतावनी भरे संदेश कई जगह लिखवाए गए हैं।

## कुलपति के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर दी गई बधाई

**बीजपुर/सोमभद्र।** महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रो0 आनंद कुमार त्यागी के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर एनटीपीसी कैंपस शक्तिनगर के कार्यकारी निदेशक डॉ चंद्रशेखर सिंह के साथ साथ वहाँ के समस्त अध्यापक एवं कर्मचारियों ने श्री त्यागी को शुभकामना एवं बधाई संदेश प्रेषित किया। कुलपति श्री त्यागी के एक वर्ष में किए गए कार्यों के प्रति उन सभी ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। डॉ0 चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि कुलपति जी ने मुख्य परिसर के साथ साथ एनटीपीसी कैंपस के अध्यापकों कर्मचारियों तथा संस्था के प्रति जो ऐतिहासिक कार्य किया है वह अति सराहनीय एवं अविस्मरणीय है। उन्होंने बताया कि अपने आने के साथ ही विश्वविद्यालय के चतुर्दिक विकास हेतु दिन रात लगे हुए हैं। उनका एक ही प्रयास है कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि विश्व की एक श्रेष्ठ संस्था बने। यह जानकारी जनसंपर्क समन्वयक डॉ मानिक चंद पांडेय के द्वारा दिया गया।

## 50 हजार का इनामी बदमाश एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया

**चंदौली** । पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक ऐसे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है जो पिछले 6 साल से फरार चल रहा था। इस बदमाश ने पैसे के लेनदेन में 2016 में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी । पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा था । बदमाश के पास से पुलिस ने एक तमंचा और बाइक बरामद की है । हत्या के साथ.साथ इसके ऊपर आधा दर्जन चोरी और लूट के भी मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । मिली जानकारी के अनुसार संतोष भारती नाम का बदमाश मूल रूप से बलुआ थाना क्षेत्र के टांडा कला गांव का रहने वाला है । वर्ष 2016 में 60 हजार रुपये के लेनदेन में इसने महेश सिंह नाम के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी और फरार हो गया था । पुलिस तब से इसकी तलाश कर रही थी । इस दौरान इसके ऊपर चोरी और लूट के कई मामले भी दर्ज हुए लेकिन यह इतना शातिर था कि पुलिस की गिरफ्त से लगातार बचता रहा ।

# अमृत वन का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा विकास खण्ड नरायनपुर स्थित ग्राम पंचायत समसपुर के राजस्व ग्राम धौरहरा में अमृत वन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, टी0ए0, सचिव एवं प्रधान उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत समसपुर के राजस्व ग्राम धौरहरा में ग्राम पंचायत द्वारा अमृत वन का निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य की कुल स्वीकृत लागत 12.82 लाख प्राविधानित है। बताया गया कि यह कार्य दिनांक 21.06.2022 से प्रारम्भ है। निरीक्षण के समय 15 मीटर लम्बाई एवं 10 मीटर चौड़ाई में मियावाकी की खुदाई पर कुल 22 श्रमिक कार्य करते हुये पाये गये। निरीक्षण के समय तक मियावाकी की खुदाई लगभग 6 फीट की गयी है। इस अमृत वन का क्षेत्रफल 3975.50 वर्ग मीटर तथा मियावाकी का क्षेत्रफल 150.00 स्क्वायर मीटर में है। बताया गया कि अमृत वन के चारों तरफआयरन पोल, स्टील जाली के साथ घेराबन्दी, अमृत वन में चारों तरफ पथ वे का निर्माण कराया जाना है। मियावाकी क्षेत्रफल को ग्रीन नेट से घेराबन्दी कराने की व्यवस्था की जानी है। बोरिंग व सबमर्सिबल व स्ट्रीट लाइट व पथ वे के चारों तरफ भूमि का समतलीकरण कराते हुये पौधरोपण कराने का प्राविधान है। पथ वे के चारों तरफबड़े पौधे एवं अन्दर छोटे पौधे व शेष क्षेत्रफल में घास लगवाने का प्राविधान है। मौके पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्य में तेजी लाते हुये निर्धारित समय के अन्दर इस कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# देशहित की प्रेरणा देता है डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवनः त्रिपाठी



**सोनभद्र।** अखण्ड भारत के प्रणेता जनसंघ के संस्थापक डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि कॉपरेटिव चेयरमैन उत्तर प्रदेश बाल्मिकी त्रिपाठी व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के साथ ही उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धान्जलि अर्पित की। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि कॉपरेटिव चेयरमैन उत्तर प्रदेश बाल्मिकी त्रिपाठी ने कहा कि डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन देशभक्ति से ओत प्रोत होकर माँ भारती की सेवा में समर्पित था। डाक्टर साहब ने देश में अनेकों कार्य किये जिन्हें भुला पाना कठिन ही नही बल्कि असंम्भव है। हम सभी को डा0 मुखर्जी जी के जीवन तथा उनके कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि स्वहित से बड़ा देशहित होता है। अत: देशहित को ध्यान में रखकर कार्य करें उनके दिये हुए ध्येय को स्थापित करने के लिए निरन्तर परिश्रम करें यही डा0 मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दो विधान व दो निशान का विरोध किया जिसके फलस्वरूप तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने डाक्टर साहब को जेल भेजने का काम किया और उन्हें यातनायें भी दी गयी। डाक्टर साहब सदैव ही देश की एकात्मता एवं संस्कृति की रक्षा के लिये समर्पित रहे। देश को परम वैभव पर पहुंचाने के लिये डाक्टर साहब ने स्वयं का बलिदान किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सबके आदर्श है उनकी प्रेरणा और सोच को आधार मानकर भाजपा पूरे देश मे काम कर रही है, अब समय आ गया है अब मुखर्जी जी के सपने को साकार किया जाये। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके सपनों को साकार करने के लिए लगे हुए है उनकी इच्छा थी कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है इसलिए वहां विशेष नियम संविधान और झण्डा नही होना चाहिए संपूर्ण भारत में एक नियम एक संविधान और एक झण्डा हो इसके लिए डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी संघर्ष करते रहे। उनके इस सपने को साकार भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर किया। आज भारत अखण्ड होने के कगार पर है। संगोष्ठी को जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य ओमप्रकाश दूबे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने संबोधित किया। संगोष्ठी में मुख्यरुप से अभिषेक चन्देल, रंजना सिंह, रामसुन्दर निषाद शंम्भू नारायण सिंह संतोष शुक्ला, राकेश मेहता, कमलेश चौबे, दयाशंकर पाण्डेय, सुरेश शुक्ला, अनूप तिवारी, विनय श्रीवास्तव महेन्द्र पाण्डेय, बलराम सोनी, दीपक दूबे, बीएन गुप्ता, गुडिया त्रिपाठी, मंजू गिरी, अजय पाण्डेय, अभय पटेल, मनोज मिश्रा सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिवार नियोजन की जिम्मेदारी में पुरुष भी निभा रहे भागीदारी

## ● महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित

**सोनभद्र।** परिवार नियोजन सेवाओं को सही मायने में धरातल पर उतारने और समुदाय को छोटे परिवार के बड़े फायदे की अहमियत समझाने की हरसम्भव कोशिश सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनवरत की जा रही है। यह तभी फलीभूत हो सकता है जब पुरुष भी खुले मन से परिवार नियोजन साधनों को अपनाने को आगे आयें और उस मानसिकता को तिलांजलि दे दें कि यह सिर्फऔर सिर्फमहिलाओं की जिम्मेदारी है। इसमें जो सबसे बड़ी दिक्कत सामने आ रही है वह उस गलत अवधारणा का परिणाम है कि पुरुष नसबंदी से शारीरिक कमजोरी आती है। इस भ्रान्ति को मन से निकालकर यह जानना बहुत जरूरी है कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित है। इसलिए दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के लिए और जब तक बच्चा न चाहें तब तक पुरुष अस्थायी साधन कंडोम को अपना सकते हैं। वही परिवार पूरा होने पर परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी को भी अपनाकर अपनी अहम जिम्मेदारी निभा सकते हैं। यह कहना है अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव का। डॉ आर जी यादव ने बताया कि नसबंदी की सेवा अपनाने से पहले चिकित्सक की सलाह भी जरूरी होती है ।

रावर्टसगंज ब्लॉक के सुरेश का कहना है कि उनकी परिवार नियोजन के अस्थायी साधन के इस्तेमाल में कोई दिलचस्पी नहीं थी और उन्होंने सोचा कि जब आगे कोई बच्चा चाहिए ही नहीं, तो इन साधनों को अपनाने का कोई मतलब भी नहीं था। पत्नी की सहमति से खुद की नसबंदी का निर्णय लिया ।नसबंदी के अपने अनुभवों का साझा करते हुए वह बताते हैं कि हल्की एनेस्थिसिया दी जाती है जिससे दर्द नहीं होता। चंद मिनट में नसबंदी हो जाती है। नसबंदी के बाद आदमी अपने दैनिक कार्य कर सकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रिपुंजय श्रीवास्तव बताते हैं कि पुरुष नसबंदी के लिए चार योग्यताएं प्रमुख हैं- पुरुष विवाहित होना चाहिए, उसकी आयु 60 वर्ष या उससे कम हो और दंपति के पास कम से कम एक बच्चा हो जिसकी उम्र एक वर्ष से अधिक हो। पति या पत्नी में से किसी एक की ही नसबंदी होती है। गैर सरकारी व्यक्ति के अलावा अगर आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी पुरुष नसबंदी के लिए प्रेरक की भूमिका निभाती हैं तो उन्हें भी 300 रुपये देने का प्रावधान है।

### यह भी है प्रावधान

डीपीएम बताते हैं कि नसबंदी के विफल होने पर 60,000 रुपए की धनराशि दी जाती है। नसबंदी के बाद सात दिनों के अंदर मृत्यु हो जाने पर चार लाख रुपए की धनराशि दी जाती है। नसबंदी के 8 से 30 दिन के अंदर मृत्यु हो जाने पर एक लाख रुपए की धनराशि दिये जाने का प्रावधान है। नसबंदी के बाद 60 दिनों के अंदर जटिलता होने पर इलाज के लिए 50,000 रुपए की धनराशि दी जाती है ।

## मऊ में तीन और मरीज पाए गए कोरोना पाजिटिव

**मऊ।** कोरोना का संक्रमण जिले में तेजी के साथ फैलना शुरु हो गया है। गुरुवार को तीन और लोग कोरोना पाजिटिव पाए गए, इस तरह से अब तक जिले के एक्टिव केस की संख्या 8 हो चुकी है। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग मुस्तैद हो गया है। सीएमओ डॉ. एसएन दुबे ने सभी चिकित्साधिकारियों को एलर्ट करते हुए सावधानी बरतने की हिदायत दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् एसएन दुबे ने बताया कि गुरुवार को 330 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुआ है। इसमें तीन लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव पाया गया है। इसमें एक 30 वर्षीय युवक नदवासराय घोसीए 36 वर्षीय महिला वलीदपुरा तथा एक 42 वर्षीय युवक मधुबन का निवासी है। जिले में वर्तमान समय में कुल आठ एक्टिव केस है। इसमें सात मरीज होम आईसोलेशन हैं। बढ़ते कोरोना के केस को देखते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसएन दुबे ने सभी चिकित्साधिकारियों को एलर्ट जारी करते हुए सर्तकता के निर्देश दिया है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रवाद का अलख जगाने की शुरुआत कीः संतोष



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी


**भारतीय** जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतकए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी वाराणसी महानगर की ओर से सिगरा स्थित गुलाब बाग कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणास्त्रोत और जनसंघ के संस्थापक स्व. डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 'डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी . व्यक्तित्व व कृतित्व' विषय पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल ने कहा कि राष्ट्रवाद का अलख जगाने की उन्होंने शुरुआत की। उन्होंने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे बलिदानियों का बड़ा योगदान है, जिससे कि तुष्टिकरण की पराकाष्ठा से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अभ्युदय हुआ। संतोष पटेल ने कहा कि वह ऐसा कार्य कर गए कि वह हम सब के आदर्श हो गए। आज इस अवसर पर उन्हें शत शत नमन करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि अपनी मनीषियों के जीवन वृत्त को पढ़ें और पढ़ने के पश्चात उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखेंए तो हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और जब सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा तो प्रखर राष्ट्रवादी बनकर अपनी विचारधारा को उसकी तरह करने की प्रेरणा लाएंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता महानगर उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक यादव ने की। संचालन महामंत्री नवीन कपूर तथा धन्यवाद प्रकाश महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने की। इस दौरान मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री संतोष पटेल, इंजीनियर अशोक यादव, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी जी, डॉ अनुपम गुप्ता, नीरज जायसवाल, डॉ रचना अग्रवाल, मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, युवा मोर्चा अध्यक्ष रजत जायसवाल, पीयूष अग्रवाल, अवनीश श्रीवास्तव, तिरुपति मिश्रा, रवि राय हिलमिल, कार्तिक वर्मा जी विक्रम सिंह, चंदन सिंह, अनुराग यादव, शुभम सेठ आदि उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण को लेकर 11 लोगों को नोटिस

## ● बिना नक्शा और नक्शे के विपरीत हो रहे निर्माण पर गिरी गाज

संवाददाता। मऊ



**नगर** के विनियमित क्षेत्र में धड़ल्ले के साथ बिना नक्शा पास कराए अथवा पास नक्शे के विपरित प्राइवेट हास्पिटल, प्राइवेट स्कूल, शापिंग माल समेत आवासीय भवन का निर्माण करने वालों पर गाज गिरना शुरु हो गया है। इस क्रम में गुरुवार को नगर मजिस्ट्रेट ने एक प्राइवेट हास्पिटल समेत कुल 11 लोगों के अवैध निर्माण को रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही साथ राजस्व निरीक्षकों को अवैध निर्माण को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा की गई कार्रवाई से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। नगर क्षेत्र में बढ़ती आबादी एवं अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ ही जमीन के दाम भी आसमान छूते जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफजिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के नाक के नीचे आफिसर्स कालोनी ढेकुलिया घाट पुल से लेकर भीटी, सदर चौक, रौजा बाजार, मिर्जाहादीपुरा, गाजीपुर तिराहा आदि स्थानों पर धड़ल्ले के साथ बिना नक्शा पास कराए अथवा पास नक्शे के विपरित प्राइवेट हास्पिटल, प्राइवेट स्कूल, शापिंग माल का निर्माण धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को जिला प्रशासन ने काफी सख्त रुख अख्तियार किया। नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमार ने बताया कि विनियमित क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण कराने वाले 11 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। इसमें सहादतपुरा स्थित माधुरी पत्नी मंगल सिंह सहादतपुरा, शिवमंगल हॉस्पिटल, मिर्जाहादीपुरा स्थित वसीम अंसारी, सदर चौक स्थित उषा देवी पत्नी जगदीश, हट्ठी मदारी स्थित अजमल पुत्र निसार, सलाम पुत्र हनीफपठान टोला, सूरज पुत्र नंदकिशोर सहादतपुरा, अनूप पुत्र सुभाष मौर्य इमलिया, मोहम्मद अतहर भट्टकुआं पट्टी, सुभान अली इमामगंज मोड़, रहमान पुत्र रियाज मदनपुरा, दिनेश बरनवाल ख्वाजाजहांपुर शामिल हैं। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि सहादतपुरा स्थित शिवमंगल हॉस्पिटल का ऊपरी तल का मानचित्र नक्शे के विपरीत पाया गया, जो माधुरी पत्नी मंगल सिंह सहादतपुरा के नाम से पूर्व में स्वीकृत था। लेकिन यहां पर मानचित्र के विपरीत निर्माण किया जा रहा था, जिसे न्यायालय से आदेश कर नोटिस जारी करते हुए रोक दिया गया है।

### मौके पर ही निरीक्षण कर 14 लोगों का नक्शा हुआ स्वीकृति

श्वेता दुबे बहरीपुरए सरिता देवी बहरीपुर, लाल मुन्नी सिंह ताजोपुर रोहित श्रीवास्तव बकवल आदि सहित 14 लोगों का नक्शा मौके पर देखकर ही स्वीकृत किया गया। साथ ही साथ विनियमित क्षेत्र के इंजीनियर को निर्देशित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति नक्शा दाखिल करता है तो एक सप्ताह के अंदर निरीक्षण करा कर नक्शा स्वीकृत करने की कार्रवाई करें अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जूनियर इंजीनियर से एक सप्ताह के भीतर मांगी रिपोर्ट

नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन कुमार ने जूनियर इंजीनियर विनियमित क्षेत्र को आदेशित किया गया है कि परदहां से लेकर भुजौटी तक तथा गाजीपुर तिराहा से लेकर मतलूपुर मोड़ तक एवं मिर्जाहादीपुरा से लेकर तमसा नदी तक जितने भी कार्य निर्माणाधीन है या नक्शे के विपरीत हैंए इसे एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट दें ताकि कठोर कार्रवाई किया जा सके। जूनियर इंजीनियर को चेतावनी जारी करते हुए आदेशित किया गया है कि अन्यथा की स्थिति में सख्त कार्रवाई किया जाएगा।

## टीबी चैम्पियन पोस्टर लगाकर समुदाय को कर रहे जागरूक

**वाराणसी।** वर्ष 2025 तक देश को क्षय रोग मुक्त करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। हाल ही में बनाए गए जिले के 13 टीबी ;क्षय रोगद्ध चैम्पियन समुदाय में क्षय उन्मूलन के प्रति जागरूक कर रहे हैं। साथ ही क्षय रोग से ग्रसित मरीजों का उनके उपचार में सहयोग कर रहे हैं। इस क्रम में विभाग ने नई पहल शुरू की है। यह सभी टीबी चैंपियंस अब टीबी यूनिटए जिला अस्पताल व सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी चैम्पियन का पोस्टर चिपका रहे हैं। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राहुल सिंह ने दी। डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि पोस्टर में प्रमुख संदेश लिखा है 'जंग तो जीती टीबी से, कुछ खो के हमने पाया है। बनके टीबी चैपियंस, अब मदद का जज्बा जागा है'। साथ ही पोस्टर में उनका फोन नंबर भी लिखा गया हैए जिससे टीबी मरीज को परेशानी होने पर वह टीबी चैंपियंस से अपने मन की बात कहकर परेशानी दूर कर सकें। उन्होने बताया कि पूर्व में जनपद के सभी टीबी चैम्पियन को प्रशिक्षण दिया जा चुका हैए जिससे टीबी मरीजों के उपचार व सहयोग के साथ.साथ समुदाय का भी व्यवहार परिवर्तन कर सकें। उन्होने कहा कि टीबी का इलाज संभव है, सही समय पर इसका उपचार करवाया जाए और समय से दवाइयों का सेवन किया जाए तो क्षय रोगी आसानी से स्वस्थ हो सकते हैं। समाज में अब भी टीबी को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने और क्षय रोगियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जनपद में टीबी चैंपियन अपना अनुभव साझा कर रहे हैं। वह उन्हें बता रहे हैं कि टीबी का उपचार संभव है।

## राष्ट्रपति उम्मीदवार
### राजग को उम्मीद

**सत्तारूढ़** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग ने झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुना है। सुश्री मुर्मू ने अपने रायरंगपुर आवास पर कहा, 'मुझे आश्चर्य और खुशी है। सुदूर मयूरभंज जिले की आदिवासी महिला होने के नाते मैंने सर्वोच्च पद का उम्मीदवार बनने के बारे में नहीं सोचा था।' हालांकि, राजनीतिक टिप्पणीकारों के लिए यह बड़ा आश्चर्य नहीं है। व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदिवासी समुदाय या अन्य पिछड़े वर्ग-ओबीसी से किसी व्यक्ति को चुन सकते हैं। सभी अन्य बड़े समूहों-मुसलमानों, दलितों, सिखों व महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिल चुका है। सुश्री मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुन कर भाजपा नीत राजग ने न केवल आदिवासी सांसदों व विधायकों के समर्थन की उम्मीद की है, बल्कि उनके गृह राज्य ओडिशा से भी समर्थन की उम्मीद है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद का राष्ट्रपति को चुनने वाले मतदाता मंडल में 2.8 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व है। मुर्मू ने कहा, 'मुझे ओडिशा विधानसभा के सभी विधायकों व सभी सांसदों का समर्थन मिलने की आशा है। मैं धरती की पुत्री हूं। मुझे एक उड़िया होने के नाते सभी सदस्यों से समर्थन मांगने का अधिकार है।' उनके विश्वास का मजबूत आधार है। ओडिशा के मुख्यमंत्री व बीजद नेता नवीन पटनायक उनकी उम्मीदवारी के पूरी तरह पक्ष में हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'देश के सर्वोच्च पद के लिए राजग उम्मीदवार घोषित होने पर श्रीमती द्रोपदी मुर्मू



को मुबारकवाद। मुझे खुशी है कि सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मेरे साथ इस पर चर्चा की। यह ओडिशा की जनता के लिए गर्व का क्षण है।' इससे मुर्मू व राजग को सहायता मिलेगी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से उनको मिला समर्थन समान रूप से महत्वपूर्ण है। नीतीश कुमार ने कहा, 'हमें द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने से प्रसन्नता है। वे आदिवासी महिला हैं और यह बहुत खुशी की बात है कि एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद के लिए चुना गया है।' वैसे भाजपा का सर्वोच्च नेतृत्व बहुत सक्रिय तथा सतर्क है जो महाराष्ट्र में मचे राजनीतिक तूफान से स्पष्ट है। यह विपक्ष के लिए बुरी खबर है जिसने पूर्व भाजपा नेता यशवंत सिन्हा को अपना राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। विपक्षी नेताओं को उम्मीद थी कि यदि वे किसी प्रकार अपना उम्मीदवार राष्ट्रपति भवन पहुंचा सकें तो इससे अंततः भाजपा को सत्ता से हटाने की मुहिम को गति मिलेगी। लेकिन अब यह बहुत कठिन हो गया है। महाराष्ट्र में चले घटनाक्रम से स्पष्ट है कि न केवल भाजपा-विरोधी गठबंधन क्षणभंगुर है, बल्कि विपक्षी नेता भी बहुत क्षमतावान नहीं हैं। दूसरी ओर भाजपा के सर्वोच्च नेता ने अपनी सभी कदम सुनियोजित ढंग से उठाए हैं। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब राष्ट्रपति चुनाव में प्रतीकवाद का प्रयोग हो रहा है। उदाहरणार्थ, 2007 में कांग्रेस ने प्रतिभा पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया था जिनका कोई बड़ा राजनीतिक कद नहीं था और न ही ज्यादातर लोग उनको जानते थे। भाजपा वही खेल खेल रही है और उसे काफी लाभ मिला है। पूरी संभावना है कि वह अपनी पसंद का राष्ट्रपति बनाने में सफल होगी।

# राष्ट्रहित में भाजपा के विदेशी संपर्क

भाजपा के विदेशी संपर्क इस देश के बारे में जिज्ञासु व अपरिचित लोगों को यहां के लोकतांत्रिक आदर्शों का परिचय कराने के लिए हैं।



**सुमित भसीन**
(पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक)




भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। अपने सामने आ रही अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र जीवन्त व समावेशी बना हुआ है। भारत में लोकतांत्रिक आदर्शों के एक प्रतिनिधि के रूप में भाजपा विदेशी व भारतीय लोगों से कई दशकों से लगातार संपर्क कर रही है। तकनीक ने इस प्रक्रिया को और गतिशील बनाया है। दुनिया लंबे समय से भारत में लोकतांत्रिक विकास पर नजर रख रही थी। विदेशी टिप्पणीकारों ने भारत में लोकतंत्र के स्वरों को विभिन्न तरीकों से व्याख्यायित किया है। लेकिन कुछ हिस्से पूर्वाग्रहों से भी ग्रस्त हुए जिससे भारत पर उनका लेखन प्रभावित हुआ। हालांकि, कुछ वास्तव में अनेक कारणों से भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों से परिचित नहीं थे। इनमें दूरी के साथ संप्रेषण की कमी भी शामिल है। भाजपा विविधतापूर्ण लोगों से संपर्क में इन पूर्वाग्रहों व पूर्व-निर्धारित धारणाओं का मुकाबला कर रही है। 'भाजपा को जानें' सत्तारूढ़ पार्टी की एक पहल है जिससे विदेशी राजनयिकों को पार्टी के कामकाज व दृष्टिकोण के बारे में जानकारी पाने में सहायता मिलती है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने विदेशी राजनयिकों के साथ तीन संवाद सत्र आयोजित किए। इस संवाद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल थे। तीसरी बैठक में भाजपा अध्यक्ष ने भाजपा की नीतियों व कार्यक्रमों का 6 देशों के राजदूतों के साथ साझा किया जिनमें रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्की व लाओस शामिल थे।

'भाजपा को जानें' का दूसरा हिस्सा रायसीना संवाद के आसपास हुआ जिसमें 14 देशों के विदेश मंत्रियों, राजनयिकों, विदेशी मामलों के टिप्पणीकारों व अन्य पक्षों ने भाग लिया। इनमें अमेरिका, आस्ट्रेलिया व इस्राइल के लोग शामिल थे। ये दोनों आयोजन एक दूसरे से अलग थे, पर राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के मामले में वे एक दूसरे के पूरक भी थे।

प्रत्यक्ष संवाद का नवीनतम चरण मध्य एशियाई देशों के राजनयिक समुदाय के साथ आयोजित हुआ। इन देशों से भारत के बहुत पुराने संबंध रहे हैं जिनकी शुरुआत सम्राट अशोक के समय पहले वैश्विक संपर्क से हुई थी। इन देशों में सम्राट अशोक के लगवाए स्तंभ पाए जाते हैं। रायसीना संवाद में एस. जयशंकर ने भारतीय विश्व दृष्टिकोण पर जोर देते हुए इस तत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कुछ प्रमुख विदेशी टिप्पणीकारों की तात्कालिक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया जो रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में सामने आई हैं। भारत ने लगातार दुनिया को दक्षिण एशियाई उप-महाद्वीप के प्रति की गई गलतियों से परिचित कराया है। विस्तारवादी चीन के बारे में बेहतर समझदारी विकसित होने के साथ ये प्रयास परिणाम देने लगे हैं। इसके कारण दशकों से भारत के पूर्वी मोर्चे पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर समस्यायें बनी हुई हैं, जबकि पाकिस्तान पश्चिमी मोर्चे से राज्य नीति के रूप में आतंकवाद का निर्यात करता रहा है।

वैश्विक समझदारी का विकास भारत के नेताओं द्वारा विदेशी वार्ताकारों के साथ निरंतर जारी परोक्ष संवाद के कारण हुआ है। इसे सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गति दी थी। अनेक वर्षों तक चले जसवंत सिंह-स्ट्रोब टालबोट संवाद ने अमेरिका के लिए भारत को एशिया की धुरी की तरह स्थापित किया। इससे भारत का वैश्विक संपर्क और मजबूत हुआ। उल्लेखनीय है कि पूर्व भाजपा अध्यक्ष तथा उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 'फारेन सेल' व 'ओवरसीज़ फ्रेंड्स आफ बीजेपी' का गठन कर विदेशों से पार्टी का संपर्क मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय हितों के मुखर पैरोकार सामने आए। भाजपा ने पिछले एक दशक में विदेशों से संपर्क में तकनीक का भरपूर उपयोग किया है। उसने सोशल मीडिया मंचों की पूरी क्षमता प्रयोग की है जिसके बारे में अतीत में सोचा भी नहीं जा सकता था। सच्चे लोकतंत्रवादी के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने विदेशों में रह रहे भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रयोग कर भारतीय राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने का विचार सामने रखा था। कहने की आवश्यकता नहीं कि विदेशी राजधानियों में भारतीयों के साथ बढ़ते संपर्क में अनिवासी भारतीयों के बढ़ते राजनीतिक-आर्थिक प्रभाव की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में अनिवासी भारतीयों को भारतीय राष्ट्रीय हितों का एकदम सटीक स्वर मिला है। स्वाभाविक रूप से उनकी विदेश यात्राओं में अनिवासी भारतीयों से संवाद एक नियमित तत्व बन गया है। इस प्रकार जहां अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया के साथ संपर्क की नीव डाली थी, मोदी ने उसे उच्चीकृत कर भारत का एक महान प्रतीक तैयार किया है जो दुनिया के सभी कोनों में फैला है। इसका विस्तार विकसित देशों से लेकर द्वीप देशों, अफ्रीका महाद्वीप से लेकर विकासशील देशों तथा निकटतम पड़ोसियों तक है। उन्होंने विश्वसनीय मित्र बनाने के लिए सारे संसाधनों का पूरी तरह प्रयोग किया है। अनेक लोगों के लिए भाजपा तुलनात्मक रूप से एक नई पार्टी है क्योंकि उन्होंने दशकों तक कांग्रेस को सत्ता में देखा है। भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में लोकसभा में पूर्ण बहुमत मिला। 2019 के आम चुनाव में उनको फिर बहुमत मिला। जहां अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गठबंधन सरकार की मजबूरियों से बाधित थी, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले अभूतपूर्व लोकप्रिय जनादेश से भारतीय संभावनाओं को अपनी पूर्ण क्षमताओं तक पहुंचाने का अवसर दिया है।


केन्द्र में मोदी-नीत सरकार ने एक ऐसा विधायी एजेंडा अपनाया है जिसे पहले असंभव माना जाता था। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 की समाप्ति महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही मुसलमानों में व्याप्त तीन तलाक के प्रतिगामी व्यवहार को खारिज किया गया जिसने सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कठोर सुधारों की ऐसी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अनेक विश्व नेताओं में नहीं पाई जाती है। इससे विदेशी टिप्पणीकारों में भाजपा तथा उसके नेतृत्व के प्रति जिज्ञासा पैदा हुई है। इस कारण रचनात्मक विदेशी संपर्क को महत्वपूर्ण बनाया है ताकि हम तेजी से बदलते वैश्विक विमर्श के साथ कदम मिला सकें। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने अनेक देशों में राष्ट्रीय नेताओं की परीक्षा ली है। एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत को इस घातक वैश्विक महामारी से अत्यधिक संकटग्रस्त माना जा रहा था। लेकिन भारतीय नेतृत्व ने सिद्ध किया कि वह इस संकट से निपटने में सक्षम है। वास्तव में यह प्रतिक्रिया दो मेड इन इंडिया वैक्सीनों से सिद्ध हुई जिन्होंने न केवल लाखों भारतीयों, बल्कि अनेक अन्य देशों में लाखों लोगों को बचाया। इस मामले में पड़ोसी देश पूरी तरह भारत पर निर्भर रहे।

प्रधानमंत्री ने नीतिगत मोर्चे पर संपर्क बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक समुदाय से विचार-विमर्श किया ताकि कोविड-19 की चुनौतियों से पार पाया जा सके। भारत ने दिखा दिया कि देश दुनिया की औषधि राजधानी है। ब्राजील के राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो ने दवाओं व वैक्सीनों के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसकी तुलना हनुमान जी द्वारा घायल लक्ष्मण जी के लिए 'संजीवनी बूटी' लाने से की। भाजपा ऐसे संकट के समय गरीबों के साथ खड़ी हुई। लाकडाउन व उसके बाद लाखों लोगों को मुफ्त राशन किटें बांट कर पार्टी ने अपनी गहरी सामाजिक प्रतिबद्धता प्रकट की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश भर में सामुदायिक भोजनालय चलाए। इस प्रकार सामाजिक व राजनीतिक कार्य को जोड़ने में और प्रगति हुई। संवाद और संप्रेषण भाजपा तथा उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डीएनए में है।

विदेशी टिप्पणीकारों के आरएसएस व भाजपा के बारे में पूर्वाग्रह हैं जिनका कारण लंबे समय से राजनीतिक विरोधियों तथा गहराई तक जड़ें जमाए 'वाम-उदारवादी परिस्थितिकी तंत्र' द्वारा प्रचारित विमर्श है। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने विज्ञान भवन में कुछ साल पहले विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया था और उन्होंने सारे सवालों के जवाब दिए थे। उन्होंने संगठन के कामकाज तथा उसके विश्व दृष्टिकोण का विवरण दिया था। भाजपा नेता जमीनी घटनाओं पर नजर रखते हैं और इस प्रकार के संवाद अभियानों से उनको जनता की नब्ज समझने में सहायता मिलती है। वे इतिहास के कैदी नहीं हैं तथा उनकी इच्छा कठिन रास्ते पर चलने की है।

# दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति पर भ्रष्टाचार के आरोप

**गुईन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



राजनीतिक रूप से जुड़े एक पूर्व जासूस ने राष्ट्रपति रामाफोसा की लोकप्रियता पर सवाल उठाते हुए उन पर कुछ बेहद आपत्तिजनक आरोप लगाए हैं। एक समय (लगभग चार साल पहले) सिरिल रामाफोसा को दक्षिण अफ्रीका की आखिरी, सबसे अच्छी उम्मीद के रूप में देखा जाता था। 1994 में रंगभेद की समाप्ति के बाद से, देश की सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) की कमान बुद्धिमान और साहसी नेल्सन मंडेला से बौद्धिक मगर अप्रभावी थाबो मबेकी और उसके बाद भ्रष्ट और अज्ञानी जैकब जुमा के हाथ आई थी। लेकिन 2018 में खंडित और निराश एएनसी ने खुद को एकजुट किया, अपने उद्देश्य को याद किया, और जूमा की जगह सिरिल रामफोसा को अध्यक्ष के रूप में स्थापित किया। आशा बंधी थी कि रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में रामाफोसा की सक्रियता का एक लंबा रिकॉर्ड था, वह एक पूर्व ट्रेड यूनियन नेता थे, और वे इतने धनी थे कि उन्हें भ्रष्ट होने की आवश्यकता नहीं थी। वे आदर्श उम्मीदवार थे।

कुछ देर तो यह ठीक चला। अर्थव्यवस्था बहुत अधिक प्रगति नहीं की और बेरोजगारी बहुत अधिक बनी रही, लेकिन जूमा के प्रमुख साथी विदेश भाग गए, अन्य पर विभिन्न अपराधों का आरोप लगाया गया, यहां तक कि जूमा को जेल में बंद कर दिया गया। रामाफोसा कम से कम गंदगी को साफ करने की कोशिश कर रहे थे- लेकिन फिर, दो साल पहले, लिम्पोपो प्रांत में उनके वन्यजीव खेल फार्म में चोरी हो गई। उस समय किसी ने इसके बारे में नहीं सुना था, क्योंकि रामाफोसा ने इसका सार्वजनिक रूप से उल्लेख नहीं किया था। यह समझ में आता है, क्योंकि चोरों ने कथित तौर पर उनके सोफे पर कुशन में 4 मिलियन नगदी छिपा हुआ पाया था। यह उस राष्ट्रपति के लिए अच्छा नहीं है जिसकी यूएसपी भ्रष्टाचार से लड़ रही है, इसलिए पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं की गई। रामफोसा ने नुकसान सह लिया।

यह उतना पागल नहीं है जितना लगता है: रामफोसा दक्षिण अफ्रीका के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक है, और 4 मिलियन डालर उसकी संपत्ति का एक फीसदी अंश भी नहीं है। हो सकता है कि वह इस कोशिश में हो कि ध्यान इस ओर न जाए।



लेकिन फिर, इस महीने की शुरुआत में, दक्षिण अफ्रीका की खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख आर्थर फ्रेज़र ने इस संबंध में पुलिस में एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई। फ्रेजर ने कहा कि रामाफोसा की 'राष्ट्रपति सुरक्षा इकाई' (अंगरक्षक) ने चोरों का पता लगाया, उन्हें अगवा किया और उनसे पूछताछ की, और फिर नकदी के बारे में चुप रहने के लिए उन्हें रिश्वत दी। हो सकता है कि रामाफोसा जनता के आदमी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन फिर भी वह कानून तोड़ रहा होते। कि तभी फ्रेज़र ने खबर को सार्वजनिक कर दिया। समाचार अब पूरे शहर में फैल गया है, और इस सप्ताह तक रामाफोसा पर हर तरफ से हमले हो रहे थे। जैसा कि विपक्षी फ्रीडम फाइटर्स पार्टी के नेता जूलियस मालेमा ने कहा, 'अपराधी अपराधों की रिपोर्ट नहीं करते हैं, जब उनके अपराधों की आय चोरी हो जाती है,'' और संसद और सड़क पर कई अन्य लोगों ने यही विचार व्यक्त किया।

रामाफोसा के लिए, जो दिसंबर में एएनसी में नेतृत्व की चुनौती का सामना कर रहे हैं, यह बिल्कुल गलत समय है। पार्टी के भीतर उनका भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सफल नहीं हुआ और जुमा के समर्थकों ने दंगे करा दिए, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए जब जुमा को जेल में डाला गया। अब जुमा जेल से बाहर है, और रामाफोसा उसी भ्रष्टाचार के ब्रश से खुद को तार-तार कर चुके हैं। इस कहानी में बहुत कुछ गलत है। रामाफोसा के खिलाफ शिकायत लाने वाले पूर्व जासूस प्रमुख आर्थर फ्रेजर, जूमा के करीबी सहयोगी हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति अपने अंकोले मवेशियों और विभिन्न खेल जानवरों की नियमित रूप से नकद नीलामी करते हैं, लेकिन वह तकिए में नकदी क्यों छिपाएंगे?

टैक्स से बचने के लिए? यह एक ऐसा व्यक्ति है जो सचमुच दर्जनों बोर्डों पर बैठा है और कथित तौर पर इसकी कीमत 450 मिलियन डॉलर है। यदि वह करों से बचना चाहता है, तो उसके पास बहुत से वकील हैं, उसे सोफा कुशन की जरूरत नहीं है। समूचा 'घोटाला' ऑपरेशन, और विशेष रूप से स्रोत और 'शिकायत' का समय, एक राजनीतिक स्टिंग की तरह लगता है। फिर भी, रामाफोसा गहरे संकट में हैं। स्टिंग का असली उद्देश्य रामफोसा के महान और संदिग्ध धन को उजागर करना होता। उसने शायद इसे पाने के लिए कानून नहीं तोड़ा, जैसा कि जूमा ने किया था, लेकिन उन्हें यह विरासत में नहीं मिला और उन्होंने इसे कड़ी मेहनत से अर्जित नहीं किया। उन्हें बोर्ड में बैठने के लिए बड़ी रकम का भुगतान किया गया, और उन्होंने आय का बुद्धिमानी से निवेश किया।

रामाफोसा एएनसी द्वारा प्रायोजित 'ब्लैक इकोनॉमिक एम्पावरमेंट' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में उन बोर्डों में शामिल हो गए, जिनका उद्देश्य अपने राजनीतिक कार्यों के लिए एक विश्वसनीय, निम्न-प्रोफाइल आय स्रोत प्रदान करना था। इसके अधिकांश समर्थक बहुत गरीब थे, लेकिन चुने गए 'बीईई' नियुक्त लोगों से अपेक्षा की जाती थी कि वे अपनी बड़ी आय का अधिकांश हिस्सा एएनसी को दान कर दें। यह 'राज्य पर कब्जा' की एक परियोजना में भारतीय 'उद्यमियों' के साथ साझेदारी के जरिए जूमा की भारी संपत्ति कमाने के मार्ग से कम अस्पष्ट है, लेकिन दोनों व्यक्तियों की संपत्ति एएनसी के साथ उनके संबंधों से आती है। एलेक्जेंड्रा टाउनशिप में आम मतदाता के लिए, दोनों व्यक्ति बिल्कुल एक जैसे दिखेंगे।

यही कारण है कि एएनसी शायद 2024 के चुनाव में 30 साल सत्ता में रहने के बाद संसद में अपना बहुमत खो देगी। सचमुच, एक बड़ा सुअवसर, भले ही कोई नहीं जानता कि आगे क्या होने वाला है।

## आप की बात

### बाढ़ की विभीषिका

**देश** के कई राज्य इन दिनों भीषण बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में हैं। बाढ़ की विभीषिका प्रति वर्ष सैकड़ों लोगों की जान लेने के साथ ही लाखों को बेघर कर देती है। वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग को इसकी वजह बता रहे हैं जिस पर गौर करना जरूरी है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय में बाढ़ की वजह से हर साल हालात सबसे अधिक खराब होते हैं। जान माल के भारी नुकसान के साथ ही राहत शिविरों की व्यवस्था का जिम्मा भी सरकार के मत्थे पड़ता है। बड़ी संख्या में वन्य जीवों की मौत के साथ, वन संपदा को भी नुकसान पहुंचता है। दुख का विषय है कि यह समस्या किसी एक साल में पैदा नहीं हुई है, बल्कि यह तो हर साल होती है, यही नहीं, कई दशकों पुरानी है। हर साल सरकारें बाढ़ नियंत्रण और लोगों के बचाव की योजनाएं बनाती हैं लेकिन स्थाई समाधान के अभाव में 2 दिन की बारिश में सब चौपट हो जाता है। जब तक ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निजात नहीं पाई जाएगी, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं से हम रूबरू होते रहेंगे। राज्य व केन्द्र सरकार को बाढ़ से निपटने के स्थाई प्रयासों पर योजनाबद्ध रूप से जोर देना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, धार

### मोदी की स्पष्टवादिता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को याद दिलाया कि कई बड़े महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सुधार भी शुरू में अनुचित लगते हैं, लेकिन समय के साथ वे न केवल सबके लिए लाभदायक साबित होते हैं बल्कि कई बार पूरे समाज को नए दौर में भी ले जाते हैं। मोदी जी के तर्क सटीक है। मगर वास्तविकता यह है कि अग्निपथ योजना की घोषणा होते ही 1 घंटे के भीतर ही देश के कई भागों में उग्र आंदोलन और उपद्रव शुरू होना, यह दर्शाता है कि उपद्रव और हुड़दंग मचाने की संपूर्ण तैयारियां पहले से ही थी। बस किसी मुद्दे की तलाश थी और अग्निपथ योजना के रूप में उपद्रवियों को एक मुद्दा मिल गया और देश को उपद्रव की आग में झोंक दिया गया। यह भारत का दुर्भाग्य है कि विश्व के कई देशों में सैन्य शिक्षा अनिवार्य है। और हमारे इतने बड़े देश में इससे रोजगार देने के साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी दी जाती है। मगर ये उपद्रव मचाने का एक षड्यंत्र है। लगता है भविष्य के लिए कड़े फैसले लेते हुए अब देश में उपद्रव, बंद, हड़ताल आदि के विरुद्ध सख्त नियम लागू करने पड़ेंगे। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर, देश को जलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

– **सुभाष बुडावनवाला**, रतलाम

### महाअघाड़ी की गाड़ी

**तीन** अलग-अलग दिशाओं में दौड़ने वाले घोड़े एक बग्गी को लेकर दौड़े तो बग्गी आगे ना बढ़ पाई। ढाई साल हो गए लूट खसोट में सभी घोड़े लगे रहे। 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा और बहुमत से भी अधिक सीटें दोनों ने हासिल की, पर भाजपा से आधी सीट लेने के बावजूद शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद के लिए अड़ गए। आखिरकार शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद की खातिर अपने सिद्धांतों को तिलांजलि देकर कांग्रेस और एनसीपी से हाथ मिला कर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस और एनसीपी के मंत्री और विधायकों के आचरण से परेशान शिवसैनिक विधायक और मंत्री ढाई साल तक तो सब कुछ सहते रहे और आखिरकार एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उन्होंने शिवसेना छोड़ने का मन बना लिया। अब बाला साहब ठाकरे की असली शिवसेना तो एकनाथ शिंदे वाली हो गई। अभी खेल जारी है। देखना होगा कि महाराष्ट्र में ऊंट किस करवट बैठता है, पर महाअघाड़ी की गाड़ी तो पटरी से उतर ही गई है।

–**अतिवीर जैन**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमने** अंतरिक्ष व रक्षा क्षेत्र खोला है जो दशकों से सरकारी नियंत्रण में था।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**75** साल में पहली बार सेना प्रमुखों को सरकारी नीतिगत निर्णय के बचाव में सामने लाया गया है।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
राज्यसभा में नेता विरोधी दल





**मुझे** यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय किसान पूरी तरह सुरक्षित हैं।

– **पीयूष गोयल**
वाणिज्य मंत्री

# अयोध्या को चमकाने में लाएं तेजी

**अयोध्या।** मंडलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में आज अयोध्या विजन डॉक्यूमेंट 2047 की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गई। आयुक्त ने कहां कि बैठक का मुख्य उद्देश्य अयोध्या के श्रीराम मंदिर निर्माण के आसपास के विकास कार्यो की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर विभागों के अन्तर समन्वय बनाना एवं गतिरोधो को दूर कर निर्माण कार्यो में तेजी लाना है। मंडलायुक्त ने बैठक की समीक्षा करते हुए पाया कि लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली योजनाओं के प्रति ठीक नहीं हैए जिस पर उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करते हुए कार्यों में तेजी लाने एवं सुधार करने के निर्देश दिए और कहा कि अगली बैठक में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। मंडलायुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं व संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति



अयोध्या विजन 2047 के डैशबोर्ड पर प्रत्येक सप्ताह के सोमवार तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें। डीएम नितीश कुमार ने कहा की अगामी बैठकों में सभी विभागीय अधिकारी पूर्णध्अद्यतन प्रगति रिपोर्ट का अध्ययन करके बैठक में स्वयं प्रतिभाग करेंए अपने सहायको को न भेजे और यदि किसी अधिकारी को अकास्मिक कारणों से बैठक में अनुपस्थित रहते है तो उसकी जानकारी डीएम कार्यालय को उपलब्ध करायें। बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेंगी।

मंडलायुक्त ने अयोध्या विजन 2047 की समीक्षा करते हुए कार्यदायी संस्था एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रगति कार्यों का जायजा लिया गया, जिसमें टर्मिनल बिल्डिंग, रन.वे, बाउंड्री वॉल आदि कार्यों की जानकारी की गई। फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य माह दिसंबर 2022 के अंत तक पूर्ण कर लिया जाए व ड्रेनेज निर्माण कि जो समस्या आ रही है उसको शीघ्र निस्तारित करें तथा डोमेस्टिक फ्लाइट ऑपरेशन के लिए कितने विद्युत लोड की आवश्यकता है उसकी रिपोर्ट तैयार कर विद्युत विभाग को प्रस्तुत करें, जिससे मूल्यांकन की कार्यवाही कर शासन को भेजी जा सके। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्था सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद में एनएच 27 बाईपास से निकलकर महोबरा बाजार होते हुए बाजार/श्रीराम जन्मभूमि तक सम्पार संख्या 111 बी पर चार लेन रेल उपरिगामी सेतु का निर्माणए पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ क्रॉसिंग संख्या 112 पर व चैदहकोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुंड स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 105 पर दो लेन रेलवे उपरिगामी सेतुए आदि कार्यों की जानकारी की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा नजूल की जमीनों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अगली बैठक से पेहले पूर्ण कर ली जाए तथा रेलवे सम्पार संख्या 107, के पास पेड़ काटने की कार्यवाही वन विभाग द्वारा प्राथमिकता पर करा दी जाए एवं रेल सम्पार संख्या 121 बी मोदहा में आ रही समस्या के लिए रेलवे, सेतु निगम व राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर जॉइंट फिजिबिलिटी टेस्ट कराकर कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा। उक्त के अतिरिक्त राजर्षि दशरथ राजकीय मेडिकल कालेजए भारत सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत रामायण सर्किट अयोध्या का निर्माण कार्य, रामकथा गैलरी में पार्किंग स्थल, ओपेन इयर थियेटर, फुट ओवरब्रिज, बेस्ट मैनेजमेंट, स्टोन बेंच, सोलर लाइट, फसाड इलुमिनेशन, साइनेज का कार्य आदि कार्यो की संक्षिप्त समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अन्य अपर जिलाधिकारीगण आदि विभागों के अधिकारी के साथ.साथ, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, राजस्व, लोक निर्माण, सिंचाई, पर्यटन, विद्युत, रेलवे, निर्माण निगम, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि विभागों के अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# खुदाई में संत की प्राचीन मूर्ति मिली

**जाना बाजार।** कोरो राघवपुर गांव के पुराने तालाब के किनारे स्थित संत लालशाह दादा समाधि स्थल के पास खुदाई के दौरान एक 4 इंच की प्राचीन दुर्लभ मूर्ति मजदूरों को दिखाई दी। मूर्ति शांति मुद्रा में बैठे एक संत की है जो संजीव से प्रतीत हो रहे है। आसपास के लोग संत लाल शाह दादा की समाधि लेने के समय लगभग 600 वर्ष पूर्व की बताकर पूजा पाठ कर रहे हैं। इसकी जानकारी क्षेत्र में फैलते ही लोगों का ताता भी ग्राम प्रधान के घर रखी मूर्ति के दर्शन के लिए लग गया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस सहित राजस्व विभाग को दे दिया।

विकासखंड तारुन के ग्राम सभा के कोरो राघवपुर गांव के पास स्थित कई सौ वर्ष पुराने बड़े तालाब से सटे धार्मिक स्थल का जीर्णोद्धार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा अपने निजी खर्चे से कराया जा रहा है । इसी कड़ी में धार्मिक स्थल पर संत लाल शाह दादा की समाधि से सटाकर एक दीवाल बनाई जा रही थी। बृहस्पतिवार को दिवाल की नींव खुदाई के दौरान



मजदूरों को जमीन के अंदर एक लगभग 4 इंच की एक प्राचीन अति दुर्लभ मूर्ति दिखाई दी । जो बिल्कुल सजीव और अलौकिक ध्यान मुद्रा में बैठे एक संत की मूर्ति है। जिसे देखकर मजदूरों ने मौजूद लोगों को दिखाया । बगल धार्मिक स्थल पर बैठे बुजुर्ग लोगों ने मूर्ति का अवलोकन करने के उपरांत और अपने बुजुर्गों द्वारा बताए गए शारीरिक रचना के अनुसार मूर्ति को बगल समाज के लिए संत लाल शाह दादा के रुप में पहचान किया। जो उनकी समाधि के दौरान बनवाया गया होगा। बुजुर्गों ने बताया कि यह मूर्ति लगभग 600 वर्ष पूर्व की है। वही लाल शाह दादा की मूर्ति मिलने की खबर मिलते ही आसपास के दर्जनों गांव के लोगों का ताता मूर्ति के दर्शन के लिए ग्राम प्रधान विनोद सिंह के द्वार पर लग गया। इस दौरान ठाकुर परिवार के लोगों द्वारा मूर्ति की पूजा पाठ भी शुरू कर दिया गया। गांव के जनक सिंह वीरेंद्र सिंह कर्मवीर भूपेंद्र सिंह मुन्नू संतराम हरिलाल सुरेश सिंह हरिलाल सुशील सिंह शिवनाथ गया प्रसाद जगदंबा प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद सिंह ने बताया कि उनको उनके बुजुर्गों द्वारा बताई गई बात के अनुसार 600 वर्ष पूर्व सुल्तानपुर जनपद के कटावा महमूदपुर गांव से अपने गांव के कुछ साथियों के साथ संत लाल शाह दादा विशुही नदी के जंगलों के पास स्थित पुराने बड़े से तालाब के किनारे आकर अपनी कुटिया बनाकर रह रहे थे। बुजुर्गों के अनुसार उसी स्थान पर संत लाल शाह दादा ने बैठकर समाधि भी लिया था। जहां पर आज उनकी समाधि बनी है। उसी मुद्रा में ही उनकी मूर्ति हमें कई वर्ष बाद मिली है। इस मूर्ति को समाधि स्थल पर ही स्थापित की जाएगी।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थेः विजय प्रताप

**अम्बेडकरनगर।** अखण्ड भारत एक भारत के लिए समर्पित भारतीय जन संघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस को भाजपा ने जनपद के प्रत्येक बूथ पर बृहद वृक्षारोपण, चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित कर मनाया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जन संघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की बलिदान दिवस पर अपने बूथों पर विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया और भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में डाक्टर मुखर्जी जी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया। भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह वा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने विधान सभा क्षेत्र अकबरपुर के अमरौला घाट पर मंत्रोचार के साथ विधि विधान से पीपल, पकड़, बरगद (हरि शंकरी) का वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण उपरांत



डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री/जिला प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जन संघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति थे।उनकी महान देश भक्ति की सोच और अखंड भारत की लड़ाई में उनके बलिदान को देश कभी भूल नहीं सकता है। मुखर्जी जी हमेशा देश और देश वासियों के हितों की लड़ाई लड़ते रहे। अखण्ड भारत एक भारत की लड़ाई लड़ते हुए कश्मीर में अपना बलिदान 23 जून को दिया था। हम उनकी देश और समाज हित की सोच को आगे बढ़ाएं यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारतीय जन संघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी हमेशा एक भारत श्रेष्ठ भारत की आवाज बुलंद करते रहे उन्होंने सदैव कश्मीर के अलग कानून और झंडे का विरोध किया। उनका जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। भाजपा की केंद्र सरकार के मुखिया प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कश्मीर को देश की मुख्य धारा से अलग करने वाली धारा 370 और 35 ए को समाप्त कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# हालैंड हॉल छात्रावास था अंतर्जनपदीय बमबाज गैंग का ठिकाना, सरगना समेत पांच गिरफ्तार

- तीन दिन पहले सिविल लाइंस के हरीश ढाबे पर बमबाजी कर फैलाई थी दहशत, हमले में प्रयुक्त कारए तमंचे और पांच बम बरामद

**प्रयागराज।** शहर के पॉश इलाके सिविल लाइन स्थित हरीश ढाबे पर बीस जून की रात हुई बमबाज़ी का पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। पुलिस दावे के मुताबिक यह करतूत अंतर्जनपदीय गैंग विवेक यादव उर्फ़ बाग़ी गैंग की है। विवेक बाग़ी मूलरूप से बलिया का रहने वाला है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के हॉलैंड हाल में कब्जा जमाकर रहने वाले इस गिरोह के तार प्रदेश के कई दिनों से जुड़े हैं। तकरीबन आठ सदस्यों वाले इस गैंग के सरग़ना विवेक यादव उर्फ़



प्रेसवार्ता करते एसएसपी अजय कुमार गिरफ्तार अभियुक्त।

बाग़ी समेत 05 लोगों को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ़्तार किया है। बांकी बचे सदस्यों की गिरफ़्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। एसएसपी अजय कुमार एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि घटना में प्रयुक्त स्विफ़्ट कार बरामद की गई। सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक बरामद स्विफ्ट कार से 05 ज़िन्दा बम एवं बदमाशों के क़ब्ज़े से तमंचा और कारतूस मिले हैं। यह गैंग इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के हॉलैण्ड हॉल छात्रावास के कमरा नम्बर 04, 30 और 70 में अवैध रूप से निवास करता था। इस गैंग के सदस्य मऊ गाजीपुर बलिया अमेठी प्रतापगढ़ जौनपुर और प्रयागराज के रहने वाले पाए गए हैं। यह एक अंतर्जनपदीय गैंग है। जिनके सदस्यों पर हत्या के प्रयास लूट डकैती आगज़नी बमबाज़ी और धोखाधड़ी से संबंधित कई मुक़दमे दर्ज पाए गए हैं।

## क्विक न्यूज

### डॉ. प्रताप कुमार एन ने की कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी

**प्रयागराज।** प्रसिद्ध इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और मेडिट्रिना ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डा प्रताप कुमार एन ने कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफइंडिया सीएसआई नेशनल इंटरवेंशनल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत में पहली बार लाइव जीरो कॉन्ट्रास्ट एंजियोप्लास्टी जेडसीए की। परिषद एनआईसी डा प्रताप कुमार एन जो सीएसआई एनआईसी के वैज्ञानिक अध्यक्ष हैं।सीएसआई एनआईसी माइंड टर्म कॉन्फ्रेंस में पहली बार लाइव जेडसीए केस एक राष्ट्रीय मंच पर किया गया। इस माइंड टर्म कॉन्फ्रेंस में पूरे देश के कुलीन इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट ने भाग लिया। तीन दिवसीय सीएसआई एनआईसी मध्यावधि बैठक पहली बार महामारी के बाद आयोजित की गई। डॉ प्रताप कुमार ने पिछले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मेडिट्रिना अस्पतालों में चालीस से अधिक जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी की है।

### मदर चाइल्ड स्केल मशीन का डीडीओ ने किया निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** राज्य पोषण मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के वेट नापने के लिए मदर चाइल्ड स्केल मशीन का निरीक्षण जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने अपने कार्यालय में स्वयं मशीन का किया निरीक्षण, निरीक्षण में मशीन सही पाई गई। बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा राज्य पोषण मिशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का स्वास्थ्य सही रहे इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र पर वेट नापने वाली मशीन रखी जाती है जिससे समय-समय पर बच्चों का वेट नापा जा सके। अकबरपुर की सीडीपीओ शेषनाथ वर्मा ने मदर चाइल्ड स्केल नई मशीन का आंगनबाड़ी केंद्र पर वितरण करने से पहले जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया जिसमें मशीन सही पाई गई उसके साथ साथ सीडीपीओ शेष नाथ बर्मा ने बताया कि जनपद में 2551 आंगनबाड़ी केंद्र हैं उन केंद्रों पर मशीन भेजी जाएगी जिन केंद्रों पर मशीन खराब है ऐसे में अकबरपुर ब्लॉक में ग्रामीण क्षेत्रों में 350 मशीन आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजी जाएगी और 34 मशीन अकबरपुर शहर के केंद्रों पर भेजी जाएगी।



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पैधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** भारतीय जनता पार्टी खजुरी मंडल अंतर्गत सभी बूथों पर पार्टी के जन्मदाता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथि के अवसर पर खजुरी मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में सभी बूथों पर डॉक्टर मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर वृक्षारोपण भी किया गया। शक्ति केंद्र चंदापुर में महामंत्री रानेश पांडे, राम बाबा में पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब सिंह, रुदऊपुर शक्ति केंद्र पर देवंती कनौजिया, विनय कुमार गुप्ता, अढनपुर में शत्रुघ्न सिंह, रामपुर गिरन्ट में इंद्र प्रताप पांडे एवं रमन कुमार दुबे, तेरिया में दीपक दुबे, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजमणि सिंह, जैतूपुर में भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रामबक्स सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री रिंकल सिंह, राकेश सिंह, टेमा में संदीप तिवारी के नेतृत्व में, मंडल के सभी बूथों पर डॉक्टर मुखर्जी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई एवं वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामबचन गुप्ता, अशोक गुप्ता, मोहम्मद जाविर, मोहम्मद तारिक, राजेश्वर सिंह, लाल बहादुर सिंह, कुलदीप अग्रहरी, मंजू मणि मिश्रा, तारकेश्वर पांडे, कृष्ण कुमार पांडे, राम प्रकाश गुप्ता, अवधेश श्रीवास्तव, विवेक सिंह, शैलेश सिंह, सहित अनेक बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



### अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक 25 को

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक 25 जून 2022 को सांय 03 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी है। बैठक में माह जुलाई 2022 में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों का उत्तरदायित्व निर्धारण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में ससमय प्रतिभाग करने के आवाहन किया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**मिल्कीपुर अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के कटघरा गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्ध रामबरन पुत्र हरिभजन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई घर से लगभग 500 मीटर दूर स्थित खेत से शव बरामद हुआ। कुमारगंज थानाध्यक्ष वीर सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पंचायतनामा भरा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिल्कीपुर तहसील अंतर्गत थाना कुमारगंज क्षेत्र के कटघरा गांव निवासी 60वर्षीय वृद्ध रामबरन पुत्र हरिभजन जो की प्रतिदिन की तरह अपने खेत की रखवाली करने घर से लगभग 500मीटर दूर जाया करते थे वहीं पर पशुओं को भी रखे हुए थे।

रामबरन बीते 21-22 कि रात खेत में रखवाली करने गए हुए थे सुबह जब काफी समय तक घर वापस नहीं आए तो वहां पर परिजनो ने जाकर देखा, तो रामबरन मृत पड़े हुए थे। परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी होने के बाद ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए परिवारजनों ने मृतक के शव को खेत से घर ले आए। मृतक के बेटे को घटना की जानकारी दिया, जो शहर में मेहनत मजदूरी कर रहे थे, मृतक के बेटों के कहने पर परिवार के सदस्यों समेत ग्रामीणों ने शव को बर्फमें रखवा दिया था।

मृतक का बेटा जब घर पहुंचकर अपने पिता को देखकर रोने बिलखने लगा उसी बीच किसी व्यक्ति की निगाह मृतक के गर्दन पर जा पहुंची जहां पर काला निशान बना हुआ थाए निशान को देखकर ग्रामीण समेत परिजन दंग रह गए और घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस को दे दी। थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसपी व सीओ घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद सीधे कुमारगंज थाने पहुंच कर थानाध्यक्ष वीर सिंह को आवश्यक निर्देश दिए।

# आईजीआरएस पर की कार्रवाई से कमिश्नर असंतुष्ट, मांगा स्पष्टीकरण

- आरसी की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किये जाने के दिए निर्देश
- संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माणाधीन कार्यों को लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ण किये जाने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त संजय कुमार गोयल की अध्यक्षता में गुरूवार को आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली आईजीआरएस के साथ.साथ विकास प्राथमिकता के कार्यों की प्रगति के सम्बंध में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने कर.करेत्तर से सम्बंधित विभागों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए वाणिज्य कर विभाग आबकारी स्टाम्प एवं पंजीकरण




समीक्षा बैठक करते कमिश्नर संजय गोयल।

परिवहन विद्युत विभाग खनन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग की राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने जनपद फतेहपुर की वसूली कम पाये जाने पर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने सभी विभागों द्वारा जारी की गयी आरसी के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी विभागों को आरसी वसूली की कार्रवाई में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस सम्बंध में बनाये गये नोडल अधिकारियों तहसीलदारों के साथ लगातार सम्पर्क में रहकर वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए असंतोषजनक फीडबैक पर की गयी कार्रवाई के सम्बंध में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी ली। जिस पर संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर अधीक्षण अभियंता विद्युत डीडी पंचायत खाद्य एवं रसद विभाग के संयुक्त आयुक्त से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि किसानों का नुकसान किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर जाकर उनके दावों की पड़ताल कर पात्र लोगों को योजना से लाभान्वित कराने के लिए कहा है। टीकाकरण कार्यक्रम का डाटा त्रुटिपूर्ण प्रस्तुत करने की लापरवाही पर डीडी पशुपालन से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने बरसात के मौसम को देखते हुए गोवंश आश्रय स्थलों पर पानी न भरने पाए। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थायें कराये जाने के लिए कहा है साथ ही पिछले वर्षों में जिन गोशालाओं में जलभराव हुआ था। उनको चिन्हित कर सही कराये जाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री डीएम प्रतापगढ़ डा नितिन बंसल जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने कहा, बाढ़ से निपटने की कर लें तैयारी

- सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में बाढ़ एवं अतिवृष्टि के सम्बंध में बैठक आयोजित की। बैठक में जिलाधिकारी ने बरसात के समय आने वाली सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश सभी सम्बंधित विभागों को दिए हैं। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर बाढ़ चैकियों को चिन्हित करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने जलभराव नालों की सफाई सीवर की सफाई एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश नगर निगम एवं जल संस्थान को दिया है। डीएम ने बाढ़ के समय स्लूज गेटों के बंद होने पर पानी की निकासी के लिए



बाढ़ से संबंधित बैठक करते डीएम।

पम्पों की क्रियाशीलता को चेक कराते हुए उनको क्रियाशील बनाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं की दवाईयों टीकाकरण भूसा चारा एवं पेयजल की समुचित एवं पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को बाढ़ के समय बाढ़ से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था ब्लीचिंग फागिंग, कीटनाशक एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव नियमित रूप से कराये जाने हेतु पहले से सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। डीएम ने यह भी निर्देशित किया है कि जहां पर पिछले वर्ष डेंगू का प्रकोप अधिक था। वहां पर साफ सफाई का विशेष अभियान पहले से ही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को बाढ़ के समय प्रभावित होने वाले सड़कों एवं पुलियों की मरम्मत की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु कहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ढीले एवं जर्जर तारों एवं जर्जर पोलों को पहले से ही ठीक कराये जाने हेतु विद्युत विभाग को निर्देशित किया है। उन्होंने नांव एवं मोटर बोट की उपलब्धता भी सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा बाढ़ चैकियों में पुलिस पेट्रोलिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस विभाग को कहा है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणकर बाढ़ चैकियों एवं शरणालयों को चिन्हित किए जाने एवं उनकी स्थापना के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी के टैंकर की भी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह सीएमओ डा नानक सरन उपस्थित रहे।

## नियंत्रण कक्ष में कर सकते हैं बाढ़ की शिकायत

**प्रयागराज।** बाढ़ जैसी समस्या के लिए और बाढ़ से सम्बंधित सूचना की जानकारी के संबंध में कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिसका नम्बर नंबर 0532 2641577, 0532 2641578 है। इन नम्बरों पर बाढ़ की शिकायत की जा सकती है।

# जान से मारने की धमकी देने के मामले मे तीन लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** कोतवाली टाण्डा क्षेत्र अन्तर्गत कशमिरिया मुहल्ले के रहने वाले सुरेश चन्द पुत्र स्व0 बभद्र प्रसाद ने बताया कि वह अपने मकानपर थातभी मुहल्ले के विपक्षी मनी, शनी और लकी पुत्रगण सितमुद्दीन मेरे घर के सामने अपनी कार लाकर मेरे ऊपर चढा रहा था- और गन्दी गन्दी गाना बजा रहा था जब उसने टोका तो विपक्षी गण गाली गलौज देते हुये उसकी बहन को मारने के लिये ईटा फेकातथा दो ईटा मेरे ऊपर फेका जो लगा नही विपक्षी गण जान से मारने की धंमकी भी दिया। सुरेश चन्द उक्त सूचना देते हुयेकहा कि यहा पर इस्लामोफिविया गिरोह सक्रीय है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा विजेन्द्र शर्मा ने बताया है कि सुरेश चन्द की तहरी मनी, शनी, लकी पुत्र गण सितमुद्दीन निवसी कशमिरीया के विरूद्ध धारा 336, 504, 506 आईपीसी के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करजाच की जा रही है।

# प्रभावी कार्ययोजना व शाखा विस्तार पर चर्चा

- भारत विकास परिषद प्रयाग प्रांत की कार्यशाला आयोजित

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद प्रयाग प्रान्त की कार्यशाला सिविल लाइंस स्थित एक होटल में आयोजित हुई। जिसका संचालन करते हुए परिषद के महासचिव सुनील धवन ने अतिथियों का स्वागत किया। सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता व विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रांत की 15 शाखाओं के सदस्यों ने एक साथ राष्ट्रगान गाया। प्रांतीय अध्यक्ष निशा जायसवाल ने अतिथियों का परिचय कराते हुए अभिवादन किया। कार्यशाला की आवश्यकता एवं उद्देश विषय पर मुकेश जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपना उद्बोधन किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डा आर बी श्रीवास्तव राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन प्रकाशन ने भारत विकास परिषद के उद्देश्य और अवधारणा




भारत विकास परिषद की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

विषय पर अपने विचार रखे। शाखा की प्रभावी कार्ययोजना शाखा विस्तार एवं प्रभावी प्रवास विषय पर नवीन श्रीवास्तव क्षेत्रीय महासचिव ने कहा कि सभी सदस्यों को एक नया सदस्य बनाकर नई शाखा खोलने का प्रयास करना चाहिए। शाखा दायित्व धारियों के अधिकार व कर्तव्य विषय पर प्रमोद राम त्रिपाठी क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव ने बहुत सरल ढंग से अपने विचार रखे।

प्रांत के लेखा जोखा को कैसे रखना है इस पर बी वी जुनेजा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव ने कोषाध्यक्ष को जानकारी दी। संपर्क पर सच्चिदानंद सेवा पर सुनील सिन्हा संस्कार पर अशोक अग्रवाल महिला एवं बाल कल्याण पर सुमन अग्निहोत्री ने सभी प्रकल्पों की जानकारी कार्य योजना रखी। अंतिम सत्र में सदस्यों के लिए खुला मंच था। जिसमें सभी ने अपनी शंकाएं मार्ग दशकों से दूर की। धन्यवाद ज्ञापन मधुबाला श्रीवास्तव प्रांतीय वित्त सचिव ने दिया। कार्यक्रम में शिव नंदन गुप्त प्रमोद बंसल अरुण जायसवाल मधुबाला श्रीवास्तव ज्योति श्रीवास्तव प्रदीप बरनवाल दिलीप बरनवाल मनीष सिंह प्रिया नारायण अरविंद दरबारी आलोक शाह उमेश प्रताप सिंह मीना अरोड़ा आदि रहे।

भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर महासभा के तत्वावधान में सम्मेलन

# सभी वर्गों को मिलाकर समाज को बढ़ाने की दिशा में हो रहा कार्य: असीम अरुण

संवाददाता। सीतापुर



**समाज के** सभी अंगों को मिलकर आगे बढ़ाने की दिषा में संघ सामाजिक समरसता सम्मेलन आयोजित कर भाजपा सरकारों की जो अंत्योदय की परिकल्पना है उसको साकार करने में जुटा है, इसी उद्देश्य से गुरूवार को सीतापुर के लखीमपुर रोड पर स्थित एयरकंडीशन गेस्ट हाउस उमराव पैलेस में सामाजिक समरसता का सम्मेलन आयोजित कर खासकर वंचित दलितों को भाजपा से जोड़ने और भारत देश के लिए आरएसएस द्वारा किए जा रहे, योगदान एवं भ्रांतियों को दूर भगाने का प्रयास हुआ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समाजकल्याण मंत्री असीम अरूण पधारे, इसके अलावा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम के अध्यक्ष लालजी प्रसाद निर्मल, संघ के प्रान्त संघ चालक कृष्ण मोहन, ललितकला एकाडेमी के उपाध्यक्ष गिरीष चन्द्र मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पत्रकार संतोष वाल्मीकि, डा. भीमराव अंबेडकर महासभा की जिलाध्यक्षा सावित्री देवी चौधरी और राघवेन्द्र सिंह मंचासीन रहे। सम्मेलन में

अंत्योदय की परिकल्पना को परिभाषित करते हुए समाजकल्याण मंत्री असीम अरूण ने पायनियर से कहा कि विकास के कारवां में कोई पीछे न रहे, उपचुनाव एवं राष्ट्रपति पद के लिए आदिवासी महिला को उम्मदीवार बनाए जाने को सामाजिक समरसता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए उनके विचार पर बात कही। सम्मेलन में बोद्धभिक्षुओं को सम्मानित किया गया। भंते नाग सेन सम्मेलन में बौद्ध भिक्षु भंते नाग सेन भंते धम्मसेन एभंते महासागरए भंते प्रकाश चंद्र एभंते शिवानंद एभंते सदानंदए भंते भीम रत्न एभंते विजयरत्न एसहित करीब दो दर्जन बौद्ध भिक्षुओं को धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। आरएसएस के विभाग प्रचारक बैरिस्टर, अवध क्षेत्र सदस्य रोहित भारती, सत्यपाल, प्रदीप सिंह चौहान, सूर्यभान सिंह, राजेष चौधरी, महेष कुमार, विनोद पाल, राजा मौर्य, राघवेन्द्र, वायुनायक कष्यप, भूपेन्द्र, सत्यप्रकाष, वेद प्रकाष, अंकित गिरी, मायादेवी, अखिल द्विवेदी, मीना अवस्थी, नरेष चन्द्र मौर्य, वीरेन्द्र पाल, सतगुरू षरण रावत, सत्यम कष्यप, वैष्णवी, विजय षंकर बाजपेई, विजय कुमार, रवि अवस्थी, पुष्पकर गुप्ता, लल्लू राम मौर्य, सूरज मौर्य, वीरपाल सिंह सहित करीब 400 कार्यकर्ता शामिल हुए।

# डीएम ने निष्क्रिय आशाओं को दी चेतावनी, सुधरें वरना सेवा समाप्त

संवाददाता। सीतापुर

## ● जिला स्वास्थ्य समिति षासी निकाय की बैठक में दिए निर्देश

**जिलाधिकारी अनुज** सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार किये जाने एवं नियमित पर्यवेक्षण किये जाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ इंडीकेटर्स लगवाये जायें तथा स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सेवाओं की सूची भी प्रदर्शित की जाये। इसके साथ ही पैथालॉजी में उपलब्ध जांचों की भी सूची प्रदर्शित की जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुये कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुये सभी को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि गत 03 माह से निष्क्रिय आशाओं को अन्तिम चेतावनी देते हुये सुधार हेतु एक माह का समय दिया जाये तथा सुधार न करने वाली आशाओं की सेवा समाप्त किये जाने का प्रस्ताव अगली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाये। तीन वर्ष से एक ही स्थल पर तैनात बी0सी0पी0एम0 के स्थानान्तरण का प्रस्ताव अगले दो कार्यदिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर एक्सरे मशीन लगी है उनके समुचित संचालन के लिये स्टेब्लाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में तैनात बाल रोग विशेषज्ञों का प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि इंसेफ्लाइटिस एवं दिमागी बुखार के विषय में व्यापक जन-जागरूकता प्रसारित की जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 के सत्र नियमित रूप से आयोजित कराने, नियमित मानीटरिंग कराने तथा सभी सत्रों में आवश्यक किट एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत वी0एल0ई0 के माध्यम से सभी लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनवाये जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें। पूर्ण टीकाकरण में सिधौली, सीतापुर अर्बन, बिसवां एवं बेहटा की खराब प्रगति पर सुधार के निर्देश दिये। आंशिक टीकाकरण में सीतापुर अर्बन, सिधौली एवं बिसंवा का खराब प्रदर्शन रहा तथा नो इम्यूनाइजेशन में बेहटा की सबसे खराब स्थिति होने पर सुधार के निर्देश दिये। बेहटा एवं हरगांव में अपडेटेड ड्यू लिस्ट की स्थिति सबसे खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि आशा के साथ नियमित रूप से बैठक कर ड्यू लिस्ट अपडेट करने का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कराया जाये तथा उसका शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। कार्यों में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आख्या प्रेषित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से मानीटरिंग करते हुये खराब इंडीकेटर्स में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री को लेकर अब मचा घमासान

# प्लाईवुड फैक्ट्री को बेचने की अनुमति को लेकर हुई बैठक



## ● प्रशासन की टीम ने प्लाईवुड फैक्ट्री कर्मचारियों और मालिकाना हक जताने वालों से जुटाए साक्ष्य

## ● कर्मचारी संगठन में हुए दो फाड़ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष आमने सामने

संवाददाता। सीतापुर

**कभी एशिया** प्रसिद्ध रही सीतापुर की प्लाईवुड फैक्ट्री को विक्रय करने की जिलाधिकारी से मांगी गई, अनुमति पर गठित की गई, टीम ने प्लाईवुड फैक्ट्री पर मालिकाना हक जताने वाले पक्ष के और कर्मचारी नेताओं के साथ गुरूवार को सुनवाई की। सदर तहसील में हुई सुनवाई में कागजातों और साक्ष्यों को संकलित किया गया। सुनवाई में क्या निश्कर्स निकला इसकी एक रिपोर्ट टीम जिलाधिकारी अनुज सिंह को सौंपेगी, जिसके बाद अगला निर्णय होगा। फिलहाल कर्मचारी नेताओं और प्लाईवुड फैक्ट्री का मालिकाना हक जताने वालों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया। प्लाईवुड फैक्ट्री पर मालिकाना हक जताने वालों का कहना है कि वह चाहते है कि कर्मचारियों का बकाया उन्हें

**डीएम द्वारा** गठित टीम के अध्यक्ष एसडीएम सदर अनिल कुमार का कहना कि उन्होंने दोनों पक्षों का सुना है साक्ष्यों को जुटाया है जल्द ही अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

**अनिल कुमार,**
**एसडीएम सदर।**

मिल जाए, लेकिन कर्मचारी आर्य. बंधु रोक लगाते है, जबकि प्लाईवुड कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष आर्य. बंधु मालिकाना हक जताने वालों पर ही सवाल खड़ा करते है, हालांकि मालिकाना हक जताने वाले पक्ष के नवीद इरसाद के समर्थन में प्लाईवुड कर्मचारी संगठन के उपाध्यक्ष ओम प्रकाष जायसवाल खड़े नजर आते है, इसको लेकर एसडीएम सदर के यहां हो रही बैठक के दौरान आर्य. बंधु के आरोपों पर एसडीएम सदर अनिल कुमार का पारा चढ़ गया। लंबे समय से प्लाईवुड फैक्ट्री का मामला न्यायालय से लेकर जिला प्रषासन के बीच चल रहा है, तत्कालीन जिलाधिकारी षीतल वर्मा ने प्लाईवुड फैक्ट्री को बेचे जाने पर रोक लगा दी थी, इस रोक को हटाने के लिए प्लाईवुड फैक्ट्री पर मालिकाना हक जताने वाले पक्ष के नवीद इरसाद ने कर्मचारियों के बकाया भुगतान को चुकता कर फैक्ट्री बेंचे जाने की गुहार जिलाधिकारी अनुज सिंह से लगाई है। उधर सदर तहसील में दोनों पक्षों के बीच हुई बैठक के बाद कई कर्मचारियों ने कर्मचारी नेता आर्य. बंधु की अगुवाई में जमकर नारेबाजी की।

## क्विक न्यूज

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया वृक्षारोपण



**संडीला(हरदोई)।** स्व0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवसर पर भाजपाईयों ने वृक्षारोपण किया। बलिदान दिवस के अवसर पर सर्व प्रथम स्व0 श्यामा प्रयास मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद भाजपा नेता विशुनदयाल शुक्ला, रामरतन वर्मा, अतुल तिवारी, लोकेश कुमार सैनी आदि ने वृक्षारोपण भी किया।

### एसडीएम ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**संडीला(हरदोई)।** एसडीएम ने नगर के कई वॉर्डों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीएम डीपी सिंह ने सफाई निरीक्षक सौरव कुमार शुक्ला के साथ वॉर्ड सं0 25 का निरीक्षण किया। उन्होंनें जूनियर हाई स्कूल के सामने टूटी हुई नाली को देखकर नाराजगी व्यक्त की। इसके अलावा दो प्लाटों में गंदगी पाई गई जिसे साफकराया गया तथा प्लाट मालिक को नोटिस देने के उन्होंनें निर्देश दिए। पुराने सिनेमा के पास नाली में गंदगी पाई गई जिसे साफकराया गया। एसडीएम ने सदर बाजार में कई दुकानों के बाहर रखे हुए सामान पर जुर्माना भी कराया। उधर अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में वॉर्ड सं0 06 में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। 2000रु का जुर्माना भी वसूल किया गया।

### पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**संडीला(हरदोई)।** पुलिस ने नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।स्थानीय पुलिस के एंटी रोमियो स्कवाड द्वारा संडीला रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाल ने नगर स्थित तमाम बैंकों की शाखाओं को चेक किया और वहां तैनात किए गए पुलिसकर्मियों का वैरिफिकेशन किया। सभी बैंकों में तैनात किए गए कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद पाए गए।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**संडीला(हरदोई)।** नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को तलाश कराना शुरू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेगमगंज स्थित एक गहरे तालाब में सुबह के समय एक युवक नहाते समय डूब गया। उसको डूबते हुए गांव के कई लोगों ने देखा और शोर भी मचाया लेकिन कोई तैरने वाला व्यक्ति वहां नहीं पहुंचा तथा उक्त युवक डूब गया। इस घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल दिलेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से शव को तलाश कराने का प्रयास शुरू किया। हालांकि अभी तक मृतक का शव बरामद नहीं हो सका है। पुलिस उसे अज्ञात ही बता रही है जबकि प्रत्यक्षदर्शी सुनील नामक व्यक्ति का कहना है कि मृतक ग्राम बेगमगंज निवासी ठाकुर है जो पीआरडी में कार्यरत था।

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली** ।सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।शाही थाने के गांव दुनका निवासी 24 वर्षीय मनोज कश्यप पुत्र श्यामलाल की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे 14 जून को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मनोज कश्यप 14 जून को मोटरसाइकिल लेकर अपने किसी दोस्त से मिलने के लिए घर से निकला था । लेकिन गांव के बाहर ही तेजी से आ रही किसी गाड़ी नें उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।टक्कर मारने वाली गाड़ी फरार हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया।

# मानकविहीन कार्य से आक्रोश



**मैलानी-खीरी।** नगर पंचायत विभाग द्वारा वार्ड नं.-2 मोहल्ला गौतम नगर में नाली व पैचिंग कार्य जोकि लक्ष्मी कान्सेकसन लखीमपुर खीरी के नाम से राम चन्द्र के मकान से पलिया रोड कराया जा रहा था। जिस पर वार्ड नं 2 की निवासिनी मीरा भार्गव पत्नी सुन्दर लाल सहित मोहल्ला रहमान लियाकत अली असफाक आदिल सुलेमान आसिफ सफीतुल्ला नजर अली सहित तमाम लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्य घटिया सामग्री तथा बिना वाटर लेवल निकले पुरानी नाली पर पुरानी ईटों से निर्माण विपरीत दिशा से कराया जा रहा है। जब सभासद सहित लोगों ने रुकवाने की कोशिश की तो राज मिस्त्री द्वारा अभद्रता से बात करने का आरोप लगाया है। साथ ही राज मिस्त्री के फोन करने पर पहुंचे जो निर्माण कार्य करा रहे रोहित मिश्रा से भी लोगों की काम को लेकर रुकवाने के चलते तीखी नोक झोंक भी हुई। उसके उपरान्त सभासद सहित तमाम मोहल्ले के लोग नगर पंचायत पहुंचे परन्तु अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी के अवकाश पर होने के कारण सभी लोगों का कहना था कि अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी व जेई साहब के आने के बाद ही निर्माण कराया शुरू किया तब तक के लिए निर्माण कार्य स्थगित कर दिया गया।

## पलिया पुलिस ने आबकारी अधिनियम में तीन को धरा

**लखीमपुर-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक पलिया सैयद मोहम्मद अब्बास के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आबकारी अधिनियम में तीन लोगों को पकड़ा गया। इनकी पहचान भल्लर पुत्र जगरूप निवासी ग्राम गुलरा थाना पलिया, श्रीपाल पुत्र डालचंद्र निवासी ग्राम छोटा पतवारा थाना पलिया व संतोष पुत्र शत्रोहन निवासी बड़ा पतवारा थाना पलिया को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 15 लीटर व दूसरी पिपिया में 20 लीटर अवैध देशी शराब भी बरामद हुई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हनुमंत लाल तिवारी थाना पलिया, कांस्टेबल सचिन कुमार, कांस्टेबल सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल केशव गंगवार व कांस्टेबल रवि थाना शामिल रहे।

# प्लाईवुड एंड विनियर एसोसिएशन ने काऊ प्रोटेक्शन के लिया दिया 1.5 लाख का दान

## ● 16.65 लाख पार पहुंचा फंड

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**जिले** में काऊ प्रोटेक्शन फंड में प्लाईवुड एंड विनियर एसोसिएशन ने डेढ़ लाख का दान किया। जिसके बाद फंड में करीब 16.65 लाख की धनराशि जमा हो चुकी है। गुरुवार को प्लाईवुड एंड विनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने डीएम से उनके कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद की प्लाईवुड विनियर उत्पादन एसोसिएशन इकाइयों की ओर से कॉउ प्रोटक्शन फंड में डेढ़ लाख रुपए की धनराशि का सहयोग दिया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि गौवंश सरंक्षण सभी के समेकित सहयोग से पूरी तरह संभव है। उन्होंने जिले के लोगों से भी अपील किया कि उनकी जो भी क्षमता है उसके हिसाब से धनराशि दे सकते हैं। गोवंश की सेवा हमारी संस्कृति की पहचान हैं। हमारी सभी से अपील है कि गोवंश के संवर्धन और सेवा के लिए यथासंभव धन और भाव का दान करने के लिए आगे आएं। हम उम्मीद करते हैं और आमजन इससे जुड़ कर इसे सफल करेगे। डीएम ने कहा कि अब लोगों को गो-सेवा में दान करने के लिए गोशाला जाने की जरुरत नहीं रही है। अगर आप डिजिटल बैंकिंग का इस्तेमाल करते हैं तो घर से ही बैंकिंग के माध्यम से दान का पैसा सरकारी खाते में ट्रांसफर किया जा सकता है। इस पैसा को जिले भर की अस्थाई व स्थाई गोशाला में गायों पर इस्तेमाल किया जाएगा।

## एसडीएम की अध्यक्षता में कोटेदारों की बैठक



**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील सभागार मे उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ब्लॉक मोहम्मदी, पसगवा वण्नगर क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं की बैठक आहूत की गयी। बैठक में उचित दर विक्रेताओं को सिंगल स्टेज डिलीवर, वितरण करने के साथ-साथ समय से मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न को सम्बन्धित स्कूल को उपलब्ध कराने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड बनाने हुए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्ति निरीक्षक ललित पाठक, अनिल वर्मा, खाद्य तथा रसद विभाग सीडीपीओ माजिदा बेगम, खंड शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से बीसीपीएम, आयुष्मान मित्र व उचित दर विक्रेतागण उपस्थित हुए।

## रस्क फैक्ट्री में मिली कर्मचारी की लाश तीन हिरासत में

**बरेली।** एक रस्क फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी की फैक्ट्री मे हीं बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर वालों ने पुलिस से घटना की शिकायत की और हत्या की आशंका जताई पुलिस ने फैक्ट्री की मालकिन समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी 32 वर्षीय विकास गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक रस्क फैक्ट्री में पाई गई ।मृतक के घर वालों ने बताया कि विकास गुप्ता कई सालों से फैक्ट्री मे काम करता था और कल रात फैक्ट्री में काम करने के लिए गया था ।लेकिन वापस नहीं लौटा ।

# अपहृत अमन को पुलिस ने किया बरामद

## ● दो अपहरणकर्ताओं को किया गिरफ्तार

संवाददाता । मैलानी-खीरी




थाना मैलानी पुलिस टीम द्वारा अपहृत अमन प्रजापति की बरामदगी कर दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

मैलानी थाने के प्रभारी निरीक्षक रामलखन पटेल ने वादिनी शांती देवी पत्नी रमेश प्रजाप्रति निवासी ग्राम रामनगर ग्रंट नं.-11 की लिखित तहरीर के आधार पर विवेचना शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर अपहृत अमन प्रजापति की बरमादगी हेतु एसओजी, सर्विलांस टीम व थाना स्तर पर टीम गठित कर तत्काल बरामदगी हेतु आदेशित किया। एसओजी एवं पुलिस टीम द्वारा अपहृत अमन प्रजापति की 22 जून को बरामदगी कर ली।

मौके से अपहरणकर्ताओं सुभाष कुमार पुत्र बहादुर निवासी बड़ी बबुलिया थाना झनकटिया जनपद ऊधमसिंहनगर उत्तराखण्ड व रामाधार उर्फ पप्पू पुत्र इंद्रासन निवासी बड़ी बबुलिया थाना झनकटिया जनपद ऊधमसिंहनगर को ग्राम बडी बबुलिया थाना झनकटिया जनपद ऊधमसिंहनगर उत्तराखण्ड से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से अपहृत अमन प्रजापति का मोबाइल बरामद किया गया।

अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मैलानी थाने के प्रभारी निरीक्षक रामलखन पटेल, उप निरीक्षक कौशल किशोर, उप निरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल जितेन्द्र वर्मा, कांस्टेबल विकास कुमार, कांस्टेबल अनुज कुमार, कांस्टेबल अजय कुमार पाण्डेय, प्रभारी उप निरीक्षक शिव कुमार यादव, कांस्टेबल तुषार कुमार, कांस्टेबल विक्रान्त चौधरी, कांस्टेबल योगेश तोमर, कांस्टेबल रजनीश प्रताप सिंह व कांस्टेबल अरविन्द प्रताप सिंह शामिल रहे।

# खेत पर मिली ग्रामीण की लाश, हत्या की आशंका

**बरेली ।** रात के समय खेत पर सोने गए ग्रामीण की लाश खेत आज सुबह खेत में पाई गई उसके सिर में चोट के निशान थे खेत के मालिक ने घरवालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घर वालों ने हत्या की आशंका जताई और पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।सिरौली थाने के गांव अंजनी निवासी 55 वर्षीय सोहनलाल पुत्र छोटेलाल की लाश आज सुबह फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में फहीमुद्दीन के खेत में पाई गई ।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सोहनलाल लगभग 30 सालों से मीरगंज के गांव सिंगरा स्थित अपनी ससुराल में रह रहा था । वहीं के रहने वाले फहीमुद्दीन के खेती को बटाई पर ले रखा था ।वह कल शाम को रोजाना की तरह खेत पर सोने गया था ।लेकिन सुबह होने पर वह वापस घर नहीं लौटा । रात में किसी ने उसके सिर में भारी चीज मारकर हत्या कर दी । सुबह होने पर खेत का मालिक फहीमुद्दीन जब खेत पर पहुंचा तो उसने सोहनलाल की लाश को खेत में देखा और घटना की जानकारी पहले उसके ससुरालियों को दी ।कुछ देर बाद घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।घर वालों ने सोहनलाल की हत्या की आशंका जताते हुए किसी भी रंजीश से इनकार किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए खेत के मालिक और अन्य कई लोगों से पूछताछ की ।

## पीएम किसान योजना के नाम पर युवक से की धोखाधड़ी

**बरेली।** प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले एक व्यक्ति को ?21935 का चूना लग गया उसने अपने साथ की गई धोखाधड़ी की शिकायत एसएसपी से की है हरिओम पुत्र जागरण लाल ग्राम लोहार नगला तहसील मीरगंज का रहने वाला है उसने पीएम किसान योजना में जन सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन किया था ।

## बच्चों को मिले टाई बेल्ट व आईकार्ड

**लखीमपुर खीरी।** पब्लिक स्कूल के बच्चों की तरह परिषदीय स्कूल के बच्चे भी टाई-बेल्ट व आर्ड कार्ड के साथ स्कूल आएंए इसके लिए एक प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक ने नई सोंच के साथ स्कूल के बच्चों को गुरूवार को टाई-बेल्ट व आईकार्ड वितरण किया। जिस पर बच्चे खुशी से उछलते दिखे। गुरुवार को बिजुआ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय काशीपुर में प्रधानाध्यापक आशुतोष वर्मा ने स्कूल के पंजीकृत 224 बच्चों में उपस्थित 146 बच्चों को टाई, बेल्ट और आइकार्ड का वितरण किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी बच्चों के लिए इसकी व्यवस्था की गई है। आज पूरे बच्चे उपस्थित नहीं थे। अगले दिन जब छूटे बच्चे स्कूल आएंगे उन्हें भी सामग्री दी जाएगी। उन्होंने बच्चों से कहा कि प्रतिदिन साफ-सुथरी यूनीफार्म पहन कर टाई-बेल्ट लगाते हुए आईकार्ड को गले में टांग कर स्कूल आओ। प्रधानाध्यापक ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत करगेए ताकि बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में सुनिश्चित हो सके।

## बीएसए व प्रधानाध्यापकों में संवाद



**लखीमपुर खीरी।** खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन-निर्देशन में सभी ब्लॉकों में परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र की गतिविधियों को नियोजित करने के संबंध में संवाद कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। गुरुवार को तृतीय चरण में बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने ब्लॉक पलिया व निघासन ब्लॉक में बीईओ की मौजूदगी में प्रधानाध्यापकों से संवाद किया। बीएसए ने सभी प्रधानाध्यापक को उनके गुरुत्व पद का बोध कराते हुए उनसे बेसिक शिक्षा की उन्नति के लिए कदम से कदम मिलाकर चलने की अपील की और सभी से निपुण भारत मिशन की सफलता के लिए अपना पूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। बीएसए ने शिक्षकों को दायित्व बोध कराते हुए शैक्षिक उन्नयन व उनकी भूमिका, सहभागिता पर चर्चा की। शिक्षक संपूर्ण शिक्षा जगत की दूरी है। इनके बिना एक सभ्य समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति पर फोकस करें। बच्चे स्कूल क्यों नहीं आते हैं, शिक्षक संबंधित बच्चों के अभिभावकों से मुलाकात कर स्कूल नहीं आने के कारणों का पता लगाएंगे। साथ ही बच्चों को समय से स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित करें। बीएसए ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि डीबीटी से छात्र-छात्राओं के यूनिफार्म, स्कूल बैग, जूते मोजे व स्वेटर के लिए अभिभावकों के खाते में अंतरित धनराशि का सदुपयोग हो गया है और छात्र-छात्राएं स्कूल ड्रेस में उपस्थित हो। कंपोजिट स्कूल ग्रांट की धनराशि के उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए। चिन्हित जर्जर, अप्रयुक्त विद्यालय भवन बच्चों के प्रयोग में न लाया जाए।

# द्रमुक की बैठक में घमासान, पन्नीरसेल्वम पर फेंकी बोतलें

भाषा। चेन्नई

**अन्नाद्रमुक** की आम परिषद की बैठक में बृहस्पतिवार को हंगामे के बीच सभी 23 प्रस्ताव खारिज कर दिए गए और घोषणा की गई कि परिषद सदस्यों की एकमात्र मांग संयुक्त समन्वयक ई.के. पलानीस्वामी के पक्ष में पार्टी के लिए एकल नेतृत्व प्रणाली पेश करना है। पार्टी के संयोजक पन्नीरसेल्वम जब मंच से जाने वाले थे, तब उनके बहुत करीब एक बोतल आकर गिरी। बोतल पन्नीरसेल्वम पर गिरने ही वाली थी, लेकिन उनके निजी सुरक्षा अधिकारी ने अपनी बाहें उनके आसपास फैलाकर उन्हें बचा लिया। मंच से उतरकर जब वह निकास द्वार की ओर जा रहे थे तब एक और बोतल उनके पास गिरी। बैठक के समय पन्नीरसेल्वम और पलानीस्वामी समर्थकों के बीच जबरदस्त नारेबाजी देखने को मिली। दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच जोरदार बहस हुई और दोनों पक्षों ने अपने-अपने नेताओं का पूरा समर्थन किया। पन्नीरसेल्वम और पलानीस्वामी जब बैठक स्थल पर पहुंचे तो दोनों के समर्थकों ने उनका स्वागत करते हुए नारेबाजी की।

दूसरी ओर, द्रमुक के अध्यक्ष व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्नाद्रमुक में चल रही अंदरूनी लड़ाई का जिक्र किया और कहा कि जो उनकी पार्टी को खत्म करना चाहते थी, वो अब अपने खात्मे की ओर बढ़ रही है। इससे पहले बैठक के दौरान सभी 23 प्रस्तावों को खारिज कर दिया गया और घोषणा की गई कि परिषद के सदस्यों की एकमात्र मांग संयुक्त समन्वयक ई.के. पलानीस्वामी के पक्ष में पार्टी के लिए एकल नेतृत्व व्यवस्था पेश करना है। बैठक शुरू होते ही पहले से तय प्रस्तावों को पारित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इनमें से पहला प्रस्ताव पार्टी समन्वयक ओ. पन्नीरसेल्वम ने जबकि दूसरा पलानीस्वामी ने पेश किया। पलानीस्वामी ने संक्षिप्त संबोधन में पन्नीरसेल्वम को अपना भाई बताया। हाल में राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए वरिष्ठ नेता सी.वी. षणमुगम ने घोषणा की कि सामान्य परिषद सभी प्रस्तावों को खारिज करती है। उन्होंने पलानीस्वामी के पक्ष में अन्नाद्रमुक के लिए एकल नेतृत्व की जरूरत पर बात की। षणमुगम ने कहा कि परिषद के लगभग ज्यादातर (2,500 से अधिक) सदस्यों ने पलानीस्वामी का समर्थन किया। पार्टी के उपसचिव के. पी. मुनुसामी ने कहा कि परिषद सदस्यों ने सभी 23 प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, उनकी एकमात्र मांग केवल एकल नेतृत्व के लिए हैै।

जिस दिन एकल नेतृत्व प्रस्ताव पेश करके उसे पारित किया जाएगा, उसी दिन अन्य सभी प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी। वहीं, पन्नीरसेल्वम, परिषद सदस्यों के एकल नेतृत्व की मांग पर अड़े रहने और अपने प्रतिद्वंद्वी पलानीस्वामी का पक्ष लिए जाने के बाद बैठक छोड़कर चले गए। पलानीस्वामी के समर्थकों ने जैसे ही उन्हें एक सजा हुआ ताज, एक तलवार और राजदंड भेंट किया, पन्नीरसेल्वम और अन्नाद्रमुक उप सचिव वैथीलिंगम समेत उनके समर्थक बैठक से चले गए। शोर-गुल के बीच परिषद की बैठक 40 मिनट तक चली।

वरिष्ठ पदाधिकारी व पूर्व मंत्री बी. वलरमथी ने पलानीस्वामी के समर्थन में पार्टी के संस्थापक एमजी रामचंद्रन की फिल्म का एक गाना गाया और कहा, एक नेता उभरेगा। बैठक में पलानीस्वामी के समर्थक उन्हें पार्टी का सर्वोच्च नेता बनाने की मांग पर अड़े रहे। यह घटनाक्रम पन्नीरसेल्वम के समर्थकों के सामने पलानीस्वामी खेमे की ताकत को दर्शाता है। बैठक में जब एकल नेतृत्व की मांग उठी, तब पन्नीरसेल्वम मंच पर पलानीस्वामी के निकट बैठे थे। पार्टी ने घोषणा की कि आम परिषद की अगली बैठक 11 जुलाई को होगी।

## कश्मीर में टूरिस्ट गाइड की डूबने से मौत, पर्यटक लापता

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में तरसर झील में डूबने से एक टूरिस्ट गाइड की मौत हो गई, वहीं उत्तराखंड से आया एक ट्रैकर लापता है। एक अधिकारी ने यहां बताया, गांदेरबल जिले का रहने वाला टूरिस्ट गाइड शकील अहमद बुधवार को तरसर झील में डूब गया। उसका शव बृहस्पतिवार को निकाला गया। अधिकारियों के अनुसार, उत्तराखंड से आए ट्रैकर के भी मारे जाने की आशंका है क्योंकि वह बुधवार को भारी बारिश के दौरान फिसलकर झील में गिर गया था। अनेक राज्यों से आए 11 ट्रैकर का समूह तीन स्थानीय गाइड के साथ यात्रा पर निकला था। ए लोग 19 जून को कश्मीर घाटी में भारी बारिश शुरू होने से पहले निकले थे। 10 पर्यटकों और 2 स्थानीय गाइडों को तो बचा लिया गया, वहीं एक लापता पर्यटक का पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं। इस बीच बृहस्पतिवार की सुबह यहां डल झील में एक हाउसबोट डूबने लगी थी और स्थानीय लोगों ने सात पर्यटकों को डूबने से बचा लिया।



नई दिल्ली में राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की

# त्रिपुरा उपचुनाव में 76.62 प्रतिशत मतदान, विपक्ष का धांधली का आरोप

**अगरतला।** त्रिपुरा की चार विधानसभा सीटों पर बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव में शाम पांच बजे तक 76.62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) किरण गिट्टे ने दी। गिट्टे ने कहा कि अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के कुंजाबन इलाके में ऑफ-ड्यूटी पुलिसकर्मी समीर साहा को चाकू मारने सहित कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान प्रक्रिया काफी हद तक शांतिपूर्ण रही। साहा का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। विपक्षी कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर धांधली किए जाने का आरोप लगाते हुए अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के चार बूथ पर पुनर्मतदान की मांग की, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि उपचुनाव के नाम पर लोकतंत्र की हत्या की गई। सत्तारूढ़ भाजपा ने उन सभी चार सीटों पर जीत का भरोसा जताया जहां चुनाव हुए थे। जुबराजनगर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 80.41 प्रतिशत मतदान हुआ, सूरमा निर्वाचन क्षेत्र में 80 प्रतिशत मतदान हुआ। टाउन बारदोवाली विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 69.54 प्रतिशत मतदान हुआ जहां से मुख्यमंत्री माणिक साहा भाजपा के उम्मीदवार हैं। अगरतला सीट पर 76.72 फीसदी मतदान हुआ। राज्य में 2018 के विधानसभा चुनाव में 87 प्रतिशत मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था और शाम तक जारी था क्योंकि आखिरी घंटों के दौरान मतदान बूथ के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। गिट्टे ने कहा, हमें अब तक मतदान और पुनर्मतदान की मांग के संबंध में कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली है। उपचुनाव में कुल 1,89,032 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र थे। मुख्यमंत्री साहा ने चारों सीटों पर जीत का विश्वास जताया। उन्होंने कहा, मतदाताओं ने बूथ पर कतार में खड़े होकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। हम चार सीटें जीतने के लिए 100 प्रतिशत आश्वस्त हैं। मतदान अच्छा रहा, जो सत्तारूढ़ भाजपा में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। कांग्रेस ने अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के चार बूथों पर फिर से मतदान की मांग की, जहां पार्टी के सुदीप रॉय बर्मन भाजपा के अशोक सिन्हा के खिलाफ खड़े हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बिरजीत सिन्हा ने कहा, हम हमलों, धमकियों और डराने-धमकाने के बावजूद कांग्रेस को वोट देने वाले लोगों को बधाई देते हैं। पार्टी जल्द ही अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के चार बूथ पर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के लिए पुनर्मतदान की मांग करेगी। मुख्यमंत्री के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार आशीष साहा ने कहा, मतदाताओं को रोकने के सभी प्रयासों के बावजूद, बड़ी संख्या में लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचे और मतदान किया। टाउन बारदोवाली निर्वाचन क्षेत्र में मध्यम मतदान कांग्रेस के लिए एक अच्छा संकेत है। माणिक साहा को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने के लिए यह चुनाव जीतने की जरूरत है। वह राज्यसभा सांसद हैं, जिन्होंने पिछले महीने तत्कालीन मुख्यमंत्री बिप्लब देब के अचानक इस्तीफे के बाद शपथ ली थी। राज्य में पैठ बनाने की कोशिश कर रही टीएमसी ने भाजपा समर्थित गुंडों द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया। टीएमसी के प्रदेश प्रभारी राजीव बनर्जी ने आरोप लगाया, भाजपा समर्थित गुंडों ने एक पुलिस कांस्टेबल को चाकू मार दिया, जबकि सूरमा से पार्टी के उम्मीदवार पर हमला किया गया। कई फर्जी मतदाता कतारों में देखे गए। उपचुनाव के नाम पर लोकतंत्र की हत्या की गई है।

## अरुणाचल में एनएससीएन आईएम के दो उग्रवादी गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले से प्रतिबंधित एनएससीएन-आईएम के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने मंगलवार को रंगकातु चाय बागान इलाके से कोंग्सा गांव के बैतु योंग्जा (51) को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने बताया कि वह एनएससीएन-आईएम की ओर से चाय बागान के प्रबंधक से वसूली करने गया था। बुधवार को एनएससीएन-आईएम के एक अन्य कैडर को पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ के संयुक्त दल ने उसी इलाके से पकड़ा था। आरोपी की पहचान नमतोक सर्किल के फांगसुम गांव के चकंगम कोंगकांग (30) के रूप में की गई है।

## सैलजा, सिंघवी, सुब्बारामी रेड्डी और लल्लू कांग्रेस कार्य समिति में शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को कार्य समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री टी सुब्बारामी रेड्डी को स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ए नियुक्तियां की हैं। सोनिया गांधी की करीबी माने जाने वाली सैलजा कुछ सप्ताह पहले तक हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष थीं। सिंघवी विख्यात अधिवक्ता होने के साथ ही पिछले कई वर्षों से कांग्रेस के प्रवक्ता की भूमिका निभा रहे हैं। वह राज्यसभा सदस्य भी हैं।

# अर्जुन मुंडा ने जनजातीय विधायकों, सांसदों से मुर्मू के समर्थन का अनुरोध किया

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति पद** की दौड़ में द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी को केवल राजनीतिक चश्मे से नहीं देखे जाने पर जोर देते हुए केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को सभी आदिवासी विधायकों और दलों से राजनीति से ऊपर उठने और उनका समर्थन करने की अपील की। इस सप्ताह की शुरुआत में, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के शीर्ष संवैधानिक पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रूप में 64 वर्षीय मुर्मू के नाम की घोषणा की थी। झारखंड की राज्यपाल मुर्मू निर्वाचित होने पर भारत की राष्ट्रपति बनने वाली पहली आदिवासी नेता होंगी, उनके चुने जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि आंकड़े राजग के पक्ष में हैं। खुद एक आदिवासी नेता मुंडा ने मुर्मू के नामांकन को आदिवासी समुदाय के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात करार दिया।

मुंडा ने बताया मुझे लगता है कि यह हमारी आजादी के 75वें वर्ष में देश के पूरे आदिवासी समुदाय के लिए सबसे बड़ा सम्मान है। मैं सभी आदिवासी विधायकों, सांसदों और आदिवासियों की राजनीति करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसी दलों से अपील करता हूं कि उनका समर्थन करें। मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि उनके समर्थन की घोषणा करने में देरी क्यों हो रही है। शीर्ष संवैधानिक पद के लिए एक आदिवासी महिला को नामित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा को धन्यवाद देते हुए, मुंडा ने कहा, यह निर्णय उन राजनीतिक दलों को बेनकाब करता है जिन्होंने आदिवासियों के बारे में बहुत सारी बातें कीं और खुद के आदिवासी कल्याण के ध्वजवाहक होने का दावा किया, लेकिन उनके लिए किया कुछ नहीं। हमारे प्रधानमंत्री उनके बारे में बेहद संवेदनशील हैं।

मुर्मू की उम्मीदवारी को राजनीति के चश्मे से नहीं देखने की नेताओं से अपील करते हुए मंत्री ने कहा, उन्हें पहले आदिवासी के रूप में देखा जाना चाहिए, और इसलिए, सभी को आगे आना चाहिए और अपना सम्मान व्यक्त करना चाहिए...। ओडिशा के पिछड़े क्षेत्र मयूरभंज से आने वाली मुर्मू को मृदुभाषी और मिलनसार नेता माना जाता है। मुर्मू ने पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य किया है और राज्य में बीजू जनता दल के साथ पार्टी के गठबंधन के दौरान वह मंत्री भी रहीं। संयोग से, उनके नाम पर 2017 में भी शीर्ष संवैधानिक पद के लिए भाजपा की संभावित पसंद के रूप में चर्चा हुई थी लेकिन तब पार्टी ने राम नाथ कोविंद को इस पद के दावेदार के तौर पर चुना था।



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की

## तमिलनाडु में पटाखे बनाने वाली इकाई में विस्फोट, तीन की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुडलूर में पटाखे बनाने वाली इकाई में बृहस्पतिवार को हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई है। घटनास्थल यहां से करीब 174 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को नेल्लीकुप्पम गांव के वसंता का अच्छा इलाज कराने का निर्देश दिया, जो दुर्घटना में घायल हो गई है। पुलिस के अनुसार, कुडलूर जिले के एम पुदुर में पटाखा बनाने वाली इकाई में आग लगने के बाद तीन श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे में पूरी इकाई तबाह हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पटाखा बनाने वाली इकाई में हुए विस्फोट में पेरियाकाराइकाडु गांव की चित्रा (35), नेल्लीकुप्पम गांव की अंबिका (50) और मूलक्कुप्पम गांव के साथियाराज (34) की मौत से दुखी हैं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

## क्विक न्यूज

### हिजाब विवादः दो मुस्लिम छात्राओं ने कॉलेज से एनओसी, तो एक ने टीसी ली

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु स्थित कॉलेज में हिजाब पर रोक का विरोध करने वाली दो मुस्लिम छात्राओं को अन्य कॉलेज में नामांकन के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) दिया गया है, जबकि एक को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) जारी किया गया है। तीन छात्राओं में से दो ने प्रेस वार्ता कर विश्वविद्यालय परिसर में वर्दी नियम को सख्ती से लागू करने के फैसले पर सवाल उठाया था। कॉलेज की प्राचार्या अनसूइया राय ने कहा कि प्रेस वार्ता में शामिल एक अन्य छात्रा ने कॉलेज को पत्र लिखकर माफी मांगी है और वह ऑनलाइन कक्षाओं में हिस्सा ले रही है। राय ने कहा कि केरल की रहने वाली एम.एससी (रसायन विज्ञान) की अन्य मुस्लिम छात्रा ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए स्थानांतरण प्रमाण-पत्र लिया है। एनओसी से छात्राएं अन्य स्नातक कॉलेज में दाखिला ले पाएंगी। टीसी तब जारी की जाती है जब किसी अन्य कॉलेज में प्रवेश की मंजूरी मिल जाती है। मंगलुरु विश्ववद्यालय के कुलपति पी एस यदापदित्या ने घोषणा की थी कि अगर मुस्लिम छात्राएं विश्वविद्यालय के वर्दी नियमों का पालन करने को तैयार नही है और अन्य कॉलेज में दाखिला लेना चाहती है, जहां ए प्रतिबंध नही है, तो उनके लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।

### आरएसएस से संबद्ध संगठन ने द्रौपदी मुर्मू को सर्वसम्मति से निर्वाचित करने की अपील की

**नई दिल्ली।** आरएसएस से जुड़े संगठन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने के राजग के निर्णय को ऐतिहासिक करार देते हुए बृहस्पतिवार को सभी दलों से उन्हें सर्वसम्मति से निर्वाचित करने की अपील की। संगठन ने दलों से कहा कि मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित करके वे जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण प्रगति के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध संगठन ने एक बयान में कहा कि भारतीय परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होने तथा गौरवशाली परंपरा का ध्वजवाहक होने के बावजूद जनजातीय समाज को वर्षो से नजरंदाज किया जा रहा था। बयान में कहा गया है कि देश में 12 करोड़ जनजातीय लोग होने के मद्देनजर मुर्मू का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया जाना सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में एक अहम कदम है।

### बिहार की सड़कों को लेकर प्रशांत ने नीतीश पर कसा तंज

**पटना।** जन सुराज अभियान के संयोजक प्रशांत किशोर ने बृहस्पतिवार को अपने पूर्व संरक्षक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य की सडकों को लेकर किए गए दावे को झूठा करार दिया। किशोर ने मधुबनी जिले से गुजरने वाले एक राष्ट्रीय राजमार्ग के वीडियो को ट्विटर के जरिए साझा करते हुए कटाक्ष किया, 90 के दशक के जंगलराज में बिहार में सड़कों की स्थिति की याद दिलाता यह बिहार के मधुबनी जिले का नेशनल हाईवे 227 (एल) है। उन्होंने कहा, अभी हाल में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एक कार्यक्रम में पथ निर्माण विभाग के लोगों को बोल रहे थे कि बिहार में सड़कों की अच्छी स्थिति के बारे में उन्हें सबको बताना चाहिए। उन्होंने 1990 के दशक के कथित जंगल राज का संदर्भ लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासन के संबंध में दिया जिन्होंने 2005 में नीतीश के नेतृत्व वाले राजग द्वारा पराजित होने से पूर्व 15 साल तक बिहार पर शासन किया था। अराजकता और सड़कों की खराब स्थिति दो प्राथमिक मुद्दे थे जिन पर राजद को आलोचना का सामना करना पड़ा। ि

### मारवाड़ी यूनिवर्सिटी ने प्रवेश प्रक्रिया शुरू की

**नई दिल्ली।** गुजरात सरकार द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का दर्जा पाने वाले गुजरात के सबसे युवा विविद्यालय मारवाड़ी यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए अपनी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत इच्छुक विद्यार्थी साइंस, इंजीनियरिंग ,कॉमर्स , कंप्यूटर एप्लीकेशन, लॉ, आर्ट, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी,बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, मैनेजमेंट, एग्रीकल्चर और रिसर्च पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। स्नातक स्तर पर इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, आईटीए आईसीटी, कंप्यूटर, केमिकल और ऑटोमोबाइल में बी टेक, बी एससीए बीबीए, बी कॉम, एलएलबी ऑनर्स, एलएलएमए बीसीएए एग्रीकल्चर के लिए प्रवेश जारी है। इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग जैसे नए प्रोग्राम के लिए भी प्रवेश प्रक्रिया जारी हैए यह एक तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र है जिसमें 2019 में 53.2 मिलियन रोजगार मिलने के बाद अब 2023 में 62 मिलियन के रोजगार के अवसर मिलने अनुमान हैं। मारवाड़ी यूनिवर्सिटी के डॉ संदीप संचेती ने कह कि हमें भविष्य के लिए तैयार स्मार्ट लोगों की वर्कफोर्स बनाने पर गर्व हैए जो न केवल अपने क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने में सक्षम हैए बल्कि वे लीडर बनने और अपने चुने हुए क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने में भी समर्थ हैं।

# लारेंस बिश्नोई ने मूसेवाला हत्याकांड में मास्टरमाइंड होना स्वीकार कियाः पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के एडीजीपी प्रमोद बान ने बृहस्पतिवार को कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने स्वीकार किया है कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड था और पिछले अगस्त से इसकी योजना बना रहा था। गैंगस्टर रोधी कार्यबल के प्रमुख बान ने कहा कि एक अन्य आरोपी बलदेव उर्फ निक्कू को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। शुभदीप सिंह सिद्धू, जिन्हें सिद्धू मूसेवाला के नाम से जाना जाता था, की पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इससे एक दिन पहले पंजाब सरकार ने गायक और 423 लोगों के सुरक्षा कवर में कटौती की थी। बान ने कहा, हमने हाल ही में लॉरेंस बिश्नोई को इस मामले में गिरफ्तार किया था और उसका रिमांड 27 जून तक बढ़ा दिया गया था। उसने स्वीकार किया है कि वह (मूसेवाला की हत्या में) मास्टरमाइंड था।

एडीजीपी ने कहा, हत्या को अंजाम देने की साजिश पिछले साल अगस्त से रची जा रही थी। तीन बार रेकी की गई थी। जनवरी में भी शूटर का एक अलग समूह मूसेवाला को मारने आया था, लेकिन सफल नहीं हुआ। मूसेवाला की हत्या में इस्तेमाल किए गए वाहन में फतेहाबाद स्थित एक पेट्रोल पंप की 25 मई की एक रसीद मिली थी, जिसके बाद पंजाब पुलिस ने कड़ियों को जोड़ा। फतेहाबाद पेट्रोल पंप से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज से हमने आरोपी प्रियव्रत उर्फ फौजी की पहचान की। हमने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है और पूरी साजिश का खुलासा हो गया है। मानसा की एक अदालत ने गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पूछताछ के लिए पिछले सप्ताह दिल्ली से पंजाब पुलिस द्वारा लाए गए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का पुलिस रिमांड बढ़ा दिया था। दिल्ली पुलिस ने मामले में दो शूटर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने सोमवार को कहा था कि उनमें से एक घटना के समय कनाडा में रह रहे गैंगस्टर गोल्डी बरार के संपर्क में था।

# वाजपेयी की भारतीय जनता पार्टी का सदस्य था, इस पर गर्व हैः यशवन्त सिन्हा

**● कहा, वंचितों के लिए मुर्मू से ज्यादा काम किया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने अनुसूचित जनजातियों और अन्य वंचित वर्गों के लिए राजग की इस शीर्ष पद की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू से बहुत ज्यादा काम किया है। सिन्हा ने झारखंड की राज्यपाल समेत अनेक पदों पर रहते हुए मुर्मू के कल्याणकारी कार्यों के रिकॉर्ड पर सवाल भी उठाया। वर्ष 2018 से पहले लंबे समय तक भाजपा में रहने के बावजूद सिन्हा के साथ विपक्ष के समर्थन को लेकर कुछ हलकों में उठ रहे सवालों के बारे में पूछे जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की अगुवाई वाली पार्टी का सदस्य रहने के दौरान अपने रिकॉर्ड पर गर्व है।

आज की भाजपा वाजपेई की भाजपा से भिन्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में लोकतांत्रिक मूल्य खतरे में हैं। सिन्हा (84) ने कहा कि इस बार राष्ट्रपति चुनाव पहचान की नहीं बल्कि विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने कहा, यह पहचान का प्रश्न नहीं है कि कौन मुर्मू हैं या कौन सिन्हा हैं। यह प्रश्न है कि वह हमारे राजतंत्र में किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती हैं और मैं किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता हूं। सिन्हा ने कहा कि वह भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए खड़े हुए हैं।

सत्तारूढ़ गठबंधन के अनेक नेताओं द्वारा मुर्मू की साधारण पृष्ठभूमि और आदिवासी पहचान का जगह-जगह उल्लेख किए जाने और उनकी प्रशंसा किए जाने के संदर्भ में सिन्हा ने कहा, वह आदिवासी समुदाय से आती हैं। लेकिन उन्होंने क्या किया है? वह झारखंड की राज्यपाल रहीं। आदिवासियों की हालत सुधारने के लिए क्या कदम उठाए? किसी समुदाय में जन्म लेने भर से आप खुद ब खुद समुदाय के पैरोकार नहीं बन जाते। जब मैं वित्त मंत्री था तब लगातार पांच साल में पेश किए गए बजटों को देखिए। हर बजट में अनसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं समेत कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान थे। यह उस सरकार की नीति थी जिसमें मैं काम कर रहा था। मैं आज दावा कर सकता हूं कि मैंने वंचितों और आदिवासियों के लिए उनसे ज्यादा काम किया है। बस मैं आदिवासी समुदाय में नहीं जन्मा।

सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा पहचान की राजनीति पर आश्रित है जबकि विपक्ष वैचारिक संदेश दे रहा है। राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचक मंडल की संख्या मुर्मू के पक्ष में मजबूती से दिखाई दे रही है, लेकिन नौकरशाही से राजनीति में आए सिन्हा ने कहा कि वह जीतने के पूरे दृढ़संकल्प के साथ चुनाव में उतरे हैं। उन्होंने दावा किया, मैं जानता हूं कि अनेक हलकों से संकेत मिल रहे हैं कि बीच में जो दल हैं वे हमसे ज्यादा भाजपा की ओर ज्यादा झुकाव रखते हैं। ए शुरुआती दिन हैं। आगे जाकर चीजें बदलेंगी।

सिन्हा ने कहा कि वह 27 जून को अपना नामांकन दाखिल करने के बाद हर पार्टी के सदस्यों से समर्थन के लिए बात करेंगे और देशभर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, जब हमने चुनाव प्रचार शुरू किया था तो भाजपा बहुमत से पीछे थी। मुकाबला खुला है। मैं मैदान में हूं और हम अच्छा मुकाबला करेंगे। सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपति का आधारभूत काम संविधान की रक्षा और संरक्षण करना है और जब भी वह देखे कि कार्यपालिका सीमारेखा पार कर रही है तो उसे अनुशासित करना भी राष्ट्रपति की जिम्मेदारी होती है। यदि राष्ट्रपति भवन में ऐसा व्यक्ति बैठा है जो बोलने का साहस नहीं करता तो कार्यपालिका नियंत्रण में नहीं रहेगी।

भाजपा के साथ अपने करीब ढाई दशक के साथ के बारे में पूछे गए सवाल पर सिन्हा ने कहा कि आज अनेक राजनीतिक दल हैं जो वाजपेई नीत सरकार का समर्थन कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि उस समय जो भाजपा थी, आज अस्तित्व में नहीं है।

इस समय भाजपा की धुर विरोधी दो पार्टियां- तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक अलग-अलग समय पर वाजपेई सरकार में शामिल रही थीं। सिन्हा ने कहा कि वाजपेई महान सांसद थे, लोकतंत्र और आम-सहमति से काम करने वाले बड़े नेता थे। उन्होंने इराक युद्ध और पाकिस्तान पर तत्कालीन वाजपेई सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ ही विपक्षी सदस्यों से भी महत्वपूर्ण विषयों पर बात करते थे। सिन्हा ने आरोप लगाया, यह (मोदी) सरकार आम-सहमति में भरोसा नहीं रखती। यह उस भाजपा तथा इस भाजपा में बुनियादी अंतर है। यह भाजपा अलग है। मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अदालतों समेत लोकतांत्रिक संस्थाओं का अवमूल्यन हुआ है।

### सिन्हा सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार नहीं : माकपा सांसद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से माकपा के एकमात्र सांसद विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार नहीं हैं, हालांकि, विपक्षी एकता के लिए इसे स्वीकार करना होगा। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस में रह चुके सिन्हा की उम्मीदवारी पर आपत्ति जताते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि कोई और उम्मीदवार चुना जा सकता था, जो ज्यादा स्वीकार्य होता। मैं उम्मीदवार के चयन से नाखुश हूं। इसका यह मतलब नहीं है कि राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का फैसला गलत था। राष्ट्रपति चुनाव में सिन्हा को अपना उम्मीदवार बनाने के लिए कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों सहित कई विपक्षी दल एक साथ आए हैं। सिन्हा का मुकालबा भाजपा नीत राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से है।

# यूरोपीय संघ के नेतागण यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्जा देने को तैयार

भाषा। ब्रसेल्स

**यूरोपीय संघ (ईयू) के** नेता 27 देशों के इस संगठन में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्जा देने के लिए तैयार हैं। संगठन की पूर्ण सदस्यता के लिए एक लंबे और अप्रत्याशित सफर का यह पहला कदम है। ईयू की सदस्यता के लिए पहल 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के कुछ ही दिनों बाद की गई थी। ऐसे संकेत हैं कि युद्धग्रस्त देश का सदस्यता के लिए दावेदार बनना अब तय सा हो गया है। ब्रसेल्स में होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले नाम उजागर नहीं करने की शर्त के साथ यूरोपीय संघ के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन के पक्ष में सर्वसम्मत अनुमोदन होगा जो चर्चा शुरू करने के लिए आवश्यक है। यूरोपीय संघ के 27 राष्ट्र रूसी हमले के खिलाफ यूक्रेन के प्रतिरोध का समर्थन करने, मास्को के खिलाफ अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंधों को स्वीकार करने में एकजुट हैं। हालांकि, शुरू में नेताओं मे इस बात को लेकर मतभेद था कि यूरोपीय संघ को यूक्रेन को सदस्य बनाने के लिए कितनी जल्दी आगे बढ़ना चाहिए। नीदरलैंड, स्वीडन और डेनमार्क जैसे देशों ने सबसे अधिक संदेह जताया था। संगठन की सदस्यता के लिए यूक्रेन के प्रयासों को पिछले हफ्ते तब बल मिला जब यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा-यूरोपीय आयोग ने अप्रैल और मई की शुरुआत में एक प्रश्नावली के यूक्रेन के जवाबों के आधार पर अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। इस दिशा में यूक्रेन को एक और कामयाबी तब मिली।



## पूर्वी यूक्रेन में दो गांवों पर रूस ने किया कब्जा

**कीव।** रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्र पर अपनी पकड़ विस्तारित करते हुए बृहस्पतिवार को दो गांवों पर कब्जा कर लिया। साथ ही, रूस एक प्रमुख राजमार्ग पर कब्जा कर रसद आपूर्ति को काटना और अग्रिम पंक्ति के कुछ यूक्रेनी सैनिकों की घेराबंदी करना चाहता है। ब्रिटिश और यूक्रेनी सैन्य प्रमुखों ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों को लाइसीचांस्क शहर के नजदीक कुछ इलाकों से पीछे हटा लिया गया है, ताकि घेराबंदी की आशंका टाली जा सके। दरअसल, रूस ने वहां सैनिक भेजे है जो इलाके में गोलाबारी कर रहे हैं। यह यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध मे एक नवीनतम नया युद्ध क्षेत्र है। यूक्रेन की थल सेना के प्रमुख ने कहा कि रूसी सैनिकों ने लोसकुतीवका और राई-ओलेक्सांद्रीवका गांवो पर कब्जा कर लिया है तथा वे सीवेरोदोत्स्क के बाहर सारोटाइन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे है।

## क्वात्रा ने की राजपक्षे से मुलाकात, श्रीलंका की स्थिति और भारतीय सहयोग पर चर्चा हुई

भाषा। कोलंबो

**विदेश सचिव** विनय क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्रीलंका की वर्तमान स्थिति और देश को अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निकालने के लिए भारत की ओर से दिए जा रहे सहयोग पर चर्चा की। न्यूजफर्स्ट.आईके वेबसाइट की खबर के अनुसार क्वात्रा ने राजपक्षे से कहा कि भारत श्रीलंका को मुश्किल हालात से निकालने के लिए एक करीबी मित्र के रूप में पूरा सहयोग देता रहेगा। विदेश सचिव के साथ भारत के वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉक्टर वी.ए. नागेश्वरन और भारतीय विदेश मंत्रालय के हिंद महासागर क्षेत्र मामलों के संयुक्त सचिव कार्तिक पांडे मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने ईंधन, दवा, उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं के मामले में पहले प्रदान की गई।

## मानवाधिकारों और लोकतंत्र पर बाइडन का रुख एकदम स्पष्ट : व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन मानवाधिकारों और लोकतंत्र के महत्व को लेकर स्पष्ट रुख रखते हैं तथा इन मामलों में विश्व नेताओं से सीधे तौर पर बात करने में उन्हें कोई परेशानी नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता केरिन ज्यां-पियरे ने बुधवार को हुए संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। पियरे से पूछा गया था कि क्या बाइडन पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो पूर्व पदाधिकारियों की कथित विवादित टिप्पणियों के बाद भारत के विभिन्न राज्यों में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अल्पसंख्यकों के अधिकारों के मुद्दे पर बात करेंगे। पियरे से यह भी सवाल किया गया कि क्या व्हाइट हाउस कथित रूप से हिंसा से जुड़े लोगों के मकान तोड़े जाने पर कोई टिप्पणी करना चाहता है और क्या इस बात की संभावना है कि बाइडन अगले महीने अपनी इजराइल यात्रा के दौरान मोदी पर भारत में मुसलमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दबाव डालेंगे। बाइडन इजराइल यात्रा के दौरान मोदी, इजराइल के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति से डिजिटल माध्यम से मुलाकात कर सकते हैं। इन सवालों पर पियरे प्रत्यक्ष रूप से कोई जवाब देने से बचती नजर आईं और उन्होंने कहा कि वह यह नहीं बता सकतीं कि उनकी बातचीत विशेष रूप से किस विषय पर होने वाली है। हालांकि, उन्होंने कहास बाइडन का रुख एकदम स्पष्ट है। उन्हें मानवाधिकार, स्वतंत्रता और लोकतंत्र के महत्व के मुद्दे पर विश्व नेताओं से सीधे तौर पर बात करने में कोई परेशानी नहीं होती।

## प्रेमिका को आतंकित करने के जुर्म में भारतीय मूल के मलेशियाई नागरिक को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक मलेशियाई नागरिक को अपनी प्रेमिका को आतंकित करने के जुर्म में सात महीने और तीन सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। व्यक्ति पर सिम कार्ड निगलने के बाद प्रेमिका का फोन तोड़ने, उसका पासपोर्ट फाड़ने और उसका गला दबाने की कोशिश करने के भी आरोप थे।

## गैस आपूर्ति संकट का सामना कर रहा जर्मनी, चिंताजनक स्तर की चेतावनी जारी की

**बर्लिन।** जर्मनी ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए त्रिस्तरीय आपात योजना के दूसरे चरण में पहुंचने की घोषणा की और चेतावनी है कि रूस की तरफ से कम होती आपूर्ति के चलते सर्दी के लिए भंडारण लक्ष्यों को लेकर खतरा पैदा हो गया है। 14 जून से रूस की ओर से आपूर्ति में कटौती और बाजार में गैस के दामों में उछाल के चलते उसे चिंताजनक स्तर की चेतावनी जारी करनी पड़ी है। तीसरा और अंतिम चरण आपात स्तर कहा जाएगा। फिलहाल गैस भंडारण केंद्रों की क्षमता 58 प्रतिशत है, जो बीते साल के इस समय की तुलना में अधिक है। लेकिन यदि आगे कदम नहीं उठाए गए तो दिसंबर तक 90 प्रतिशत क्षमता हासिल करने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

## संबंध सुधारने के लिए फ्रांस की यात्रा करेंगे ऑस्ट्रेलियाई नेता

**के नबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अगले सप्ताह फ्रांस में राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का प्रयास करेंगे जो पूर्ववर्ती ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा पनडुब्बी के एक सौदे को निरस्त किए जाने के बाद बिगड़ गए थे। अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प से कहा, हमें संबंध सुधारने की जरूरत नहीं है। हमने पहले ही बहुत सकारात्मक बातचीत की है।

# कानून से बदलाव की आकांक्षा होती है: न्यायमूर्ति चंद्रचूड़



भाषा। लंदन

**नवंबर में भारत** के अगले प्रधान न्यायाधीश बनने जा रहे न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने लंदन में एक व्याख्यान में कहा कि कानून से बदलाव की आकांक्षाएं होती हैं। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एल्युमिनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ब्रिटेन और एलएसई साउथ एशिया सेंटर के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स (एलएसई) में आयोजित इंडिया ऐट 75 विषयक व्याख्यान आयोजित किया गया। कानून से बदलाव की आकांक्षा होती है और जो जवाब मिलते हैं वे इस पर आधारित होते हैं कि आप विमर्श की रूपरेखा कैसे तय करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, बाहरी मतभेद कमजोरी नहीं, बल्कि संविधान की ताकत को चिह्नित करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने एक संवैधानिक ढांचे के भीतर परस्पर विरोधी अधिकारों के अस्तित्व की संभावना पर बात की। उन्होंने समझाया कि कैसे न्यायपालिका संविधान के संबंध में सामान्य अच्छाई के अपने दृष्टिकोण के आधार पर अधिकारों की व्याख्या करती है और जहां राष्ट्रीय पहचानों को एक राष्ट्र के अतीत से पहचाना जा सकता है, वहीं एक संवैधानिक पहचान संतुलन बनाती है। उन्होंने कहा, हमारा अस्तित्व हमारे जागरुक रहने की क्षमता पर निर्भर करता है। एनआईएसएयू ब्रिटेन की अध्यक्ष सनम अरोरा ने कहा, एलएसई संयोग से इस साल डॉ बी आर आंबेडकर की पीएचडी का शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी जगह एनआईएसएयू का जन्म हुआ था और इस तिहरे अवसर पर हमारे साथ डॉ चंद्रचूड़ की उपस्थिति बड़े सम्मान की बात है।

## अमृतसर में 450 वन तैयार करेगा अमेरिका का सिख संगठन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक सिख संगठन ने बुधवार को घोषणा की कि 2027 में अमृतसर की 450वीं वर्षगांठ मनाने के लिए उसकी योजना अगले पांच वर्षों के दौरान पवित्र शहर में 450 वन तैयार करने की है। इकोसिख संगठन 27 जून को अमृतसर के 445 वें स्थापना दिवस पर एक अभियान शुरू करेगा ताकि उस पर्यावरणीय संकट से निपटने में मदद मिल सके जिसका सामना शहरवासी कर रहे हैं।

## डब्ल्यूएचओ ने मंकीपॉक्स पर विचार के लिए बैठक बुलाई

**लंदन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बृहस्पतिवार को अपनी आपात समिति की बैठक बुलाई है ताकि यह विचार किया जा सके कि क्या मंकीपॉक्स के बढ़ते प्रकोप को वैश्विक आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम में बीमारी फैलने के बाद ही डब्ल्यूएचओ ने कार्वाई करने का मन बनाया है।

# जयशंकर ने रवांडा में भारतीय समुदाय से मुलाकात की

● भारत की प्रगति के बारे में बताया

भाषा। किगाली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान के लिए रवांडा में भारतीय समुदाय की सराहना की और इस पूर्वी अफ्रीकी देश की अपनी यात्रा के दौरान समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत में भारत की प्रगति के बारे में बात की।

जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वीं बैठक (चोगम) में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर 22 से 25 जून तक रवांडा में हैं। वह 24-25 जून को राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे और चोगम से पहले आज किगाली में विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। वह चोगम में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसे पहले कोविड-19 महामारी के कारण दो बार स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में कहा, "कल शाम किगाली में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करके अच्छा लगा। भारत में प्रगति के बारे में उनसे बात की। भारत-रवांडा संबंधों में उनके योगदान की सराहना की। किगाली में राष्ट्रमंडल कार्यक्रमों के लिए भारतीय प्रतिभागियों से भी मुलाकात की। बुधवार को, जयशंकर ने केन्या के विदेश मामलों के कैबिनेट सचिव रेशेल ओमामो से मुलाकात की और यूक्रेन में संघर्ष के प्रभाव एवं द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में कहा, "केन्या के मेरे दोस्त रेशेल ओमामो से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमारी चर्चा खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव पर केंद्रित रही। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जारी हमारे सहयोग की पुनः पुष्टि की। जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रवांडा की ऐतिहासिक यात्रा की थी क्योंकि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पूर्वी अफ्रीकी देश की पहली यात्रा थी। रवांडा में लगभग 3,000 भारतीय नागरिक और पीआईओ (भारतीय मूल के व्यक्ति) हैं।



विदेश मंत्री जयशंकर कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात करते हुए

## रवांडा के अपने समकक्ष के साथ राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा की

**किगाली (रवांडा)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को रवांडा के अपने समकक्ष विन्सेंट बिरूटा के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शुक्रवार से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वीं बैठक (चोगम) में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। वह 24-25 जून को 54 देशों के ब्लॉक के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होने ट्वीट किया, "मेरे मेजबान समकक्ष रवांडा के विदेश मंत्री विन्सेंट बिरूटा से मुलाकात कर दिन की शुरुआत की। द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2018 यात्रा के बाद हुई संबंधित प्रगति पर चर्चा की। राष्ट्रमंडल एजेंडे पर चर्चा की और रवांडा मे सफल शिखर सम्मेलन की कामना की। क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर चोगम से पहले बृहस्पतिवार को विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। छब्बीसवें चोगम शिखर सम्मेलन का विषय एकसाझा भविष्य प्रदान करना: जुड़ाव, सुधार, परिवर्तन है। कोविड-19 महामारी के कारण चोगम को पहले दो बार स्थगित कर दिया गया था।

## इस्पात उद्योग को अग्निवीरों की जरूरत : आईएसए

**नई दिल्ली।** उद्योग को अग्निवीरों की जरूरत थी और इनकी प्रतिभा देश की 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने में मदद कर सकती है। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) ने सरकार की अग्निपथ योजना का स्वागत करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के तहत सरकार ने देश की इस्पात बनाने की क्षमता को बढ़ाकर 30 करोड़ टन करने का महत्वकांक्षी लक्ष्य तय किया था। आईएसए के अध्यक्ष दिलीप ओमन ने बयान में कहा, 'भारतीय इस्पात उद्योग, सरकार की इस पहल का समर्थन करता है। अग्निपथ योजना सबके लिए हितकर साबित होगी।

## इनक्यूबेटर के लिए वीमेंटर एआई वाधवानी फाउंडेशन में करार

**नोएडा।** वीमेंटर एआई और वाधवानी फाउंडेशन ने भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के लिए आपस में करार किया है। वाधवानी एडवांटेज अपने वैश्विक वित्त पोषण, विश्वस्तरीय फ्रेमवर्क और सलाह एवं प्रशिक्षण के माध्यम से एसएमई में व्यवस्थित आर्थिक सुधार करने के लिए जाना जाता है जबकि वीमेंटर एआई एमएसएमई को लगातार 10 गुना व्यवसाय विकास दर्ज करने में सक्षम बनाने के लिए अपने मेंटरिंग प्लैटफॉर्म की मदद दे रहा है जो विश्वस्तरीय, तकनीक.सक्षम मानव-सहयोग के साथ उपलब्ध है। वाधवानी एडवांटेज के कार्यकारी उपाध्यक्ष समीर साठे ने कहा कि वीमेंटर एआई से हमारी रणनीतिक साझेदारी दोनों संगठनों के लिए लाभदायक है क्योंकि दोनों का मिशन एमएसएमई के विकास को रफ्तार देना है।

## फैनफेस्ट की वापसी

**बेंगलुरू।** भारत में फैंस के लिए खुशी मनाने का अवसर आ गया है क्योंकि यूट्यूब फैनफेस्ट 2022 वापसी कर 30 जून 2022 से लोकप्रिय क्रिएटर्स एवं आर्टिस्ट्स द्वारा बेहतरीन परफॉर्मेंस स्केच एवं लाईव चैलेंज का अद्वितीय और दिलचस्प अनुभव प्रदान करेगा। 40 से ज्यादा यूट्यूब क्रिएटर्स और आर्टिस्ट जैसे मोस्ट्लीसेन, आर्टिस्ट शिक्षा शर्मा, रेणुका पंवार टेक्नोगेम चाहत आनंद, चिंकी मिंकी,डांस विद अलीशा वर्चुअल परफॉर्मेंस और शो के द्वारा फैंस के साथ संलग्न हो उनका मनोरंजन करेंगे। वर्चुअल माध्यम में होने वाला यूट्यूब फैनफेस्ट दर्शकों को अपने चहेते क्रिएटर्स एवं आर्टिस्ट्स को अपने सहयोग का प्रदर्शन हाथो-हाथ करने में समर्थ बनाएगा। वो लाईव चैट के माध्यम से क्रिएटर्स और आर्टिस्ट्स से चैट कर सकेंगे।

# निर्यातक दीर्घकालीन निर्यात लक्ष्य तय करें, उसे हासिल करने के लिए सरकार को सुझाव दें: मोदी



भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को निर्यातकों और उद्योग जगत से अपने लिए दीर्घकालिक निर्यात लक्ष्य तय करने तथा इसे हासिल करने के लिए सरकार को जरूरी सुझाव देने को कहा। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए परिसर – वाणिज्य भवन का उद्घाटन करने के मौके पर कहा कि निर्यात किसी देश को विकासशील से विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मोदी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान वैश्विक स्तर पर विभिन्न बाधाओं के बावजूद देश का निर्यात (वस्तु एवं सेवा) 670 अरब डॉलर (50 लाख करोड़ रुपए) रहा। उन्होंने कहा कि देश का वस्तु निर्यात 2021-22 में 418 अरब डॉलर (31 लाख करोड़ रुपए) से ऊपर रहा जबकि लक्ष्य 400 अरब डॉलर (30 लाख करोड़ रुपए) था। पिछले साल की इस सफलता से उत्साहित होकर, हमने अब अपने निर्यात लक्ष्यों को बढ़ा दिया है और उन्हें प्राप्त करने के अपने प्रयासों को दोगुना कर दिया है। इस नए लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी है...।

उद्योग, निर्यातक और निर्यात संवर्धन परिषद के प्रतिनिधि यहां हैं। मैं उनसे अपने लिए न केवल अल्पकालिक बल्कि दीर्घकालिक निर्यात लक्ष्य भी निर्धारित करने का आग्रह करूंगा। उन्होंने कहा कि नए वाणिज्य भवन से व्यापार, वाणिज्य और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र से जुड़े लोगों को काफी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने एक नए पोर्टल...निर्यात... का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि निर्यात पोर्टल सभी संबंधित पक्षों को महत्वपूर्ण आंकड़े बिना किसी विलंब के मुहैया कराएगा। निर्यात (व्यापार के सालाना विश्लेषण के लिए राष्ट्रीय आयात-निर्यात रिकॉर्ड) पोर्टल के जरिए संबंधित पक्षों को एक जगह पर भारत के विदेश व्यापार से संबंधित सभी जरूरी जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार कारोबार सुगमता और निर्यात बढ़ाने के लिए काम कर रही है। हथकरघा जैसे नए घरेलू उत्पाद नए बाजारों में पहुंच रहे हैं। मोदी ने कहा कि विकासशील देश को विकसित राष्ट्र बनाने में निर्यात महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पिछले आठ साल से भारत लगातार अपना निर्यात बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर नीतियों से निर्यात बढ़ाने, प्रक्रिया को आसान बनाने तथा उत्पादों को नए बाजारों में ले जाने में बहुत मदद मिली है।

# सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा

● वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में तेजी


भाषा। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** में मिलेजुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ़कर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन और बैंक शेयरों में लाभ के साथ बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 443.19 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,265.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान मानक सूचकांक 694.26 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 143.35 अंक यानी 0.93 प्रतिशत चढ़कर 15,556.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर, अमेरिका फेडरल बैंक के चेयरमैन के बयान के बाद वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और मंदी की आशंका घरेलू शेयर बाजारों को हतोत्साहित करने में विफल रही। घरेलू बाजार लघु से मध्यम अवधि में गति बनाए रखने की क्षमता दिखा रहा है। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने स्थानीय बाजारों में बढ़त को सीमित कर दिया। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के इक्विटी शोध प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा, चीन बाजार में तेजी के साथ ज्यादातर एशियाई बाजारों में सकारात्मक रख रहा। इससे घरेलू शेयर बाजार पर अच्छा असर पड़ा। हालांकि यूरोपीय बाजारों में मंदी की आशंकाओं के कारण गिरावट से घरेलू बाजार पर कुछ प्रतिकूल असर पड़ा लेकिन अंत में बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स शेयरों में मारुति सबसे अधिक 6.33 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 4.41 प्रतिशत चढ़ गया। इसके अलावा एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, टीसीएस, इन्फोसिस, सन फार्मा, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत की गिरावट हुई और एनटीपीसी तथा पावर ग्रिड के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा बीएसई का मिडकैप 1.40 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक 1.18 फीसदी चढ़ गया।

## 22-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.8 की दर से बढ़ेगी : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बीच बेहतर कृषि उत्पादन के चलते ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7-7.8 प्रतिशत रह सकती है। अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है। गौरतलब है कि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका लगा है और दुनिया भर में महंगाई बढ़ी है। जानेमाने अर्थशास्त्री और बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (बेस) के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक कारणों से कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होने कहा कि वैश्विक मुद्रास्फीति के दबाव और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अर्थव्यवस्था के सामने जोखिम पैदा हुआ है। हालांकि घरेलू स्तर पर वृहत आर्थिक बुनियाद मजबूत है। भानुमूर्ति ने पीटीआई-भाषा से कहा, बेहतर कृषि उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ भारत को चालू वित्त वर्ष में वैश्विक बाधाओं के बावजूद सात प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करनी चाहिए। औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान (आईएसआईडी) के निदेशक नागेश कुमार ने कहा कि महत्वपूर्ण आंकड़े (जीएसटी संग्रह, निर्यात, पीएमआई आदि) 2022-23 के दौरान एक मजबूत वृद्धि दर की ओर संकेत करते है और वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7-7.8 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

## शहरी सहकारी बैंकों को संतुलित विकास पर ध्यान देने की जरूरत : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को प्रतिस्पर्धा मे बने रहने के लिए संतुलित विकास पर ध्यान देने, संरचनात्मक सुधारों को आगे बढ़ाने तथा बैंक की आधुनिक व्यवस्था अपनाने की जरूरत है। उन्होने शहरी सहकारी बैंकों के लिए राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के साथ प्रतिस्पर्धा मे बने रहने के लिए संरचनात्मक बदलाव लाने, लेखांकन प्रक्रियाओं को कम्प्यूटरीकृत बनाने, इस क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने तथा अधिशेष कोष के प्रबंधन के लिए विशेषज्ञों की सेवा लेने जैसे अन्य सुधारों का भी जिक्र किया। मंत्री ने कहा कि इन सुधारों को लागू करके, शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को मौजूदा समय में खुद को और अधिक प्रासंगिक बनाना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सहकारी बैंकों के साथ द्वितीय श्रेणी के नागरिक की तरह व्यवहार नही किया जाएगा। अभी।,534 शहरी सहकारी बैंक, 54 अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक, 35 बहु-राज्यीय सहकारी बैंक, 580 बहु-राज्यीय सहकारी ऋण समितियां, 22 राज्य सहकारी समितियां हैं। हमारी उपस्थिति व्यापक है लेकिन यह असमान है... हमें शहरी सहकारी बैंकों के संतुलित विकास पर ठीक से काम करने की जरूरत है। चूंकि सहकारी बैंक ही एकमात्र बैंक है जो समाज के निचले तबके को उधार देते है, ऐसे में देश के हर शहर में कम से कम एक यूसीबी स्थापित करने की आवश्यकता है।

## पारंपरिक पहनावे को बढ़ावा देने की पहल

**नोएडा।** सोच ने पारंपरिक पहनावे की जरूरतों के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है, ने अपनी बहुप्रतीक्षित रेड डॉट सेल की घोषणा की है। बिक्री देश भर के सोच स्टोर्स पर और ऑनलाइन शुरू होगी। साड़ी, सलवार सूट, कुर्ता, ट्यूनिक्स और पोशाक सामग्री के विस्तृत चयन पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेगी। सोच की रेड डॉट सेल में पेश किए जाने वाले उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के साथ इस गर्मी में अपनी पहनावे का दर्जा बढ़ाएं को और उन्नत करें। इस कलेक्शन में फ्लुइड सिल्हूट में शानदार पारंपरिक पहनावा है, जिसमें हवादार संरचनाएं, हल्के और सांस लेने वाले कपड़े हैं। ये उत्पाद कॉटन, जॉर्जेट,सिल्क ब्लेंड, कॉटन सिल्क और चंदेरी जैसे कपड़ों की एक श्रृंखला में उपलब्ध हैं जो इस गर्मी में गर्मी को मात देने के लिए एकदम सही हैं। ये शानदार उत्पाद कई रंगों,सफेद, गुलाबी,लाल, पील, नीले, हरे आदि में उपलब्ध हैं, जो आपके सभी पारंपरिक पहनावे की दिन-रात की जरूरतों को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम पोशाक बनाते हैं।

# अदाणी परिवार ने 60, 000 करोड़ रुपये किए दान

● गौतम अदाणी का 60वें जन्मदिन पर फैसला




**अहमदाबाद।** शांतिलाल अदाणी की 100वीं जयंती और गौतम अदाणी के 60वें जन्मदिन पर अदाणी परिवार ने कई सामाजिक कार्यों के लिए 60,000 करोड़ रुपये दान करने का फैसला किया है।

भारत के जनसांख्यिकीय लाभों की क्षमता का उपयोग करने के लिएए हेल्थ केयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों परए लगातार ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इनमें से हर एक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कमी, एक आत्मनिर्भर भारत के लिए बाधा साबित होगी। अदाणी फाउंडेशन ने इन सभी क्षेत्रों में एकीकृत विकास प्रयासों पर केंद्रित कम्युनिटीज के साथ काम करते हुए एक महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है। इन चुनौतियों का समाधान करने से हमारे भावी कार्यबल की मजबूती और प्रतिस्पर्धात्मकता में आवश्यक वृद्धि हासिल की जा सकती है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि देशभर में हेल्थ केयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ाने में योगदान करने का अवसर मिलने के लिए खुशी महसूस कर रहा हूँ। मेरा 60 वां जन्मदिन होने के अलावाए यह वर्ष हमारे प्रेरक पिता शांतिलाल अदाणी की 100वीं जयंती का भी है। यह उस योगदान को और अधिक महत्व देता है जो हम एक परिवार के रूप में दे रहे हैं।

## मीडिया, मनोरंजन उद्योग में 2026 तक 4.30 लाख करोड़ रुपए के कारोबार की संभावना: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग वर्ष 2026 तक 4.30 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। इसके 8.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने की संभावना है। वैश्विक परामर्श कंपनी पीडब्ल्यूसी ने अपनी रिपोर्ट में यह कहा। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू बाजार में इंटरनेट और मोबाइल उपकरणों की गहरी पैठ के चलते डिजिटल मीडिया और विज्ञापन क्षेत्र में वृद्धि से उद्योग के कारोबार में तेजी आएगी। इसी के साथ पारंपरिक मीडिया में भी स्थिर वृद्धि जारी रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि घरेलू टीवी विज्ञापन उद्योग वर्ष 2026 तक 43,000 करोड़ रुपए का हो जाएगा।

## सिख विरोधी दंगे में पकड़े गए लोगों की संख्या हुई ग्यारह

# कानपुर में पांच और गिरफ्तार

**भाषा।** कानपुर

**वर्ष** 1984 के सिख-विरोधी दंगों में संलिप्तता के आरोप में उत्तर प्रदेश के कानपुर में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक बालेंद्र भूषण सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि उनकी अगुवाई में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने वर्ष 1984 के सिख-विरोधी दंगों से जुड़े मामले में बुधवार को पांच आरोपियों- जाटव, रमेश चंद्र दीक्षित, रविशंकर मिश्रा, भोला कश्यप और गंगाबख्श सिंह- को गिरफ्तार किया है। ए सभी किदवई नगर के विभिन्न हिस्सों के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए इन लोगों को चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सिंह ने बताया कि इन लोगों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 396 (डकैती और हत्या), 436 (घर को ध्वस्त करने के इरादे से विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल करना) तथा धारा 326 (खतरनाक हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिले में इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। दो दिन पहले एसआईटी ने सिख-विरोधी दंगों से जुड़े मामले में किदवई नगर इलाके से ही मुबीन शाह तथा अमर सिंह नामक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने सिख-विरोधी दंगों के दौरान कानपुर में 127 लोगों की मौत के मामलों की फिर से जांच के लिए 27 मई 2019 को एसआईटी का गठन किया था। सिंह ने बताया कि दंगे के फरार अन्य षड्यंत्रकारियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। सिंह ने बताया कि दंगे के फरार अन्य षड्यंत्रकारियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने पूर्व में 96 मुख्य संदिग्ध लोगों को चिह्नित किया था, उनमें से 22 की मौत हो चुकी है। एसआईटी कुल 11 मामलों की जांच कर रही है और दिल्ली, पंजाब और राजस्थान में जाकर बस चुके इन मामलों के गवाहों से तथ्य एवं सबूत जुटा रही है। सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों पर वर्ष 1984 में सिख विरोधी दंगों के दौरान निराला नगर में गुरदयाल सिंह नामक व्यक्ति के घर में आग लगाने का आरोप है। उस समय गुरुदयाल के घर में किराए पर 12 परिवार रहते थे। उस घटना में तीन लोग जिंदा जल गए थे। वहीं, राजेश गुप्ता नामक एक दंगाई क्रॉस फायरिंग में मारा गया था।




# कुंडा में सिपाही को पीट-पीटकर मार डाला

**प्रतापगढ।** प्रतापगढ़ जिले के कुंडा कस्बे में एक कांस्टेबल की कथित तौर पर उसके तीन साथियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राहुल मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि छत्तीसगढ़ में तैनात पुलिस कांस्टेबल संजय यादव (29) इन दिनों छुट्टी पर महेश गंज में स्थित अपने घर आया था और बुधवार देर रात वह अपने साथियों कुलदीप यादव, प्रेमचंद और पिंटू के साथ कुंडा कस्बे गया था। उन्होंने बताया कि तीनों ने एक पेट्रोल पंप के पास बने ढाबे पर खाना खाया और शराब पी। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया और तीनों साथियों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर संजय यादव को अधमरा कर दिया, घायल हालत में वह नाले में गिर गया। मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस में गंभीर रूप से जख्मी कांस्टेबल को नाले से निकालकर स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि परिजन की तहरीर पर पुलिस ने संजय यादव के तीनों साथियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## साधु की गला काटकर हत्या मंदिर परिसर में मिला शव

**इटावा।** इटावा जिले के सैफई इलाके में बृहस्पतिवार को एक मंदिर के परिसर में एक साधु का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सैफई थाना क्षेत्र स्थित बरौली कला गांव के नजदीक एक मंदिर परिसर में कुटिया बनाकर रह रहे साधु राम जी (55) की 22 - 23 जून की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी। उनका शव सुबह बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि राम जी पिछले कई वर्षों से मंदिर में पूजा करते थे। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्राहकों की संतुष्टि ही बैंक का लक्ष्य



**जौनपुर।** नौपेड़वारू कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा पर गुरुवार को बड़ौदा यूपी बैंक शाखा बक्शा द्वारा मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया। महिला समूह की महिलाओं से खचाखच भरें सभागार में दर्जनों लोग लाभान्वित हुए।बैंक के प्रशासनिक प्रमुख एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम के हालदार ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही बैंक का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने समूह की महिलाओं से अच्छे नस्ल की गाय भैंस पाल दुग्ध ब्यवसाय करने की सलाह दी। उन्होंने कहा फसल उत्पादन कर भी जीविका बेहतरीन ठंग से चलाई जा सकती है। हालदार ने कहा कि रिजर्व बैंक के मानक के अनुरूप ऋण अनुपात 60 प्रतिशत तक किया जाना लक्ष्य है। उन्होंने मौजूद शाखा प्रबंधकों से योजनाओं को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचाने तथा भारत सरकार की मंशा के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक प्रमुख ने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को शिविर की महत्ता से परिचित भी कराया। क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर के क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र सिंह ने बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी दी। बड़ौदा बैंक की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम तबके तक बैंक की योजनाओं का लाभ मिल सकें यही उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सभी बैंकों के अनुपात में बड़ौदा बैंकों का ऋण जमा अनुपात सवार्धिक 49 प्रतिशत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉण् सुरेश कुमार कनौजिया ने समूह तथा कृषि वैज्ञानिकों की उपयोगिता बताते हुए लोगों से लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान जौनपुर के वरिष्ठ प्रबंधक रजनीश कुमार पाण्डेयए बीडीओ बक्शा राजीव गुप्ताए दुर्गा मौर्याए देवराज पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक बक्शा शाखा प्रबंधक रत्नाकर दूबे ने आभार जताते हुए बैंक उपभोक्ताओं से बेहतरीन कार्य करने का भरोसा दिलाया। संचालन जौनपुर बैंक प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव ने किया। अंत में शाखा से ऋण लेने वाले महिला एवं पुरुष लाभार्थियों को चेक व कार की चाभी प्रदान की गई। इस दौरान धर्मराज यादवए डॉण् अनिल कुमारए संजय सिंहए प्रधान द्वारिका मौर्या सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

## सहारनपुर : दुष्कर्म के आरोप में मदरसा शिक्षक पर मुकदमा

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के नकुड़ क्षेत्र में सात साल की बच्ची से कथित दुष्कर्म के आरोप में एक शिक्षक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने बृहस्पतिवार को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के एक कस्बे में एक व्यक्ति ने बुधवार को अपनी बेटी से दुष्कर्म के आरोप में मदरसा शिक्षक जमीर पर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि मदरसा शिक्षक ने बच्ची को धमकी भी दी थी कि अगर उसने इस घटना के बारे में अपने परिजन को बताया कि वह उसे मार डालेगा। राय ने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड विधान और पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाघ के हमले में किसान की मौत

**बहराइच।** बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव अभयारण्य में स्थित भरथापुर गांव से सटे जंगल में बुधवार को बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गई। प्रभागीय वन अधिकारी आकाशदीप बधावन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भरथापुर गांव निवासी घनश्याम राजभर (57) बुधवार को गेरुआ नदी के किनारे स्थित जंगल में घास काट रहा था, तभी वहां मौजूद एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। इस घटना में राजभर गंभीर रूप से घायल हो गया। बधावन के मुताबिक, आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर बाघ को वहां से भगाया और राजभर को मिहींपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर भागे, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बधावन के अनुसार, मृतक किसान के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को मुआवजा दिलाने संबंधी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाघ भारत का ही है या फिर नेपाल सीमा से आया है, इसका पता लगाने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और डब्ल्यूटीआई की टीमें तैनात की गई हैं। अधिकारी के मुताबिक, क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों से लगातार अपील की जा रही है कि वे जंगल की तरफ न जाएं।

## खेल के मैदान में प्रदर्शनी लगाए जाने से भड़के बच्चों ने किया उग्र प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद इलाके में खेल मैदान पर प्रदर्शनी लगने से नाराज आठ से 12 साल तक उम्र के करीब 25 बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर बृहस्पतिवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए पैदल ही निकल पड़े। जलालाबाद से जिला मुख्यालय की दूरी करीब 35 किलोमीटर है। बच्चो के इस प्रयास की खबर मिलते ही जलालाबाद की उप जिलाधिकारी बरखा सिंह मौके पर पहुंच गईं। उप जिलाधिकारी बरखा सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आज उन्हें सूचना मिली कि जलालाबाद कस्बे में रहने वाले आठ से 12 वर्ष के करीब 25 बच्चे पैदल ही 35 किलोमीटर दूर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे है। सिंह ने बताया कि उन्होंने तत्काल ही संज्ञान लेते हुए सड़क पर पहुंच कर बच्चो को रोका और उनकी समस्या सुनी एवं उनका ज्ञापन लेकर समस्या का समाधान भी करा दिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बच्चो ने बताया है कि एक इंटर कॉलेज के खेल के मैदान पर वे अपने प्रशिक्षक द्वारा क्रिकेट का अभ्यास करते है, परंतु कॉलेज के लिपिक द्वारा बच्चो के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा अब उसी खेल मैदान पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है, जिसके चलते बच्चो को क्रिकेट के अभ्यास से वंचित किया जा रहा है। बच्चो को क्रिकेट का प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक रजत शर्मा ने बताया कि 21 जून को जब बच्चे एक कॉलेज के खेल के मैदान पर अभ्यास कर रहे थे, तभी कॉलेज के लिपिक ने बच्चो को भगा दिया और वह स्थान भी प्रदर्शनी लगाने के लिए दे दिया था। उन्होंने बताया कि इससे नाराज होकर बच्चे शाहजहांपुर में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे थे परंतु उप जिलाधिकारी बरखा सिंह द्वारा समस्या का समाधान करा दिया गया है। बरखा सिंह ने बताया कि उन्होंने कॉलेज प्रशासन को बुलाकर बच्चो के सामने ही उन्हे खेल का मैदान छोड़कर प्रदर्शनी लगाने का आदेश दिया है जिसके चलते अब बच्चे अपना क्रिकेट का अभ्यास भी कर सकेंगे। उन्होने बताया कि इसके साथ ही उन्होने बच्चो को आश्वस्त किया कि उन्हें क्रिकेट के अभ्यास में यदि कोई समस्या आती है तो वे बेझिझक उनके कार्यालय मे आकर उनसे संपर्क कर सकते है।

# दस्तक व संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर करें फोकस

### जिलाधिकारी ने कहा कार्ययोजना बनाकर मुहिम को बनाएं सफल

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**संचारी** रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व इनके त्वरित सुचारू इलाज हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई जिसमें माह जुलाई 2022 में विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान व संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार के प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही सहित फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम हेतु अन्तर्विभागीय बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण हेतु अपने विभागों द्वारा संपादित की जाने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करायेगें। अभियान के दौरान स्वच्छताए साफसफाई सहित वेक्टर जनित वातावरण को समाप्त करने आदि गतिविधियां की जायेगी।

उन्होंने कहा कि संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका तत्काल व सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओ में है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 16 जुलाई से 31 जुलाई तक सभी गतिविधियां विस्तृत कार्ययोजना से संचालित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान में आशा व आंगनबाड़ी साथ मे अनिवार्य रूप से हर घर का भ्रमण करे और लोगों को संचारी रोग से बचाव हेतु जागरूक करेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों उप मुख्य चिकित्साधिकारियों प्रभारी चिकित्साधिकारियों का सर्वेदीकरण कराया जाए तथा प्रभारी चिकित्साधिकारीगणों द्वारा ब्लाक स्तर पर ए0एन0एम0 व आशा का सवेंदीकरण तथा विकासखण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधानों का सवेंदीकरण तथा विकासखण्ड स्तर पर ही खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सभी स्कूलों से नामित अध्यापकों का संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सवेंदीकरण किया जाए जिससे जन.जन को जागरूक कर संचारी रोगों से बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकाारियों को निर्देश दिया की संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार से सम्बन्धित रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जनपदए ब्लाक तथा व ग्राम पंचायत स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाए तथा साफ सफाई पर भी विशेष बल दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एपी भार्गव अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातनहेलिया जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सन्त प्रकाश डब्ल्यू0एच0ओ0 के एस0एम0ओ0 यूनिसेफ के एस0एम0ओ0 जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन हरिगेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

## तकनीकी टीम के साथ डीआरएम ने श्रावस्ती का किया भ्रमण

**श्रावस्ती।** इकौना जनपद श्रावस्ती को रेलवे से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद गुरुवार को उत्तर पूर्व रेलवे की डी आर एम डॉक्टर मोनिका अग्निहोत्री ने अपनी तकनीकी टीम के साथ श्रावस्ती पहुंचे इस दौरान उन्होंने रेलवे प्रोजेक्ट के मद्देनजर क्षेत्र का निरीक्षण किया। अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी पहचान बना चुका बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती कई महत्वपूर्ण प्राचीन सभ्यताओं को सहेजे जनपद श्रावस्ती में कई दशकों से रेलवे लाइन की मांग की जाती रही है। केंद्र सरकार द्वारा कई बार इस क्षेत्र को रेलवे से जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य भी कराया गया। जिसके बाद भारत सरकार द्वारा अपने बजट में खलीलाबाद से बहराइच तक रेलवे लाइन बिछाने के स्वीकृति देकर कुछ धन आवंटन भी किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को उत्तर रेलवे की डी आर एम डॉक्टर मोनिका अग्निहोत्री ने इकौना क्षेत्र के पर्यटन स्थल श्रावस्ती व सीताद्वार क्षेत्र में प्राचीन धरोहरों का निरीक्षण साथ ही रेलवे प्रोजेक्ट के मददेनजर क्षेत्र का जायजा लिया है। डी आर एम ने बताया कि क्षेत्र में रेलवे सुविधा हो जाने से बौध्द पर्यटन क्षेत्र तक लोगो को पहुंचना आसान हो जाएगा निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी इकौना आर पी चौधरी व रेलवे की तकनीकी टीम उपस्थित रही।

# टीकाकरण के पिछड़ने से बच्चों के लिए खतरा बढ़ा

**पायनियर समाचार सेव।** वाराणसी

**महामारी** के कारण टीकाकरण कार्यक्रमऔर दूसरी आम स ?वास ?थ ?यरक्षा सेवाओं में उल ?लेखनीयबाधा आई है। आवाजाही पर रोक के चलते बच ?चों के नियमित टीकाकरण मेंऔरविलंब हुआ हैऔर वे डिफ्थेरियाए टिटेनसए कालीखांसीए चेचकए पोलियोए आदिजैसे संक्रामक रोगों को लेकर संवदेनशील हो गए हैं। 5 साल से कम उम्र के बच ?चों कोफ्लू से सम ?बंधित गंभीर परेशानियाँ होने का जोखिम ज ?यादा है। इसलिये फ्लू केलिये टीकाकरण को बच ?चों की स ?कूल वापसी की योजना का जरूरी हिस ?सा बनाया जानाचाहिये। बच्चों के नियमित टीकाकरण और बूस्टर डोज का महत्वसमझाते हुएए डॉण् अशोक रायए एमडी.बाल रोग विशेषज्ञए वाराणसी का कहना हैए अब बच्चे बाहर निकल रहे हैं और स्कूल फिर से खुल गए हैंएऐसे में उन्हें संक्राकम बीमारियों से बचानाए प्राथमिकता बन जाना चाहिए। ऐसा सुझावदिया जाता है कि बाहर निकलने से पहले बच्चों को प्राथमिक टीके जरूर लगवाने चाहिए। इसकेबाद उन्हें 1ए5 से 6 साल के बीच बूस्टर डोज लगवाना चाहिए ताकि उम्र के साथ कम होतीएंटीबॉडीज बरकरार रह सके। आईएपीए चार से छह साल में पोलियो के साथ डीटीपी. आधारित मिश्रितटीके की पूरी खुराक लेने की सलाह देता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक ?स ने चार से छह साल के बच ?चोंके लिये डिफ्थेरियाए टिटेनसए काली खांसी ;डीटीपीद्ध और पोलियो के पूरी क्षमता वाले टीके लगवानेकीअनुशंसा की है। डीटीपी पर आधारित मिश्रित टीका कई टीके लगवाने से बचाते हुएअतिरिक ?त फायदे देता है और टीकाकरण के अनुपालन को बेहतर करता है। प्री.स्कूलजाने वाले बच्चों के लिये बूस ?टर टीके स ?थायी प्रतिरोधक क्षमता हेतु पर्याप ?तएंटीबॉडीज विकसित करने के लिये जरूरी हैंए ताकि स ?कूल जाने वाले बच ?चे ऐसे संक्रमणों से बच सकें।

**मरीजोंको बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से कदम उठाया:** वाराणसी । कृष्णा नगर में स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट दृ चैरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर ने अपनी डायग्नोस्टिक क्षमताओं का विस्तार किया है और यह अपने डायग्नोस्टिक्सपोर्टफोलियो में केयरस्ट्रीम के डीण्आरण्एक्सण् कम्पास को शामिल करने वाला एनसीआर क्षेत्रका पहला डायग्नोस्टिक सेंटर बन गया है। श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रबंध निदेशकए महात्माविचार ज्ञान आनंद ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन कियाए जिसमें संस्थान के डॉक्टरोंए तकनीशियनोंऔर ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।केयरस्ट्रीम का कम्पास एक नवीनतमतकनीकी समाधान हैए जो अपने ग्राहकों को लगातार विकसित होने वाली तकनीक के साथ बेहतरीनप्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़ाने तथा इस प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद करता है।यह ग्राहकों को उपलब्ध स्थानए कार्यप्रवाह और बजट के अनुसार सुविधाओं से सुसज्जित डिजिटलरेडियोग्राफी रूम को अपनी जरूरतों के अनुरूप तैयार करने की सुविधा देता है। इस बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए महर्षि विचार ज्ञानआनंद ने कहा दिल्ली.एनसीआर क्षेत्र में पहली बार केयरस्ट्रीम के डीण्आरण्एक्सण् कम्पासको इंस्टॉल किया गया है।

## एसिडिटी के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाया

**वाराणसी।** पिछले कई सालों से अपने मजेदारए जीवन के सार वाले जन जागरूकता वाले अभियान के साथ ईनो ने एसिडिटी के बारे में लोगों को समझाने और जागरूकता फैलाने के लिये ह्यूमर को एक टूल की तरह इस्तेमाल किया है। टीवी चैनलों और डिजिटल पर अपने मशहूर कैम्पेन के साथए एसिडिटी और इसके उपचार के बारे में चर्चा करने के इसके विचित्र दृष्टिकोण में पिछले 5 दशकों में काफी बदलाव आया है। जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर के प्रमुख एंटासिड ब्रांड ईनो ने भारत में अपने 50 साल पूरे कर लिए हैं। कई बार एसिडिटी की वजह से होने वाली परेशानियों ;अब एक साल में एक अरब से ज ?यादा बारद्ध से बाहर निकाला है।

## अगली पीढ़ी के किसानों को अब आधुनिक बनाने पर ध्यान केन्द्रित



**लखनऊ।** वर्तमान और भविष्य के लिए बीज उत्पादों और नवाचारों को पेश करने के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक कृषि कंपनी कोर्टेवा एग्रीसाइंस जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के साथ.साथ पर्याप्त भोजन, पोषण और आजीविका सुरक्षा की मांग को पूरा करने के लिए अपने हाईब्रिड बाजरा के बीज के माध्यम से अगली पीढ़ी के किसानों को शामिल करने और आधुनिक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कोर्टेवा एग्रीसाइंस साउथ एशिया के मार्केटिंग डायरेक्टर गुरप्रीत भट्ठल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजरा महोत्सव 2022.23 उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए बाजरा के पारिस्थितिक लाभ और पोषण मूल्य पर प्रकाश डालेगा। हमें विश्वास है कि इस पहल से किसानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। किसानों और कृषि के लिए हमारे प्रयासों के एक हिस्से के रूप मेंए हम कोर्टेवा एग्रीसाइंस में असाधारण पैदावार देने और उनकी पूरी क्षमता को पूरा करने के लिए वर्षों से हाइब्रिड सरसों के साथ किसानों का समर्थन कर रहे हैं। हमें इस पर गर्व है क्योंकि बाजरा का लाभ लाखों उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। जैसे जैसे अधिक उपभोक्ता बाजरा के पोषण मूल्य के बारे में जागरूक होंगेए वैसे वैसे अधिक लोग इनका सेवन करेंगेए जिससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। एशिया और अफ्रीका के विकासशील देश दुनिया में कुल बाजरा उत्पादन का लगभग 93 प्रतिशत योगदान करते हैं। 41 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारत उनका सबसे बड़ा वैश्विक उत्पादक है।

## रक्तदान शिविर किए गए आयोजित

**कानपुर।** जेके ऑर्गेनाइज़ेशन के पूर्व अध्यक्ष हरि शंकर सिंघानिया की 89वीं जयंती के उपलक्ष्य में जाने.माने ओद्यौगिक समूह ने अपने विभिन्न प्लांट्स एवं कार्यालयों में ष्रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इस मौके पर श्री भरत हरि सिंघानियाए चेयरमैनए जेके ऑर्गेनाइज़ेशन ने कहाए ष्हमारे संस्थापकों के दृष्टिकोण के अनुसार समाज को कुछ देने के प्रयास में जेके ऑर्गेनाइज़ेशन पिछले 100 सालों से सभी को गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वर्गीय श्री हरी शंकर सिंघानिया की जयंती के पावन अवसर पर जेकेओ ग्रुप कंपनीज़ में आयोजित यह रक्तदान अभियान बड़ी संख्या में लोगों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैए जो ज़रूरतमंद मरीज़ों को रक्त देकर उन्हें नया जीवन दे सकता है।ष्समूह कई तरह से सामाजिक सेवाओं में सक्रिय है। स्वर्गीय श्री हरी शंकर सिंघानिया को श्रृद्धांजली देने के लिए विशेष रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गयाए जो खुद हमेशा समाज के लिए कुछ करना चाहते थे।

## हार्ट अटैक से लेखपाल की मौत तहसीलकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

**श्रावस्ती,** इकौना। इकौना तहसील अंतर्गत ग्राम दूबकला मे तैनात लेखपाल की हार्ड अटैक से इलाज के दौरान लखनऊ मे मौत हो गयी तहसील कर्मियों ने शोकसभा करके श्रद्धांजलि दी। इकौना तहसील अंतर्गत विकास खण्ड गिलौला के ग्राम दूबकला के हल्का लेखपाल राजकुमार मौरिया ग्राम जोकहा तहसील पयागपुर जनपद बहराइच के निवासी का हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक मौत हो गई। इकौना तहसील सभागार मे एसडीएम आर पी चौधरी की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे राजस्व कर्मियों ने मृतक को श्रद्धांजलि दी।

# बुन्देलखण्ड में जल संकट से पार पाने की नई मुहिम

**बांदा।** बुन्देलखण्ड के जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जल संचयन करने हेतु ष्जलकुम्भी हटाओ-तालाब बचाओ् अभियान चलाकर तालाबों की जलकुम्भी सफाई कराये जाने का निर्णय लिया गया हैए जिसमें सभी सम्मानित प्रधान गण एवं जनसामान्य की सहभागिता बहुत ही आवश्यक है। उक्त विचार जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित जलकुम्भी हटाओ.तालाब बचाओ अभियान सम्बन्धित बैठक में व्यक्त किये।



जिलाधिकारी ने कहा कि यह सफाई अभियान 27 जून से प्रात: 09:00 बजे से चलाया जायेगाए जिसमें सम्बन्धित सभी जिलाध्तहसीलध्विकास खण्ड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारीध्कर्मचारी जिनको ग्राम पंचायतों में आवंटित तालाबों में जलकुम्भी सफाई हेतु स्वयं उपस्थित होकर ग्रामवासियों को श्रमदान हेतु प्रेरित करते हुए तालाबों की सफाई करायेंगे। उक्त अभियान में ग्राम प्रधान स्वैच्छित श्रमदानकर्ताए ग्राम पंचायत सचिवए तकनीकी सहायकए ग्राम रोजगार सेवकए पंचायत सहायक इत्यादि कर्मचारी समय से उपस्थित होकर श्रमदान करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा है कि इस ड्यूटी में लगायी गयी महिला अधिकारी तालाब में प्रवेश नही करेंगी बल्कि बाहर रहकर सफाई कार्य में सहयोग प्रदान करेंगी। खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत ग्राम प्रधान के सहयोग जलकुम्भी सफाई हेतु आवश्यक उपकरण की व्यवस्था करेंगे तथा गड्ढा खुदवाकर तालाब से निकाली गयी जलकुम्भी को रखकर खाद के रूप में प्रयोग करेंगे। इसके बाद इन्ही तालाबों के भीटों में वृक्षारोपण करने के दौरान जलकुम्भी की खाद का उपयोग करेंगे जिससे वृक्ष जल्दी विकसित हो और तालाब हमारा हरा.भरा दिखेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तालाब की फोटोग्राफी तीन स्तरों पर की जायेगीए जिसमें कार्य प्रारम्भ होने से पूर्वए सफाई कार्य करते हुए एवं सफाई कराने के पश्चात। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी प्रत्येक तालाब में 10.10 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें समय से उपस्थित रहकर सफाई कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये जायें। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त अधिकारी अपने प्रधानों से सफाई सम्बन्धी वार्ता कर रणनीति तैयार कर ली जाए।

**समाजसेवी ने जनसमस्याओं का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा:** जालौन (उरई)। नगर की समस्याओं को लेकर समाजसेवी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। एसडीएम ने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि नगर में बंगरा रोड स्थित नवीन फल एवं सब्जी मंडी स्थल में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जो दुकानदारों को परेशान करते हैं। इसके अलावा सब्जी मंडी में कूड़ा निकलता है। कभी कभार अराजक तत्व इस कूड़े में आग भी लगा देते हैं। इससे कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है। उन्होंने एसडीएम से सब्जी मंडी परिसर में सुरक्षा गार्ड की तैनाती किए जाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में मिलावटी दूध की बिक्री की जा रही है। जो बच्चों को लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने एसडीएम से मिलावटी दूध की बिक्री को रोके की मांग की। वहीं, बंदरों की समस्या को लेकर उन्होंने मांग की है कि वन विभाग की टीम द्वारा बंदरों को पकड़वाकर उन्हें किसी अन्यत्र स्थान पर छुड़वाया जाए। ताकि लोगों को बंदरों से परेशान न होना पड़े।

# सरफराज के शतक से मुंबई के 374 रन

● रणजी ट्रॉफी फाइनल : मध्य प्रदेश के एक विकेट पर 123 रन

भाषा। बेंगलुरू




**सरफराज खान के** शानदार शतक से 41 बार के चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को यहां मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 374 रन का स्कोर खड़ा किया। सरफराज ने सत्र का चौथा शतक जड़ते हुए 243 गेंद में 134 रन की पारी खेली। मुंबई ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 248 रन से की थी। मध्य प्रदेश ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 123 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। यश दुबे 44 जबकि शुभम शर्मा 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों दूसरे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। दिन का आकर्षण सरफराज रहे जो मौजूदा सत्र में सिर्फ छह मैच में 937 रन बना चुके हैं। मुंबई की टीम अगर इस मैच में दोबारा बल्लेबाजी करती हैं तो उनके पास सत्र में 1000 रन बनाने का मौका होगा। सरफराज ने अपनी पारी में 243 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके और दो छक्के मारे। मुंबई ने दूसरे दिन पहले ओवर में ही शम्स मुलानी (12) का विकेट गंवाया जिन्हें गौरव यादव (106 रन पर चार विकेट) ने पगबाधा किया। सरफराज ने ढीली गेंदों को सबक सिखाया जिससे मध्य प्रदेश के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव को क्षेत्ररक्षकों को फैलाना पड़ा। सरफराज अब परिपक्व हो चुके हैं और 2019-20 (तब 928 रन) सत्र से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। करियर के शुरुआती समय की अनुशासनात्मक समस्याओं से भी वह उबर चुके हैं जिसके कारण उन्हें एक सत्र के लिए मुंबई को छोड़कर जाना पड़ा था। आसमान में छाए बादलों के बीच गेंद मूव कर रही थी लेकिन बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर सरफराज एक छोर पर डटे रहे। मध्य प्रदेश के कप्तान के बाउंड्री रोकने के लिए क्षेत्ररक्षकों को फैलाने के बावजूद सरफराज ने तेज गेंदबाज अनुभवी अग्रवाल पर डीप एक्स्ट्रा कवर और डीप प्वाइंट के बीच से चौका जड़ा। उन्होंने टी20 शैली में विकेटकीपर के सिर के ऊपर से स्कूप करके चार रन बटोरे। सरफराज ने 97 रन के स्कोर पर गेंदबाज के सिर के ऊपर से चौका जड़कर शतक पूरा किया जबकि लांग आन और लांग आफ पर क्षेत्ररक्षक खड़े थे। भारतीय टेस्ट टीम के मध्यक्रम में अभी जगह नहीं है लेकिन जिस तरह सरफराज बल्लेबाजी कर रहे हैं अगर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के शब्दों में कहें तो वह टीम में चयन के लिए दरवाजा नहीं खटखटा रहे बल्कि जोरदार धमाका कर रहे हैं। सरफराज ने चार छोटी लेकिन प्रभावी साझेदारियां की। उन्होंने सातवें विकेट के लिए तनुष कोटियान (15) के साथ 40, धवल कुलकर्णी (01) के साथ आठवें विकेट के लिए 26, तुषार देशपांडे (06) के साथ नौवें विकेट के लिए 39 और मोहित अवस्थी (07) के साथ अंतिम विकेट के लिए 21 रन जोड़े। मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों ने हालांकि मुंबई को कड़ा जवाब दिया। तुषार देशपांडे ने हिमांशु मंत्री (31) को पगबाधा करके मुंबई को दिन की एकमात्र सफलता दिलाई।

## अब्बू के लिए शतक और जांघ पर हाथ मारकर जश्न मनाना दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के लिए : सरफराज

**बेंगलुरू।** मुंबई रणजी टीम के क्रिकेटर सरफराज खान ने गुरुवार को यहां मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी फाइनल में बनाए गए अपने शतक को अपने पिता और कोच नौशाद खान को समर्पित किया। शतक जड़कर मुंबई को पहली पारी में 374 रन तक पहुंचाने वाले सरफराज की आंखे डबडबाई हुई थी, उन्होने पत्रकारों से कहा, यह शतक मेरे अब्बू (पिता) की वजह है, यह उनके बलिदान की वजह से है और उस समय मेरा हाथ थामने की वजह से है जब मैं निराश था। नौशाद के दोनो बेटे सरफराज और मुशीर मुंबई टीम में ही खेलते है। यह पूछने पर कि क्या भारतीय टीम में जगह बनाने का सपना पूरा होने की ओर है? इस सवाल के जवाब में सरफराज की आंखे डबडबा गई। हमारी जिंदगी सब कुछ उन छोटे छोटे सपनो के लिए है जिन्हे हम संजोते है। सपने हम (वह और उनके पिता) साथ देखते है। मैंने मुंबई में वापसी के बाद से दो सत्र में जो 2000 के करीब रन बनाए है, वह सब मेरे अब्बू की वजह से है। जब कोई मैच नही होता तो दोनों भाई अपने पिता की निगरानी में प्रत्एक दिन छह से सात घंटे अभ्यास करते है। कुछ अनुशासनात्मक मुद्दो के कारण सरफराज को एक सत्र के लिए उत्तर प्रदेश जाना पड़ा और उन्होंने वापसी करने से पहले कूलिंग ऑफ समय बिताया जिसके बाद वह फिर मुंबई की टीम में चुने गए। आप सब तो जानते हो मेरे साथ क्या हुआ। अब्बू ना रहते तो मैं खत्म हो जाता। इतनी सारी समस्याएं थी और जब मैं सोचता कि मेरे अब्बू इन सबसे कैसे निपटे तो मैं भावुक हो जाता हूं। उन्होंने एक बार भी मेरा हाथ नही छोड़ा।

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने से फॉर्म व टीम में वापसी करने मदद मिली : पुजारा



भाषा। लीस्टर

**भारत के स्टार** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि रणजी ट्रॉफी और काउंटी चैंपियनशिप में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने से उन्हें अपनी फॉर्म और राष्ट्रीय टीम में वापसी करने में मदद मिली। चौतीस वर्षीय पुजारा को इस साल के शुरू में श्रीलंका के खिलाफ भारत की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया था। ससेक्स की तरफ से पांच मैचों में 120 की औसत से 720 रन बनाने के बाद उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए फिर से राष्ट्रीय टीम में चुना गया। पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ 83 गेंदों में 91 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने दूसरी डिवीजन की काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के लिए दो दोहरे शतकों सहित चार शतक लगाए। पुजारा ने बीसीसीआई टीवी से कहा, मेरे लिए यह अधिक से अधिक प्रथम श्रेणी मैचों में खेलने से जुड़ा था।

# भरत के अर्धशतक से भारत के आठ विकेट पर 246 रन

● लीसेस्टरशर से तीन दिवसीय अभ्यास मैच

भाषा। लीसेस्टर

**विकेटकीपर** बल्लेबाज श्रीकर भरत के नाबाद अर्धशतक से भारत ने लीसेस्टरशर के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में वर्षा से प्रभावित पहले दिन आठ विकेट पर 246 रन बनाए। बारिश और खराब मौसम के कारण दिन में 60.2 ओवर का ही खेल हो पाया। बारिश के कारण जब दिन का खेल जल्दी खत्म किया गया तब भरत 70 जबकि मोहम्मद शमी 18 रन बनाकर खेल रहे थे। भरत ने 111 गेंद की अपनी पारी में अब तक आठ चौके और एक छक्का जड़ा है। भारत के लिए शीर्ष क्रम का ध्वस्त होना हालांकि चिंता का विषय रहा। टीम ने 81 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (25) और विराट कोहली (33) ने एक बार फिर निराश किया। ए दोनों स्टार बल्लेबाज क्रीज पर टिकने के बावजूद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। लीसेस्टरशर के 21 साल के युवा तेज गेंदबाज रोमन वॉकर ने भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया और 24 रन देकर पांच विकेट चटकाए। विल डेविस ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट हासिल किए। सभी खिलाडि़यों को अभ्यास का मौका देने के लिए भारत के टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा, विकेटकीपर ऋषभ पंत और तेज गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा लीसेस्टरशर की ओर से खेल रहे हैं।

### लीसेस्टर में टीम से जुड़े अश्विन



**नई दिल्ली।** कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण एकमात्र पांचवे टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथियों के साथ ब्रिटेन रवाना नही होने वाले सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन लीसेस्टर मे टीम के साथ जुड़ गए है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पृथक्वास से गुजर रहे अश्विन लीसेस्टर में टीम के अपने साथियों से जुड़ गए जहां भारतीय टीम अभ्यास मैच खेल रही है।

### खो–खो लीग में भाग लेगी ओडिशा सरकार के स्वामित्व वाली टीम

**नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार ने जल्द शुरू होने वाली अल्टीमेट खो-खो लीग (यूकेके) मे फ्रेंचाइजी टीम लेने का फैसला किया है। यह दूसरा अवसर होगा जबकि नवीन पटनायक सरकार किसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग से जुड़ेगी। इससे पहले उसके पास कलिंग लांसर्स का सह स्वामित्व था, जो हॉकी इंडिया लीग की एक फ्रेंचाइजी थी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार ओडिशा खेल विकास एवं संवर्धन कंपनी (ओएसडीपीसी) के स्वामित्व वाली टीम आगामी खो-खो लीग में पांचवी टीम होगी।

### चेन्नई ओपन शतरंज: लगातार सातवीं जीत के साथ नितिन शीर्ष पर

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 के सातवे दौर मे लगातार सातवी जीत के साथ बढ़त बना ली। नितिन ने शीर्ष बोर्ड मे बी विग्नेश को 99 चाल में हराकर अपने अंको की संख्या को सात तक पहुंचाया।

### मलेशिया के ली जी जिया राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑल इंग्लैंड चैम्पियन ली जी जिया ने अगस्त मे होने वाली विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यभार प्रबंधन के लिए आगामी राष्ट्रमंडल खेलो से हटने का फैसला किया है। विश्व मे पांचवे नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी के हटने से भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन के लिए बर्मिंघम खेलो मे स्वर्ण पदक जीतना थोड़ा आसान हो जाएगा। मे से किसी एक का चयन करना था।

### सिंगापुर तैराकीः नटराज, आंब्रे और गौड़ा को स्वर्ण

**सिंगापुर।** तोक्यो ओलंपिक मे हिस्सा लेने वाले श्रीहरि नटराज और माना पटेल ने गुरुवार को यहां सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप मे क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारत ने पहले दिन पांच पदक अपनी झोली में डाले। प्रतिभावान तैराक मिहिर आंब्रे ने 50 मीटर बटरफ्लाई जबकि अनीष गौड़ा ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल का खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलो से पहले इस तैयारी प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने तीन स्वर्ण पदक जीते। शिवा श्रीधर ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक मे 57.58 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक से कुल पांच पदक जीते।

### फीफा ने एआईएफएफ से कहा, 31 जुलाई तक संविधान को मंजूरी दें, 15 सितंबर तक चुनाव कराएं

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आई फीफा-एएफसी की टीम ने गुरुवार को भारतीय फुटबॉल में चल रहे विवाद को खत्म करने के लिए समय सीमा तय की और हितधारकों को राष्ट्रीय महासंघ के संविधान को मंजूरी देने के लिए 31 जुलाई और चुनाव कराने के लिए 15 सितंबर तक का समय दिया। ऐसा नही करने पर देश पर विश्व संस्था द्वारा प्रतिबंध लग सकता है। देश के तीन दिवसीय दौरे के समापन के दिन एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महासचिव विंडसर जॉन की अगुआई वाली टीम ने स्पष्ट किया कि इस समय सीमा का कड़ाई से पालन होना चाहिए। फीफा प्रतिबंध का मतलब होगा कि अक्टूबर में होने वाला महिला अंडर-17 विश्व कप देश से छीन लिया जाएगा।

# रानी रामपाल फिर बाहर

● भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम चुनी

भाषा। नई दिल्ली



**भारत ने** आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए गुरूवार को 18 सदर्स्य महिला हॉकी टीम का चयन किया जिसमें फिर से स्टार स्ट्राइकर रानी रामपाल को बाहर रखा गया है क्योंकि वह चोट के बाद पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं कर पाई हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम अगले महीने विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीम के समान ही है। गोलकीपर सविता पूनिया टीम की कप्तान होंगी जबकि अनुभवी डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का 28 जुलाई से आठ अगस्त तक चलने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उप कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। दोनों खिलाड़ी विश्व कप में भी यही भूमिका निभाएंगी जिसकी सह मेजबानी एक से 17 जुलाई तक नीदरलैंड और स्पेन कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम के लिए विश्व कप टीम में सिर्फ तीन बदलाव किए गए हैं। रजनी इतिमार्पू को बीचू देवी खरीबाम की जगह दूसरी गोलकीपर के तौर पर रखा गया है जबकि विश्व कप टीम सदस्य सोनिका (मिडफील्डर) को राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल नहीं किया गया है। फॉरवर्ड संगीता कुमारी को विश्व कप के लिए स्थानापन्न खिलाड़ियों में से एक चुना गया था लेकिन वह राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में पूर्ण सदस्य के तौर पर शामिल हैं। भारत को पूल ए में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 28 जुलाई को घाना के खिलाफ करेगा। भारतीय महिला टीम को अपनी अगुआई में तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाने वाली रानी को हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के बाद बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ हालिया एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए चुना गया था। वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण के पहले चार मैचों में नहीं खेली थीं जिससे उनकी फिटनेस को लेकर संदेह होने लगा।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को हराया

**डबलिन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां पांच देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट में अमेरिका के खिलाफ 4-। की आसान जीत दर्ज की। भारत की ओर से अनु (49वें और 52वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि निकिता टोप्पो (48वें मिनट) और वैष्णवी फाल्के (58वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। अमेरिका की ओर से एकमात्र गोल 46वें मिनट मे हना मिलर ने किया। भारतीय टीम ने तेज शुरुआत करते हुए शुरुआती 10 मिनट में ही पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन इसे गोल में नही बदल सकी। दोनों टीम कई मूव बनाने के बावजूद पहले क्वार्टर में कोई गोल नही कर सकी। भारत दूसरे क्वार्टर में भी हावी रहा और उसे जल्द की दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय टीम एक बार फिर अमेरिका के डिफेंस को भेदने में नाकाम रही।

# जेमिमा के हरफनमौला खेल से भारत जीता

● श्रीलंका के खिलाफ 1-0 से बढ़त बनाई

भाषा। दाम्बुला



**जेमिमा रोड्रिगेज** की वापसी पर खेली गई अहम पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने गुरूवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 34 रन से जीत दर्ज की। महज 139 रन के स्कोर का बचाव करते हुए बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव (22 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले के बाद अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और खतरनाक दिख रही श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू (16 रन) और हर्षिता मादावी (10 रन) को तीन गेंद के अंदर आउट कर दिया। सात ओवर में श्रीलंका ने 27 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद टीम दबाव में आ गई और वह कभी भी लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। फिर तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की कसी गेंदबाजी ने उसकी उम्मीदें तोड़ दी जिन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 13 रन देकर एक विकेट झटका। दीप्ति शर्मा ने भारत को अच्छी शुरूआत कराई जिन्होंने सलामी बल्लेबाज वी गुणरत्ने (शून्य) को दूसरे ही ओवर में आउट कर दिया। इस सीनियर ऑफ स्पिनर ने पावरप्ले में बेहतरीन गेंदबाजी की और उन्होंने तीन ओवर में एक मेडन से नौ रन देकर एक विकेट झटका। दीप्ति ने साथ ही डीप स्क्वायर लेग में दौड़ते हुए एक बेहतरीन कैच भी लपका जिससे राधा यादव को दिन का अपना दूसरा विकेट मिला। कविशा दिलहारी मेजबान टीम के लिए अकेले दम पर जुटी थी जिन्होंने 49 गेंद में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए लेकिन भारत की शीर्ष स्तरीय गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने सुनिश्चित किया कि उसकी टीम तीन मैचों की श्रृंखला में।-0 की बढ़त बना ले। मेजबानों को अंतिम पांच ओवर में 78 रन की दरकार थी और कविशा ने हरमनप्रीत कौर और राधा यादव के खिलाफ कुछ बाउंड्री लगाई। लेकिन इतना ही काफी नहीं था क्योंकि भारतीयों ने घरेलू टीम की रन गति पर लगाम कस रखी थी और उन्हें पारी में एक भी छक्का नहीं लगाने दिया। शेफाली वर्मा ने अंतिम ओवरों में अमा कंचना (11) को आउट कर दिया जिसके बाद श्रीलंका की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 104 रन ही बना सकी। श्रृंखला का दूसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** शेफाली का डिसिल्वा बो अटापट्टू 31, स्मृति का अटापट्टू बो राणासिंघे 01, एस मेघना का अटापट्टू बो राणासिंघे 00, हरमनप्रीत कौर पगबाधा राणावीरा 22, जेमिमा रोड्रिगेज नाबाद 36, रिचा घोष स्ट संजीवनी बो राणावीरा 11, पूजा वस्त्राकर बो राणावीरा 14, दीप्ति शर्मा नाबाद 17, **अतिरिक्त** : 06, **कुल** : 20 ओवर में छह विकेट पर : 138 रन, **विकेट पतन** : 17-।, 17-2, 56-3, 58-4, 81-5, 106-6 , **गेंदबाजी :** प्रभोदानी 4-0-21-0,कुमारी 3-0-18-0, राणासिंघे 3-0-22-2,कंचना।-0-8-0, राणावीरा 4-0-30-3, अटापट्टू 2-0-7-।, दिलहारी 3-31-0

**श्रीलंका :** गुणरत्ने पगबाधा बो दीप्ति शर्मा 01, अटापट्टू का गायकवाड़ बो राधा यादव 16,मादावी का दीप्ति शर्मा बो राधा यादव 10, दिलहारी नाबाद 47,डि सिल्वा का हरमनप्रीत कौर बो पूजा वस्त्राकर 08,कंचना स्टंप घोष बो शेफाली 11, संजीवनी नाबाद 10,अतिरिक्त : 01, **कुल** : 20 ओवर मे पांच विकेट पर 104 रन, **विकेट पतन** :।-।, 2-27, 3-27, 4-54, 5-86 **गेंदबाजी :** रेणुका 4-0-25-0 ,दीप्ति 3-।-9-। , राधा 4-0-22-2 ,वस्त्राकर 4-।-13-।, गायकवाड़।-0-7-0 , हरमनप्रीत र 2-0-17-0, शेफाली वर्मा 2-0-10-।

## खुशकिस्मत रही कि टीम से बाहर होने के बाद रोहित और पंत से बात करने का मौका मिला: जेमिमा

भाषा। दाम्बुला

**रोहित शर्मा और** ऋषभ पंत के उत्साहवर्धक शब्दों से जेमिमा रोड्रिग्ज का उस समय हौसला बढ़ा जब वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम से बाहर होने के बाद मुश्किल दौर से गुजर रही थी और टीम में वापसी पर काम कर रही थी। इस क्रिकेटर का मानना है कि वह खुशकिस्मत रहीं कि उन्हें रोहित और पंत के साथ बात करने का मौका मिला। जेमिमा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पिछले श्रीलंका दौरे के बाद से मेरा सफर आसान नहीं रहा, मुझे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। मैंने रोहित शर्मा और ऋषभ पंत से बात की, उन्होंने मुझे कहा कि इन्हीं लम्हों से आपका करियर परिभाषित होगा, उन्होंने मुझे कहा कि इसे (विश्व कप से पहले टीम से बाहर होना) नकारात्मक रूप से नहीं लीजिए। उन्होंने मुझे कहा कि मुझे चुनौती का सामना करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। मैं खुशकिस्मत रही कि उनसे बात करने का मौका मिला।

## भारतीय महिला तीरंदाजी टीम फाइनल में

भाषा। पेरिस



**भारतीय** रिकर्व महिला तीरंदाजों ने क्वालीफिकेशन में खराब प्रदर्शन के बाद गुरूवार को वापसी करते हुए यहां चल रहे विश्व कप के तीसरे चरण के फाइनल में प्रवेश करके अपना पहला पदक पक्का किया। एक दिन पहले क्वालीफिकेशन दौर में सभी महिला तीरंदाज शीर्ष 30 से बाहर रही थी जिससे उन्हें 13वीं वरीयता मिली थी। लेकिन दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के सफर में यूक्रेन, ब्रिटेन और तुर्की को हराया। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे से होगा। भारतीय महिला रिकर्व तिकड़ी ने सबसे पहले चौथी वरीय यूक्रेन को 5-। (57-53 57-54 55-55) से हराकर बाहर किया। फिर क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ उन्होंने महज चार अंक गंवाए और अपने प्रतिद्वंद्वियों को 6-0 (59-51 59-51 58-50) से मात दी। सेमीफाइनल में हालांकि उनकी शुरूआत धीमी रही लेकिन भारत ने आठवीं वरीय तुर्की की गुलनाज कोस्कुन, एज्गी बसारण और यासमिन अनागोज की तिकड़ी को 5-3 (56-51 57-56 54-55 55-55) से पराजित कर दिया। भाग्य ने भी भारतीय महिला टीम का साथ दिया कि उन्हें शीर्ष वरीय कोरियाई टीम से नहीं भिड़ना पड़ा क्योंकि उसे आठवीं वरीय तुर्की ने क्वार्टरफाइनल में हराकर उलटफेर किया था। रविवार को भारतीय तिकड़ी का सामना तीसरी वरीय चीनी ताइपे से होगा जिसमें रियो ओलंपिक टीम की कांस्य पदक विजेता लेई चिएन यिंग भी शामिल है। पुरूषों की भारतीय रिकर्व टीम पहले दौर में स्विट्जरलैंड से हारकर बाहर हो गई जिन्हें प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी।

### कर्बर, हालेप बैड होमबर्ग के क्वार्टर फाइनल में

**बैड होमबर्ग ( जर्मनी )।** एंजेलिक कर्बर और सिमोना हालेप ने बैड होमबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जबकि सबाइन लिसिकी ने वापसी के बाद जीत का सिलसिला जारी रखा। गत चैंपियन कर्बर ने लूसिया ब्रोंजेटी को 6-2, 6-3 से हराकर एलिजे कॉर्नेट से रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। कॉर्नेट ने तात्याना मारिया पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। पिछले सप्ताह बर्मिंघम में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद हालेप ने तमारा जिदानसेक को 6-0, 6-3 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।

### ओलंपिक डे रन में लगाई दौड़



**लखनऊ।** खिलाड़ियों में खेल भावना की अलख जगाने और ओलंपिक खेलों के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से गुरुवार को आयोजित ओलंपिक डे रन में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के साथ खेल प्रेमी भी शामिल हुए। ओलंपिक दिवस.2022 पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वावधान में लखनऊ ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित इस दौड़ की शुरुआत सुबह 6.30 बजे शहीद स्मारक से हुई जिसे लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव सैयद रफत जुबैर रिजवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ओलंपिक डे रन का समापन केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुधीर एस हलवासिया चेयरमैन लखनऊ योग खेल संघ, प्रदेश सह संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ व विशिष्ट अतिथि मुरलीधर आहूजा वरिष्ठ समाजसेवी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र देते हुए उन्हें खेल जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

### मेदवेदेव, सिटसिपास जीते, किर्गियोस नहीं खेलेंगे

**पाल्मा।** दानिल मेदवेदेव और स्टेफानोस सिटसिपास ने मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि निक किर्गियोस विंबलडन से पहले चोट से बचने के लिए इस टूर्नामेंट से हट गए। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव ने असलान करात्सेव को 4-6, 6-3, 6-2 से जबकि सिटसिपास ने इल्या इवाश्का को 6-4, 6-4 से पराजित किया। मेदवेदेव का सामना अब रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा, जो किर्गियोस के मैच से पहले हटने के कारण आगे बढ़े हैं। मेदवेदेव इस साल विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ऑल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा रखा है।

### हेनरी निकोलस हुए विचित्र तरीके से आउट, न्यूजीलैंड के चाय तक पांच विकेट पर 123 रन

**लीड्स।** न्यूजीलैंड के हेनरी निकोलस गुरूवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन चाय से पहले की अंतिम गेंद पर विचित्र तरीके से आउट हुए जिससे ब्रेक तक टीम पांच विकेट पर 123 रन बनाकर जूझ रही थी। निकोलस ने स्पिनर जैक लीच की गेंद पर स्ट्रेट ड्राइव लगाया लेकिन गेंद नान स्ट्राइकर छोर पर खड़े साथी बल्लेबाज डेरिल मिशेल के बल्ले के किनारे से लगकर मिडऑफ की ओर चली गई जहां एलेक्स लीस ने उनका कैच लपक लिया। लीच ने दिन का दूसरा विकेट झटककर जश्न मनाया।

## भारत फीफा रैंकिंग में दो पायदान चढ़कर 104वें स्थान पर

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय फुटबॉल** टीम को एशियाई कप क्वालीफिकेशन में प्रभावशाली प्रदर्शन का फायदा गुरुवार को जारी ताजा फीफा विश्व रैंकिंग में मिला जिसमें वह दो पायदान के फायदे से 104वें स्थान पर पहुंच गई। भारतीय टीम न्यूजीलैंड (103) से एक पायदान नीचे है जो इस महीने के शुरू में अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में कोस्टारिका से 0-। से हारने के कारण विश्व कप में जगह बनाने से चूक गया था। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के सदस्यों में भारत पहले की तरह 19वें स्थान पर बना हुआ है। ईरान कुल 23वें स्थान और एएफसी देशों में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम ने इस महीने की शुरुआत में एशियाई कप क्वालीफिकेशन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और ग्रुप डी में अपने तीनों लीग मैच जीतकर 2023 में होने वाले 24 टीम के फाइनल्स में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद बेल्जियम, अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड, स्पेन, इटली, नीदरलैंड, पुर्तगाल और डेनमार्क का नंबर आता है।

## भारतीय अंडर-17 फुटबॉल टीम की इटली के हाथों 0-7 से करारी हार



**उडिने ( इटली )।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को यहां चार देशों के टूर्नामेंट के पहले मैच में इटली से 0-7 से करारी हार का सामना करना पड़ा। थॉमस डेनरबी की कोचिंग वाली टीम ने शुरू में दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन इटली ने जल्द ही खेल पर नियंत्रण बना दिया। भारतीय गोलकीपर मोनालिसा ने 10वें मिनट में ड्रैगोनी का प्रयास विफल किया लेकिन इसके एक मिनट बाद मारिया रोसी के सामने उनकी एक नहीं चली। भारत के पास 30वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन अनिता का शॉट मामूली अंतर से लक्ष्य से चूक गया। अन्ना लोंगोबार्डी और गिउला ड्रैगनी ने क्रमशः 31वें और 33वें मिनट में गोल करके इटली को 3-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर के बाद 48वें मिनट में मैनुएला सियाबिका ने स्कोर 4-0 कर दिया। इसके बाद इटली ने दनादन दो गोल और दागे जबकि मार्ता जांबोमी ने 67वें मिनट में मैच का अंतिम गोल किया। भारतीय टीम अक्टूबर-नवंबर में होने वाले अंडर -17 महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में यूरोपीय दौरे में दो टूर्नामेंट में खेलेगी।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम तीन देशों के टूर्नामेंट में स्वीडन से हारी

भाषा। स्टाकहोम

**भारतीय महिला** फुटबॉल टीम कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम में गोल खाने के कारण तीन देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट में स्वीडन से 0-। से हार गई। बुधवार की रात को खेले गए मैच स्वीडन की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर लिन विकियस ने 96वें मिनट (इंजुरी टाइम के छठे मिनट) में किया। भारत ने शुरू से दबदबा बनाए रखा और गोल करने के कई अवसर बनाए लेकिन अंतिम क्षणों की चूक आखिर में उसे महंगी पड़ी। भारत को पहला बड़ा मौका मैच के 12वें मिनट में मिला जब मिडफील्डर मनीषा कल्याण ने अपनी टीम की साथी मार्टिना थोकचोम से मिले पास पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के पास चला गया। मनीषा को 35वें मिनट में फिर से गोल करने का मौका मिला।

# सीडीओ ने आंगनबाड़ी केन्द्र व प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

- मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय नरिहा के प्रधानाध्यापक को दी कड़ी चेतावनी
- विद्यालय परिसर में बच्चों के बैठने की सही व्यवस्था एवं कक्ष में साफ सफाई, लाइट पंखा इत्यादि ना मिलने पर जताया रोष


सीडीओ नरिहा आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण करती हुयी पायनियर

संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य** विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के नरिहा ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालय नरिहा का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में 42 बच्चे रजिस्टर में दर्ज पाए गएए जिसमें 24 बच्चे उपस्थित मिलेए इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए तथा आंगनवाड़ी केंद्र में साफसफाईए पेंटिंग बोर्डए टेबलए कुर्सीए लाइटए पंखा इत्यादि को व्यवस्थित तरीके से लगाने के निर्देश दिएए वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों का वजन एवं लंबाई की नाप तोल कराईए उन्होंने कहा कि बच्चों को समय से पोषण आहार उपलब्ध कराए तथा बच्चों की जांच भी कराएं तथा उनको टीकाकरण भी समय से कराएंए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाएए मुख्य विकास अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की तथा गर्भवती महिलाओं की समय से जांच इत्यादि के निर्देश दिए। वही मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण वाटिका को सुव्यवस्थित तरीके से तैयार कराए जाने के निर्देश दिएए वही मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय नरिहा का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान कक्षा एक में बच्चों के बैठने की सही व्यवस्था एवं कक्ष में साफसफाईए लाइट पंखा इत्यादि ना मिलने पर उन्होंने प्रधानाध्यापक पर कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा संपूर्ण व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिएए इसके उपरांत कक्षा 5 के कक्ष में पहुंच कर बच्चों से बातचीत की तथा बच्चों को सही प्रकार से शिक्षा देने एवं विद्यालय में साफ सफाई के भी निर्देश दिएए उन्होंने कहा कि मिड डे मील बच्चों को समय से दिया जाए तथा निर्देशित किया कि मिड डे मील हेतु बच्चों के बैठकर खाने की व्यवस्था समुचित ढ़ंग से करायी जायेए अध्यापक विद्यालय में समय से उपस्थित हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाएए बच्चों को ड्रेसए मोजाए जूताए पुस्तके इत्यादि समय से उपलब्ध करा। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादवए खंड विकास अधिकारी अकबरपुर धन प्रसादए सचिव आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं परखीं

**कानपुर देहात।** विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत रनियां में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षणए निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने ओपीडी कक्षए टेलीमेडिसिन कक्षए पैथोलॉजी कक्षए दवाई वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण कियाए निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सीएल अवकाश पर मिले तथा उपस्थित डॉक्टरों ने मुख्य विकास अधिकारी को बताया कि आज 34 ओपीडी हुई है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले मरीजों का सही प्रकार से इलाज किया जाएए इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाएए मरीजों को अस्पताल से ही दवा भी उपलब्ध करायी जायेए अस्पताल में साफसफाई इत्यादि का विशेष ध्यान दिया जाएए कोविड.19 के गाइडलाइन का अवश्य पालन किया जाएए उन्होंने कहा कि यह अस्पताल रनियां हाइवे के किनारे हैए इसमें दुर्घटना ग्रस्त वाले मरीज ज्यादा आते होंगेए इसलिए इस अस्पताल में सभी सुविधाऐं अवश्य उपलब्ध करायेंए मरीज का सही से इलाज करेंए वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने बेड में चादर साफएवं शौचालय साफन मिलने पर उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों को चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिये कि बेड में पडे चादर अच्छे से साफसुथरा डालेए शौचालय भी साफरहे। वहीं उन्होंने जांच कक्ष का निरीक्षण किया निरीक्षण में उन्होंने कहा कि अभी बरसात के मौसम में डेंगू आदि के मरीज भी आयेंगेए इसलिए यहां पर भी डेंगू जांच किट अवश्य उपलब्ध रहें जिससे कि समय से मरीज की जांच हो सके।

## मुख्य विकास अधिकारी ने अस्थाई गौशाला और किसरवल वृहद गौ संरक्षण केन्द्र का लिया जायजा

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेय ने अकबरपुर तहसील क्षेत्र के नरिहा ग्राम में संचालित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 42 गौवंश मौके पर पाये गयेए गौवंशों हेतु हरा चाराए भूसाए चोकरए पानी इत्यादि मौके पर पाया गया। उन्होंने कहा कि गौवंशों का पशु चिक्त्सिधिकारी प्रतिदिन स्वास्थ्य चेक अवश्य करायेए वहीं उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों से वार्ता की जिसमें बताया गया कि गौशाला एवं गांव में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या हो जाती है जिससे काफी दिक्कत होती हैए इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारीए सचिव आदि को निर्देश दिये कि गांव के सभी नालों की साफसफाई समय से करा दे जिससे गांव में पानी का जलभराव न हो सकेए वहीं गौशाला हेतु सड़क खराब पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सड़क को दुरस्त कराये जाने के भी निर्देश दिये। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने रनियां के किसरवल में संचालित वृहद गौ सरंक्षण केन्द्र का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कुल 188 गौवंश पाये गयेए गौशाला में उपलब्ध भूमि पर हरा चारा उगाये जाने के मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियें को निर्देश दियेए गौशाला में वृहद रूप से वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दियेए उन्होंने कहा कि गौवंशों को हरा चाराए भूसाए चोकरए पानी समय से दिया जाये तथा गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण भी प्रतिदिन किया जाये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित गौवंशों को भी गौशालाओं में रखा जाये तथा गौशाला में सम्पूर्ण व्यवस्था पूर्ण करेंए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी अकबरपुर धनप्रसादए एसडीएम अकबरपुर वागीश कुमार शुक्ला आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलियुगी भाइयों ने लाठी-डंडों से पीटकर दिव्यांग का किया कत्ल

**कानपुर देहात।** जनपद की शिवली कोतवाली क्षेत्र में सनसनीखेज हत्याकाण्ड में कलियुगी भाईयों ने अपने सगे दिव्यॉग भाई को ही लाठी डण्डो से पीट-पीटकर मार डाला। कानपुर देहात में हत्या की एक ऐसी सनसनीखेज वारदात सामने आई रिश्तो को तार.तार करते हुए भाइयों ने अपने ही सगे दिव्यांग भाई को पीट.पीट कर मौत के घाट उतार डाला। घटना महज शराब के नशे के चलते घटित हुई। इस घटना ने जहां गांव सहित इलाके में सनसनी मचा दी। वहीं पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया। आनन.फानन में भारी पुलिस बल के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेते हुए वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। वही हत्या की घटना को अंजाम देने वाले हत्यारे भाई मौके से भाग निकले जिनकी तलाश में पुलिस जोरो से लगी हुई है। दरअसल पूरा मामला जनपद कानपुर देहात के शिवली कोतवाली क्षेत्र के बैरी नौबस्ता गांव का हैं। के रहने वाले दिव्यांग राजकुमार को शराब का नशा इस कदर भारी पड़ा की उसके सभी भाइयों ने ही उस को मौत के घाट उतार दिया और उसको अपनी जान से हाथ धोना पड़ गया वही घटना को अंजाम देने वाले दिव्यांग राजकुमार के भाई वीरू और धीरू मौके से भाग निकले। दिव्यांग राजकुमार शराब के नशे में गांव के लोगों को अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था जिसके बाद उसके भाइयों ने इसका विरोध किया लेकिन राजकुमार नहीं माना जिससे गुस्साए उसके भाई वीरू और धीरू ने उसकी लाठी.डंडों से जमकर पिटाई कर दी जिससे राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद उसकी मौत हो गई वहीं घटना को अंजाम देने के बाद वीरू और धीरू मौके से भाग निकले के परिजनों में कोहराम मच गया और इलाके में सनसनी फैल गई।

# डीसीएम ने बाइक सवारों को उड़ाया, मौसा व भतीजे की मौत, मां की हालत गंभीर

- महिला का गंभीर हालत में हैलट में चल रहा इलाज

संवाददाता। घाटमपुर

**कोतवाली** क्षेत्र के अंतर्गत मुगल रोड पर कढ़ियनताला के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मौसा व 12 वर्षीय मासूम भतीजे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि पीछे बैठी मासूम की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस से सीएचसी घाटमपुर पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद महिला को गंभीर हालत में हैलट रेफर कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद भागे


नरेंद्र उर्फ बब्लू यादव की फाइल फोटो


शिवा की फाइल फोटो

डीसीएम को मूसानगर पुलिस ने पकड़ लिया। भदरस गांव की रहने वाली मीता के पति डॉण् ओमप्रकाश की डेढ़ साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। घर पर 12 साल का बेटा शिवा व सास.ससुर थे। ग्राम प्रधान जयनारायण यादव ने बताया कि मीता की बहन विनीता की कानपुर देहात के मूसानगर थाना क्षेत्र के कृपालपुर गांव में ससुराल है। बुधवार को विनीता के पांच वर्षीय बेटे मोनू के जन्मदिन का कार्यक्रम था। जिसके चलते विनीता के पति नरेंद्र उर्फबबलू यादव साली नीता व भतीजे शिवा को अपने साथ कृपालपुर ले गए थे। गुरुवार सुबह बबलू बाइक से नीता व शिवा को वापस भदरस छोड़ने आ रहे थे। रास्ते में मुगल रोड पर कढ़ियनताला के पास विपरीत दिशा से आए तेज रफ्तार डीसीएम ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अचेत अवस्था में एंबुलेंस से सीएचसी घाटमपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने देखते ही मौसा बबलू व 12 वर्षीय शिवा को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल नीता को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने स्कूल में शिक्षा, विकास कार्य की गुणवत्ता जांची

**घाटमपुर।** सरकारी स्कूलों में शिक्षा और कायाकल्प के तहत कराये गये विकास कार्य परखने के लिये गुरुवार को जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर भीतरगांव ब्लाक की ग्राम पंचायत कोरथा उच्च प्राथमिक स्कूल पहुंचे। उन्होंने चार कक्षाओं के अंदर जाकर पढ़ाई की गुणवत्ता जांचने के लिये छात्र छात्राओं से पाठ्यक्रम से सम्बंधित प्रश्न पूंछे। शौचालय में पसरी गंदगी देखकर डीपीआरओ कमलकिशोर और पंचायत सचिव को कडी फटकार लगाई। एसडीएम नरवल आयुष चौधरी को अभियान चलाकर वरासत के मामले निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ऑल मोहम्मद काजमीए चिकित्साधीक्षक डॉ अजय मौर्या सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### आबकारी निरीक्षक व चौकी प्रभारी ने अवैध शराब को लेकर की छापेमारी

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** अवैध शराब को लेकर प्रदेश शासन के सख्त रुख को देखते हुए आबकारी निरीक्षक ने चौकी प्रभारी के साथ मिलकर कई गांव में छापा मारा हालांकि कहीं भी अवैध शराब बरामद नहीं हुई। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आबकारी निरीक्षक कौशलेंद्र रावत ने कहिंजरी चौकी इंचार्ज प्रभाकर यादव के साथ मिलकर मिलकर लगभग आधा दर्जन गांव मालका पुरवाए मुरलीपुरएकहिंजरीएछोटेपुरवाए आदि गांव में पहुंचकर आकस्मिक छापेमारी की हालांकि किसी गांव से कोई आपत्तिजनक सामान व शराब बरामद नहीं हुई। आबकारी निरीक्षक कौशलेंद्र रावत ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए बताया कि किसी भी सूरत में अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। आकस्मिक चेकिंग अभियान चलने से गांव में हड़कंप मचा रहा।

### कार व ऑटो की भिड़ंत में चार लोग हुये घायल

**पुखरायां, कानपुर देहात।** मूसानगर थाना क्षेत्र के सरांय के पास कार और ऑटो की भिड़न्त हो गई है। जिसमें एक महिला सहित चार लोग घायल हुए हैं। घायलों को सीएचसी में लाया गया जहां पर उपचार के बाद तीन लोगों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। मूसानगर क्षेत्र के सरांय के पास कार और ऑटो की भिड़न्त हुई एजिसमें ऑटो में सवार घाटमपुर थाना क्षेत्र के मखोलीं गांव के हरगोविन्द ;30द्ध एरूरा थाना क्षेत्र के दिदिवा गांव के प्रदीप कुमार ;27द्धएमूसानगर थाना क्षेत्र के जरसेन गांव की शशिदेवी ;35द्ध पत्नी मुनीश कुमार औऱ सरांय गांव के बकरीदे ;40द्धऑटो में सवार होकर मूसानगर की ओर जा रहे थे जिससे चीख पुकार मच गई स्थानीय लोगो के द्वारा घायलो को सीएचसी लाया जहां पर डॉ राजवीर के द्वारा घायलो का उपचार किया गया जिसमें हरगोविन्द एप्रदीप और शशिदेवी को जिला अस्पताल रिफर किया गया ।

### तोड़ रहे युवक की पेड़ से गिरकर मौत

**नवाबगंज फर्रुखाबाद ।** आम तोड़ते समय युवक पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजन ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव उखरा निवासी एक युवक गुरुवार सुबह पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। उसी दौरान पेड़ की टहनी टूटने से युवक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन घायल फर्रुखाबाद निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री है। युवक अपने तीन भाइयों में मझला था।

### टीम से अभद्रता करने में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज फर्रुखाबाद ।** जमीन की नापजोख करने गई राजस्व टीम से अभद्रता कर राजस्व अभिलेख फाड़ने में तीन लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपित को गिरफ्तार कर शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया। गांव समैचीपुर मजरा अठरुइया निवासी स्वदेश की पट्टे की जमीन पर कब्जे की शिकायत, गांव वीरपुर व समैचीपुर मजरा अठरुइया के सीमा विवाद का निस्तारण करने के लिए बुधवार दोपहर बाद तहसीलदार कायमगंज कर्मवीर सिंह के आदेश पर राजस्व निरीक्षक रामप्रकाश, लेखपाल विमल कुमार व अनिल कुमार ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर जमीन की पैमाइश शुरू की। उसी दौरान गांव के पवनए विवेक व सत्यवीर ने आकर नापजोख का विरोध कर राजस्व टीम को गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध पर राजस्व टीम के साथ अभद्रता कर राजस्व अभिलेख भी फाड़ दिए। आरोपितों द्वारा गाटा संख्या 287 में स्थित अपनी पट्टे की जमीन से अधिक जमीन पर कब्जा किया गया है। पुलिस ने लेखपाल विमल कुमार की तहरीर पर पवनए विवेक व सत्यवीर के खिलाफराजस्व टीम को गाली गलौज कर अभद्रता करने, राजस्व अभिलेख फाड़ने व सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने पवन, विवेक, सत्यवीर को गिरफ्तार कर शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया।

### बच्चों पर किए रिसर्च को राष्ट्रीय शोध पत्रों में स्थान

**खागा/फतेहपुर।** प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए लगातार प्रयासरत शिक्षक आनन्द कुमार मिश्र के रिसर्च पेपर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित होने से जनपद की बेसिक शिक्षा गौरवान्वित हुई है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली व सेज पब्लिकेशन के जर्नल ने उनके रिसर्च पेपर हाल ही में प्रकाशित किए हैं। एनसीईआरटी ने ऐरायां ब्लॉक में स्थित प्रावि मलूकपुर के शिक्षक एवं शैक्षिक प्रभारी आनन्द मिश्र के द्वारा कई सालों से जारी शोध को अपने जर्नल प्राथमिक शिक्षक में सामान्य अध्ययन द्वारा प्राथमिक स्तर के बच्चों में संवाद, समझ व सामर्थ्य का विकास नामक शीर्षक से प्रकाशित किया है जबकि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात सेज पब्लिकेशन की शोध पत्रिका सामाजिक विमर्श ने आनन्द के एक अन्य रिसर्च पेपर को प्राथमिक शिक्षा में उच्चारण की शक्ति नामक शीर्षक से जगह दी है। देश के नामी गिरामी शिक्षाविदों के साथ प्रकाशित होने वाले रिसर्च पेपर्स ने जनपद की बेसिक शिक्षा को नया आयाम दिया है। बीती 21 मार्च को आनन्द द्वारा तैयार किए गए बाल कहानी संग्रह बोलता बचपन का विमोचन करते हुए राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने इन्हें प्रशंसा पत्र भी दिया था। आनन्द ने एनसीईआरटी में प्रकाशित शोध पत्र में बताया है कि किस तरह अपनी मां का आंचल छोड़ कर आने वाले बच्चों में मौजूद भय व हिचकिचाहट को मात्र सामान्य अध्ययन के शिक्षण द्वारा दूर कर उनमें जिज्ञासा व आत्मविश्वास भरा जा सकता है जबकि दूसरे रिसर्च पेपर में उन्होंने हिन्दी भाषा शिक्षण में उच्चारण के महत्व को रेखांकित किया है। शिक्षकों की बायोमीट्रिक से हाजिरी व ड्रेस कोड लागू करने का नवाचार अपनाने के साथ ही आनन्द ने बच्चों में शैक्षिक उन्नयन, सामाजिक सरोकार व प्रकृति से जुड़ाव के लिए कई नवाचार किए। इनमें रीड एण्ड रिसीव, नाऊ आर नेवर, जल है तो कल है, माई प्लांट माई लाइफ, शिक्षा व समाज जैसे नवाचार शामिल हैं। छोटे से मजरे में स्थापित इस प्राथमिक विद्यालय की छात्र संख्या में बीते चार सालों में ही करीब चार गुना वृद्धि हुई है। छात्र संख्या अब 60 से 235 पहुंच चुकी है।

### किशोरी ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कृपालपुर बिंदा में बुधवार की शाम परिजनों की डांस से क्षुब्ध 14 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

# संदिग्ध नजर आ रही कोतवाली पुलिस और एलआईयू की भूमिका

- लम्बे समय से चल रहा था मार्केटिंग बिजनेस का काम

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद** में लगभग एक दशक से मार्केटिंग बिजनेस के नाम पर ठगी का खेल चल रहा है। कुछ समाचार पत्रों में कई बार खबरें प्रकाशित भी हो चुकी हैं। एक बार चुनाव को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तत्कालीन जिलाधिकारी सेल्वाकुमारी जे0 के सामने भी कुछ पत्रकारों द्वारा मामले को उठाया गया था। जिस पर उन्होंने तत्कालीन एलआईयू इन्स्पेक्टर दिग्विजय सिंह को जांच के आदेश भी दिये थे। क्या जांच हुई और एलआईयू ने क्या रिपोर्ट पेश की इसका खुलासा मीडिया के सामने नहीं किया गया जबकि मार्केटिंग बिजनेस तब से बादस्तूर जारी रहा। जिले के अधिकतर मोहल्लों में किराये के मकानों में मार्केटिंग बिजनेस के नाम पर हर जाति धर्म के युवाओं को बाकायदा क्लास लगाकर टेऊनिंग दी जाती रही और ठगी की जाती रही। सूत्रों के अनुसार उक्त मार्केटिंग बिजनेस के नाम पर ठगी का यह खेल कुछ इस तरह से चलता रहा कि एक युवा को इस बिजनेस से जुड़ने के लिए पहले लगभग 20 हजार रुपये देना होता है और फिर इसी तरह अपने 2 और साथियों को जुड़वाना पड़ता है। इस तरह से चेन सिस्टम से युवाओं का कारवां बढ़ाकर ठगी की जाती है और टेऊनिंग क्लास के माध्यम से दक्ष कर मार्केटिंग बिजनेस में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है। इनको सुबह-शाम समूह के रुप में शहर के अधिकतर मोहल्लों में एक कापी पेन के साथ देखा जाता रहा है। सूत्रों के अनुसार एक-एक मकान में 25 से 50 की संख्या में युवा रहते हैं और इन्हीं मकानों में इनकी टेऊनिंग क्लास भी चलती है। एक खास बात और बताई जाती है कि इन लड़कों में किशोर से लेकर अधेड़ उम्र तक के लोग शामिल रहते हैं, जो हर धर्म और जाति के रहते हैं। इन युवाओं द्वारा होली-दिवाली, ईद-बकरीद के अलावा राष्ट्रीय पर्वों पर भी आयोजन किये जाने के मामले की चर्चा लोगों के बीच है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में रहने के कारण भी वाद-विवाद की स्थितियां पैदा होती रहीं हैं। मार्केटिंग बिजनेस चलाने वालों से लेन देन को लेकर भी विवाद के मामले स्थानीय लोगों के बीच चर्चा में हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि मार्केटिंग बिजनेस बाहरी लड़कों को यहां रखने का सिस्टम है, उसी तरह से यहां के लड़कों को दूसरे जिलों में टेऊनिंग देने का सिस्टम बना रखा है। इस तरह से शायद अन्य जिलों में भी मार्केटिंग बिजनेस का गोरखधंधा चलाकर युवाओं को लूटा जा रहा है।

## नलकूप से कटिया उतारने पर ग्रामीण व बिजली कर्मचारियों में जमकर मारपीट

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** नलकूप की विद्युत लाइन पर घर में उपयोग करने के लिए पड़ी कटिया उतारने को लेकर ग्रामीण व बिजली कर्मचारियों में मारपीट हुई। अवर अभियंता ने थाने पहुंच कर शिकायत की। विद्युत सब स्टेशन नौगंवा के अवर अभियंता मासूम अली के निर्देश पर नगरिया देवधरापुर गांव में बिजली बिल वसूली कैंप लगाया गया। इस दौरान बकायेदारों की लाइन चेक करने के लिए कर्मचारी गांव में डोर टू डोर सर्वे कर रहे थे। कर्मचारियों की नजर एक घर के पास गई तो यहां ग्रामीण लाइन के अतिरिक्त नलकूप की लाइन से कटिया डालकर बिजली उपयोग की जा रही थी। जिस पर लाइनमैन राजकुमार व रविंद्र कुमार ने नलकूप की लाइन से कटिया उतार ली। इसी बात को लेकर ग्रामीण व उनके साथी उग्र हो गए और बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। कर्मचारियों के साथ मारपीट की।

## समर्थकों ने किया बसपा नेताओं का जोरदार स्वागत



संवाददाता। फतेहपुर

**आबू नगर** में बहुजन समाज पार्टी के सदर विधानसभा के प्रत्याशी अयूब अहमद व बसपा नेता अनवार उल्लाह खां का जोरदार माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान मोहम्मद इरफान खान व रमेश पासवान ने कहा की आने वाले नगर पालिका परिषद के चुनाव में चेयरमैन पद के अनवार उल्लाह खान प्रमुख दावेदार हैं और अगर बसपा हाईकमान अनवार उल्लाह खान प्रत्याशी बनाती है तो बसपा के जमीनी कार्यकर्ता इनके साथ कंधे से कंधा मिलकर खड़े होंगे और इनको भारी बहुमत से जिताने का काम करेंगे। वही अनवार उल्लाह खां ने कहा जिस तरीके से अलग-अलग वार्डो में उनका स्वागत व सम्मान हो रहा है निश्चित ही वह जनता की समस्याओं को वार्ड में जाकर सुन रहे हैं और उनकी कोशिश होगी की इन समस्याओं का वह संबंधित अधिकारियों से मिलकर न्याय दिलाने का भी काम करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वालों का हुआ अभिनन्दन



**फतेहपुर।** इंडिया कफ नेशनल ताइक्वांडो चौंपियनशिप 17 जून से 20 जून को अमृतसर पंजाब में संपन्न हुई जिसमें शहर के जीटी रोड स्थित सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 3 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया जिसमें आरव अग्रहरी कक्षा 6 अनुष्का यादव कक्षा 6 अवनी सचान कक्षा 5 शामिल है। स्कूल में इनका स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ कमलापति ठाकुर ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन एवं मेडल पहनाकर सम्मान किया तथा साथ ही साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पूरे विद्यालय परिवार को खिलाड़ियों ने गौरवान्वित किया है।

शिक्षा के साथ-साथ स्कूल में खेलकूद का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। इस मौके पर स्कूल के कोऑर्डिनेटर प्रेम प्रकाश पांडे अंजली ठाकुर शारीरिक शिक्षा विभाग से जरीब अनवर व अपूर्व वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। साथ में स्कूल ताइक्वांडो कोच राजकुमार भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य डॉ कमलापति ठाकुर ने कोच राजकुमार का हौसला बढ़ाया एवं सम्मान किया।

# कोतवाली पुलिस बुजुर्ग का पकड़ने में रही नाकाम, पड़ा हार्टअटैक, कानपुर रेफर

संवाददाता। फतेहपुर

**बुजुर्ग** अशोक कुमार की बेशकीमती जमीन खागा कोतवाली क्षेत्र की है और बुजुर्ग रहने वाला थरियांव थाना क्षेत्र का है ऐसे में दोनों थाना के अलावा सदर कोतवाली पुलिस बुजुर्ग को अपहरण करने प्राइवेट गाड़ी से क्यों गई यह बड़ा सवाल है? उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार बुजुर्गों को सम्मान देने की बात करती है। पुलिस प्रशासन द्वारा गुंडा मवालियों के ऊपर कार्यवाही किये जाने की बात करती है, लेकिन यह सारी बाते जनपद में दिखावा साबित होती है यहॉ पर चंद पैसो के दम पर आप किसी भी थाने की पुलिस को बुलाकर कुछ भी करवा सकते है। इस बात का जीता जागता सबूत है। सदर कोतवाली क्योंकि 75 वर्षीय बुजुर्ग अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय बाल किशन का प्लाट खागा कोतवाली के नौबस्ता रोड अंतर्गत आता है और रहने वाले थरियांव थाना क्षेत्र के खूवाजीपुर सेमरिया का हैं, बावजूद इसके बिना किसी शिकायत य प्रार्थना पत्र बिना कोई मुकदमा कोतवाली पुलिस द्वारा थरियांव थाने के हल्का क्षेत्र में प्राइवेट दिल्ली नंबर की ऐनोवा कार सवार एक दरोगा व एक महिला सहित तीन कांस्टेबल एक अज्ञात ड्राइवर व चार बाइक सवार लोगो को ले जाकर बीमार 75 वर्षीय बुजुर्ग अशोक कुमार को जबरन अपहरण कर गाड़ी में बैठा लिया और लेकर भागने लगे तभी दूसरे गांव के समीप ग्रामीणों ने कार को रोकने का प्रयास किया बावजूद इसके उक्त लोग कार लेकर भागने का प्रयास कर रहे थे तभी कुछ मोटरसाइकिल रोड पर आगे खड़ी कर दी गई जिसकी वजह से गाड़ी रुकी, ग्रामीणों ने गाड़ी से बुजुर्ग बीमार को नीचे उतारा और जबरन भर कर ले जाने का कारण पूछा तो दरोगा कुछ भी नही बता पाए और थरियांव थाने आने की बात कहकर वहां से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने दूसरे दिन खागा स्थित प्लाट के पुरे कागजातों के साथ अपने पिता को लेकर थाने आने की बात कहकर बुलाया और कहा किसी से कुछ मत कहना हम तुम्हारी जमीन के विवाद का निपटारा करवा देंगे। कोतवाली पुलिस को किसने अधिकार दे दिया की किसी भी थाना क्षेत्र के मामले को निपटाने के लिए अपने पुलिसकर्मियों को प्राइवेट गाड़ियों से भेज कर विरोधियो से मिलकर लोगों को जबरन उठवाकर लाए और जबरन जमीनी विवादों का निपटारा कराएं, क्या योगी सरकार में एक ही थाने से पूरे जनपद को न्याय दिलाने या फिर गुंडागर्दी करने का अधिकार दे दिया गया है। सवाल बहुत सारे हैं और जवाब किसी के पास नहीं है। घटना को 1 सप्ताह गुजर चुका है इस बुजुर्ग बीमार युवक की बेशकीमती जमीन खागा कोतवाली के नौबस्ता रोड पर स्थित है।

## भाकियू टिकैत गुट के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम का जनपद के प्रथम आगमन पर जगह-जगह फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया। इस मौके पर यूनियन के लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम ने कहा कि किसानों के हितों के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम का जनपद के प्रथम आगमन पर यूनियन के लोगों ने चौडगरा कस्बे में एक लंबे काफिले के साथ फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया गया यह काफिला क्षेत्र के पहुर गांव से मवईया बीरपुर खजुहा पारा दान मोड होते हुए बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे में पहुंचा ललौली चौराहे में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम ने माल्यार्पण किया बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे में एकत्र यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अशोक उत्तम का फूल मालाओं से लौटकर गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया।

# वही फसल उगाएं जो आय बढ़ाए

संवाददाता। अमेठी



**औद्योगिक इकाईयों** की आवश्यकतानुसार जनपद के किसानो द्वारा चिन्हित फसलों की खेती एवं कृषि क्षेत्र में स्किल डिमांड की पहचान हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठरए उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठकए जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेयए उप कृषि निदेशक सत्येंद्र चौहानए लीड बैंक मैनेजर विमल कुमार, कृषि विज्ञान केंद्रए कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए उद्यमीए एवं प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया। बैठक का उद्देश्य हल्दीए धनियाए मक्काए शर्बती गेहूँ ए इत्यादि को जनपद अमेठी में स्थापित कृषि सम्बंधित औद्योगिक इकाईयों की खपत एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार जनपद के किसानों द्वारा उगाये जाने की कार्य योजना बनाने का था। साथ हीए किसानों की आय वृद्धि हेतु ऐसी फसलों की पहचान पर चर्चा की गयी जो कि अमेठी के जलवायुए मृदा स्वास्थ्यए तथा स्थानीय औद्योगिक मांग के अनुसार उपयुक्त हों। बैठक को आरम्भ करते हुए जिलाधिकारी ने जिले के प्रगतिशील किसानों से जनपद अमेठी के औद्योगिक इकाईयों के कच्चे माल की खपत के अनुसार कुछ फसल जैसे मक्काए धनियाए शर्बती गेहूँए हल्दीए इत्यादि की खेती करने की अपील की। कुछ किसानों ने यह बताया कि पूर्व में उन्होंने ऐसी कुछ फसलें जैसे मक्का एवं धनिया की खेती की थीए परन्तु तकनीकी ज्ञानए कौशल प्रशिक्षणए एवं बाजार संपर्क के अभाव में भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इस समस्या पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने औद्योगिक इकाईयों एवं किसानों से आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के माध्यम से इन फसलों को औद्योगिक गुड़वत्ता के मानकों के अनुसार उगाने की अपील की। साथ ही जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया की कृषि विज्ञान केंद्र एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के माध्यम से मृदा स्वास्थ्यए एवं बीजों की गुड़वत्ता तथा फसलों के उत्पादकता की समीक्षा करते हुए कुछ नए फसलों के उत्पादन की विस्तृत कार्य योजना बनाये। राजेश मसालाए साल्वा एग्रो हैचरीसए सुगुना फूड्सए तथा अन्य कृषि सम्बंधित उद्योगों के प्रतिनिधियों ने यह आश्वासन दिया कि इन फसलों को कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के माध्यम से उगाने हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा एनर्जी व प्रोटीन के मानकों के अनुसार बीज उपलब्ध करानेए बीज के भण्डारणए फसलों की देखभालए एवं पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन में भी किसानों की मदद की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने किसानो से यह अपील किया कि वे किसान उत्पादक संगठनों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादन किये जाने वाले वर्मी.कम्पोस्ट खाद का उपयोग फल एवं सब्जियों की खेती में करें ताकि आर्गेनिक फार्मिंग के माध्यम से कृषि उत्पादों की गुड़वत्ता को बढ़ाया जा सके एवं आय में वृद्धि की जा सके। साथ हीए फूल की खेती कर रहे कुछ किसानों को सुझाव दिया कि वे गुलदस्ते एवं फूल का एक स्टोर भी खोल सकते हैं। जनपद में हो रहे पोटाश की कमी का संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित अधिकारयों को वर्तमान मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए।

# डीएम ने अपराध, कानून व्यवस्था और अभियोजन कार्यों की गहन समीक्षा

संवाददाता। रायबरेली



**जिलाधिकारी माला** श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपराध, कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों को लेकर सभी उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद निस्तारण, आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, विवेचना निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडाएक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा किया तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पास्को एक्ट, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने दिनेश कुमार श्रीवास्तव जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) एवं विनय शुक्ला विशेष अभियोजक (एससी एसटी) द्वारा कार्यो में लापरवाही बरतने पर वेतन रोकने हुए स्पष्टीकरण तलब कराने के निर्देश दिये तथा अर्चना दीक्षित विशेष लोक अभियोजक (एससी एसटी) बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वेदपाल सिंह विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) कार्यो में लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण प्राप्त कराने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि पॉक्सो अधिनियम वाले मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र निस्तारित कराए। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाए साथ ही जिन व्यक्तियों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं उनका शत प्रतिशत तामिला सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कहा कि शिकायतें लंबित ना रखी जाए शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उन्होंने जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सयुक्त निदेशक अभियोजन सहित शासकीय अधिवक्ता सहित अभियोजन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली लालगंज के एक गांव में ननिहाल वैवाहिक समारोह में आई बालिका के साथ दुराचार की घटना हुई है ।मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 376 एवं 5 / 6 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मिली जानकारी के अनुसार बालिका अपने ननिहाल सेखवा पुर गांव आई थी जहां बुधवार को उसकी मौसी का विवाह था। रात 10 बजे के करीब वह घर के बगल में नल के पास खड़ी थी तभी गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर पास की सुनसान जगह में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका के रोने चिल्लाने पर जानकारी हुई तो घरवाले उसे लेकर कोतवाली लालगंज पहुंचे जहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बालिका का मेडिकल कराने हेतु अस्पताल भेजा ।प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है ।शीघ्र ही आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

### वर्षो के बाद भूमिधरी जमीन पर मिला वापस कब्जा

**लालगंज रायबरेली।** भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच आलमपुर स्टेट के लाल देवेंद्र बहादुर सिंह को अपनी पौने2 बीघा भूमिधरी जमीन पर पुनः कब्जा मिल गया है। जमीन पर कब्जा किए बैठे बसपा नेता अमर बहादुर रैदास उर्फअमरू को पुलिस व राजस्व टीम ने काफी जद्दोजहद के बाद समझा-बुझाकर मौके से हटाकर जमीन के वास्तविक मालिकानों को कब्जा दिला दिया है। उल्लेखनीय है कि आलमपुर स्टेट के लाल देवेंद्र बहादुर सिंह व उनके भाइयों के नाम लालगंज नगर के अस्पताल मोड़ पर पौने2 बीघा जमीन थी जिस पर 25 वर्ष पूर्व बसपा नेता अमर बहादुर रैदास उर्फअमरू नेता ने अपने भाइयों के साथ कब्जा कर लिया था। विवाद होने पर कई बार अमरु नेता ने लाल साहब के परिवार पर हरिजन एक्ट भी दर्ज कराया था ।साथ ही दीवानी में भी जमीन को लेकर मुकदमा कर दिया था, लेकिन मुकदमों में किसी भी प्रकार का स्टे ना होने के चलते गुरुवार को भारी पुलिस फोर्स व राजस्व की टीम के साथ लाल देवेंद्र बहादुर सिंह व ब्रह्म प्रकाश सिंह ने जमीन पर कब्जा फिर से प्राप्त कर लिया है ।मौके पर ब्रह्म प्रकाश सिंह ने अपने मजदूर डालकर साफसफाई का काम भी शुरू करा दिया है। एहतियातन मौके पर पुलिस तैनात है।

### डा नरेंद्र सिंह को किया गया सम्मानित

**लालगंज रायबरेली** । बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज के प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह को क्षत्रिय महासभा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है ।उन्हें यह पुरस्कार योगाभ्यास में सराहनीय कार्य करने के लिए प्राप्त हुआ है। क्षत्रिय महासभा के जिला संरक्षक राणा संजय सिंह ने कहा कि प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र सिंह ने लोगों को योग सिखाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है ।उनकी देखरेख में हजारों लोगों ने योग किया है ।क्षत्रिय महासभा समाज में सराहनीय कार्य करने वालों को सदैव पुरस्कृत करती आई है ।उसी क्रम में डॉक्टर नरेंद्र सिंह को योग स्मृति सम्मान 2022 से नवाजा गया है ।डॉक्टर नरेंद्र सिंह को सम्मानित किए जाने पर ब्रह्म प्रकाश सिंह ,भवानी श्रीवास्तव, सुशील शुक्ला ,उमेश श्रीवास्तव, याकूब खान, राजेश सिंह, अभिनव सिंह आदि ने प्रसन्नता जताई है।

### तमंचा व चाकू के साथ दो युवक भेजे गए जेल

**ऊंचाहार।** जगतपुर कोतवाली अंतर्गत बेही गांव निवासी जागेश्वर बृहस्पतिवार को बाबू गंज बाजार में घूम रहा था। बैंक चेकिंग में गई पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। पुलिस ने जिसे नेवादा रास्ते से दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास चाकू बरामद हुआ है। दूसरा मामला कोटिया चित्रा गांव निवासी अतुल कुमार यादव बृहस्पतिवार की सुबह गांव के पास तमंचा लेकर घूम रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि दोनों युवकों पर संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### मुकदमा दर्ज होने के ढाई माह बाद भी नामजद लोगो गिरफ्तार नही

**खीरो रायबरेली** । थाना क्षेत्र के सेमियागढ़ी गांव निवासी एक दलित युवक ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को शिकायती पत्र देकर अपनी नाबालिग भांजी को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाले नामजद को गिरफ्तार किये जाने की मांग किया है । पीड़ित का आरोप है कि उसकी नाबालिग भांजी को गांव का एक युवक शादी का झांसा देकर 06 माह तक दुराचार करता रहा । भांजी ने जब उसके ऊपर शादी का दबाव बनाया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा । भांजी ने घटना की जानकारी मुझे दिया । तब मैंने बीती 02 अप्रैल 22 को खीरो थाने में दलित उत्पीड़न , दुराचार , जान से मारने की धमकी देने व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया ।

# डॉ. मुखर्जी का बलिदान याद कर रहा हिंदुस्तानः दयाशंकर

संवाददाता। गौरीगंज अमेठी

**आज गौरीगंज** स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने की व गोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय परिषद सदस्य व पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव रहे।





मंच पर मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष

मुख्य वक्ता दयाशंकर यादव ने अपने संबोधन में कहा के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की एकता और अखंडता के प्रखर पक्षधर रहे और आज के ही दिन सन 1953 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी कश्मीर मुद्दे पर अपना बलिदान किया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान है जिसने उस समय पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का आंदोलन कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण और देश की एकता अखंडता के साथ खिलवाड़ करने की साजिश के खिलाफआवाज दी थी एक देश दो निशान दो प्रधान नहीं चलेगा इसी के लिए बलिदान किया। आगे अपने संबोधन में कहा के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान शिक्षाविद महान समाज सुधारक महान राजनीतिक चिंतक सुधारक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महान समाजसेवी एवं भारत की एकता अखंडता के पक्षधर रहे आज उन्हीं के बलिदान के कारण उनके मानस पुत्रों ने उनका सपना साकार किया 5 अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर के अंदर से भारत देश के मोदी सरकार ने धारा 370 समाप्त करके डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में प्रमुख रूप से उमा शंकर पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी जिला महामंत्री गिरीश चंद्र शुक्ला जिला उपाध्यक्ष रमेश शुक्लाए केशव सिंह जिला महामंत्री राम प्रसाद मिश्रा जिला कोषाध्यक्ष संतोष दुबे मंडल अध्यक्ष शंकर भगत सिंह मंडल अध्यक्ष प्रशांत शुक्ला आईटी विभाग सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। 06 जुलाई तक चलने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर वृक्ष लगाकर शुभारंभ किया गया एवं जनपद के सभी कार्यकर्ता अपने.अपने बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मुसाफिरखाना में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र मिश्र संग मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यों को याद किया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक व पथ प्रदर्शक परम श्रद्धेय डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी और विचारक थे। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं का फायदा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प भी भाजपाईयों ने लिया।



संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता दयाशंकर यादव

## ट्रैक्टर की टक्कर से विक्की चालक की मौत

संवाददाता। जामो अमेठी

**घटना कल** बीते मंगलवार को लगभग शाम 5.00 बजे की है ब्रह्मा प्रसाद वर्मा उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी पकरी थाना जायस विक्की से अपनी भाभी सुशीला व दो बच्चों को बलभद्रपुर से अपने घर ले जा रहा था कि भवानीगढ़ के पास दाहिनी तरफ से आ रहे स्वराज 963 ट्रैक्टर जिसे रुखसार निवासी भवानीगढ़ चला रहा था विक्की को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ब्रह्मा प्रसाद को अंदरूनी चोटें आई घटना के बाद ट्रैक्टर पुलिस चौकी गोरियाबाद में खड़ा करवा दिया गया था स्थानीय लोगों ने ब्रह्मा प्रसाद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो में भर्ती करवाया जहां दौरान उपचार लगभग 24 घंटे बाद आज उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है चोटहिल बच्चों की हालत में सुधार है ।

# कोरोना काल में मोदी-योगी ने जनता की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी

**रायबरेली।** भाजपा जिला कार्यालय त्रिपुला में डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव भूषन सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलायक्ष रामदेव पाल ने की तथा संचालन जिला महामंत्री अमरेश मौर्य ने किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान की अमर गाथा बताया, जिस तरह से भाजपा संस्थापक सदस्य डा0 साहब ने कश्मीर के लिए अपना सर्वस्वजीवन बलिदान किया, वह शायद देश की एकता अखण्डता भी बनाए रखने लिए इतिहास में सदैव याद रखा जाएगा तथा 2014 के बाद से मेरी सरकारों ने भा.ज.पा. के बताए मूल सिद्धान्तों पर चलते हुए आज कश्मीर से धारा-370 एक देश एक विधान एक संविधान पर काम किया तथा भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता उन्हीं सिद्धान्तों पर आगे चल रहा है।



कार्यक्रम के अन्त में जिलाध्यक्ष रामदेव पाल ने कहा कि कोरोना काल में मोदी योगी तथा भाजपा शासित राज्यों ने जनता की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी तथा देश की महामारी से बचाने का काम तथा मेरे कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य किया। इस मौके पर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आर.बी. सिंह, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी विजय बाजपेयी, शरद सिंह, जिला उपाध्यक्ष दल बहादुर सिंह, देवेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जन्मेजय सिंह, राजेन्द्र चर्तुवेदी, रामलखन सिंह, विजय सिंह, सलोन विधायक अशोक कोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, अनुभव कक्कड़, प्रधान राजकुमार सिंह, निखिल पाण्डेय, अनुज मौर्या, पप्पू लोहिया, पूर्व विधायक गजाधर सिंह, राजाराम त्यागी, प्रभात साहू, सुधा अवस्थी सहित तमाम नेता उपस्थित रहे।

# अमेठी में निषेधाज्ञा लागू

**अमेठी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट वि0रा0 एके सिंह ने बताया कि माह जुलाई में 10 जुलाई व 11 जुलाई को ईदुज्जुहा बकरीद एवं 10 जून को जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के कतिपय जनपदों में घटित घटनाओं एवं कोविड संक्रमण के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा जनसामान्य के जीवन की सुरक्षा हेतु जनहित में द0प्र0सं0 की धारा.144 के अन्तर्गत प्रभावी आदेश को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार संशोधित करते हुए 31 जुलाई से आगे विस्तारित किया जाना अपरिहार्य हैए ऐसी स्थिति में जनपद अमेठी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु द0प्र0सं0.1973 की धारा.144 के अन्तर्गत जनपद की सीमा में 31 जुलाई 2022 तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जनपद में ;शहरध्ग्रामीणद्ध सम्पूर्ण क्षेत्र में मास्क की अनिवार्यता सुनिश्चित करते हुए भीड़ वाले स्थानों पर आवागमन व जनपद वासियों को बिना मास्क के घर से बाहर निकलने से प्रतिबन्धित किया जाता है। जनपद वासियों को बिना मास्क के घर से बाहर निकलने से प्रतिबन्धित किया जाता है। उक्त अवधि में किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा किसी प्रकार की अफवाहए वक्तव्यए पर्चाए पम्पलेट अथवा इलेक्ट्रानिक संसाधनों से कोई ऐसा संदेश प्रसारित नही करेगा जिससे भय उत्पन्न होए जूलुस इत्यादि प्रशासन की अनुमति से आयोजित किये जायेगेए सार्वजनिक स्थलों पर भीड़.भाड़ न होए मास्क का प्रयोग करेए समारोह एवं बैठकों में लोगों की सीमित संख्या हो तथा आदेश के व्यापक प्रचार.प्रसार सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्ष द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों में लाउडस्पीकर द्वारा करायेंगे व आदेश की प्रतियॉ प्रमुख स्थलए तहसीलए स्थानीय निकाय के कार्यालयों तथा कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।

### पुलिस अधीक्षक ने मुख्यालय पर किया पैदल गश्त



**गौरीगंज ,अमेठी ।** आज पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री दिनेश सिंह द्वारा जनपद में शान्तिए सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु व आमजनमानस में विश्वास एवं सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा गौरीगंजए मुसाफिरखाना आदि बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तिए वस्तुए वाहन तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगोंए दुकानदारोंए धर्मगुरूओंए मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेमए सौहर्द बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी ।

# बाउंड्रीवॉल के मलबे में दबकर भाई घायल, बहन की हुई मौत

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली

**शिवगढ़ थाना** क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी अन्तर्गत शिवबक्स खेड़ा मजरे गुमावा में बाउंड्रीवॉल गिरने से बाउन्ड्रीवाल के मलबे में दबकर 8 वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई, मासूम बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के काशीपुर मजरे अचली गांव की रहने वाली 8 वर्षीय मासूम बच्ची सीमा पुत्री शिवकुमार 5 दिन पूर्व शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावा पुलिस चौकी अन्तर्गत पूरे शिवबक्स मजरे गुमावा अपने मौसा रामराज के यहां आई थी। गुरुवार की दोपहर हो रही हल्की बूंदाबांदी के बीच रामराज का 14 वर्षीय बेटा प्रेम कुमार और सीमा दोनों मौसेरे भाई-बहन घर की बाउंड्रीवॉल के पास खेल रहे थे तभी अपरान्ह 1बजकर 50 मिनट पर अचानक बाउंड्रीवॉल भरभरा कर गिर पड़ी। जिसके मलबे में दोनों भाई-बहन दब गए, चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में दोनों को मलबे से बाहर निकाला गया। हादसे में जहां बहन सीमा गम्भीर रूप से जख्मी होकर मरणासन्न हो गई तो वहीं भाई के पैरों में हल्की चोटें आई। दोनों को आनन-फानन में प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात सीमा को मृत घोषित कर दिया यो वहीं मामूली रुप से जख्मी 14 वर्षीय किशोर प्रेमकुमार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष राकेश चंद्र आनंद ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर मृतक बच्ची का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## तीन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**ऊंचाहार।** कस्बा निवासी मो. कादिर, मो रब्बानी व बरगदही गांव निवासी राजेश कुमार पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि इन तीनों युवकों द्वारा पूर्व में क्षेत्र में गोकशी की जा रही थी। जिनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। जो जमानत पर रिहा हुए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर तीनों युवकों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है।

# राधा-कृष्ण बाल विद्या मंदिर डलमऊ भूमि से संबंधित विवादों में घिरा

संवाददाता। महराजगंज/रायबरेली

**काफी अरसे** से राधा कृष्ण बाल विद्या मंदिर डलमऊ भूमि से संबंधित विवादों में घिरा हुआ है, एवं जांच को प्रभावित करने के लिए बड़ी-बड़ी धुरंधर शक्तियां लगी थी। भूस्वामी शिवगढ़ रियासत के राजा राकेश प्रताप सिंह द्वारा शिकायत की गई कि, उपरोक्त विद्यालय को जो भूमि दिनांक 01/01/2011 क्षेत्रफल 80इ176 गाटा संख्या 2677/2724 दिया गया था। उस स्थान के बजाय उपरोक्त विद्यालय जबरदस्ती बलपूर्वक गाटा संख्या 1581 में निर्मित किया गया। विभाग को गुमराह करके मान्यता सन् 2008 में ही ले ली गई थी ? तथा 50 लाख रुपया के ऊपर सांसद एवं विधायक निधि द्वारा लिया गया ! उप जिलाधिकारी डलमऊ की जांच के अनुसार यह सत्य पाया गया कि, बजाय गाटा संख्या 2677/2724 के



उपरोक्त विद्यालय घाटा संख्या 1581 में निर्मित है। आपको बता दें कि, हाल ही में शिकायतकर्ता द्वारा वर्तमान जिलाधिकारी से मिलके उनको सारे तथ्य अवगत कराएं है कि, कागजों की हेराफेरी एवं विभाग को गुमराह कर मान्यता लेकर लाखों रुपए उपरोक्त विद्यालय प्रबंधक द्वारा हड़प कर गए तथा मासूम बच्चों का भविष्य अंधकार में है। जिस पर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव द्वारा गंभीरता से लेते हुए जनहित में तत्काल बीएसए को निर्देश किया गया तथा उनके द्वारा दिनांक 19/5/2022 को एक शासनादेश के अनुरूप नोटिस उपरोक्त विद्यालय को 1 माह के अंदर उत्तर देने हेतु कहा गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अपनी कमजोरी को छुपाने के चलते एक रिट माननीय उच्च न्यायालय आर्टिकल 226 के अंतर्गत दाखिल की, जिसमें उपरोक्त म्समबजतवदपब द्वारा जांच को रोका जाए। माननीय उच्च न्यायालय न. 3817 वर्ष 2022 द्वारा बहस के दौरान मामला विद्यालय का तत्वहीन (बिना आधार के) पाते हुए दिनांक 22.6.22 को डिशमिस कर दिया गया। जिलाधिकारी रायबरेली माला श्रीवास्तव के निर्देश से जो निष्पक्ष जांच चल रही थी, वह चलती रहेगी एवं यदि उपरोक्त तथ्य सही पाए गए तो प्रबंधक राधा कृष्ण बाल विद्या मंदिर के ऊपर भारी गाज गिर सकती है। धन की रिकवरी हो सकती है एवं जालसाजी का मुकदमा भी दायर किया जा सकता है ? एवं मान्यता रद्द हो सकती है। शिकायतकर्ता राकेश प्रताप सिंह से दूरभाष पर बातचीत के दौरान उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग विशेषकर जिलाधिकारी रायबरेली के स्तर पर कार्यवाही की सराहना का विश्वास जताते हुए की। उन्होंने कहा कि, न्यायोचित कार्रवाई अवश्य होगी, एवं भविष्य में धोखाधड़ी एवं फर्जी मान्यता लेने वाले लोगों के ऊपर अंकुश लगेगा। श्री सिंह ने भारतीय जनता पार्टी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन की प्रशंसा की है।

# रातों-रात हो गई करोड़ों की कारस्तानी!

**संवाददाता।** बस्ती

● बिना आर्डर और एमबी के चंद घंटों में हो गया दो करोड़ से अधिक का भुगतान, मार्च के अंतिम दिन हेराफेरी ● खेल में सीएमओ, बिल बाबू, वित्तलेखाधिकारी, जेई ट्रेजरी और ठेकेदार शामिल ● सिविल, बिजली, स्टेशनरी कांटीजेंसी और दवाओं का हुआ फर्जी भुगतान ● किसी ने भी नहीं निभाई अपनी जिम्मेदारी, सबसे अधिक वित्तलेखाधिकारी और सीटीओ की मानी जा रही लापरवाही

**...क्या** कभी कोई यह सोच सकता है, कि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने की है, उसी की भूमिका सरकारी धन के बंदरबांट करने वालों की मंडली का सहयोग करने में हो सकता है। जींहां यह सब हेल्थ विभाग में हो रहा है। यहां पर वित्तलेखाधिकारी की तैनाती सरकार ने इस नीयत से की, ताकि यह फर्जीवाड़े को रोकने में सरकार की मदद कर सकें, इसी तरह सीटीओ इस लिए बनाए गए ताकि अगर कहीं से कोई विभाग नियम विरुद्व भुगतान करने का प्रयास करे, तो वह उसे होने न दें, और सरकारी धन को लूटने वालों की योजना को विफल करें। कहा जा रहा है, कि अगर यही दोनों सरकार के अंग सरकारी धन के दुरुपयोग करने वाली मंडली में शामिल हो जाएं, तो समझ सकते हैं, जिले का खजाना कितना और कैसे सुरक्षित रह सकता है। सीएमओ और एसआईसी कार्यालयों में जिस तरह से दवाओं की फर्जी खरीद से लेकर सिविल और बिजली सहित स्टेषनरी और कांटीजेंसी में पिछले दिनों करोड़ों का घोटाला सामने आया उससे पता चलता है, कि सरकार के दोनों अंग अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं, अलबत्ता इन दोनों पर घपलेबाजों को मदद करने का आरोप लग रहा है। यही वह टेजरी का भी है, यह वही टेजरी हैं, जिसने जिला प्रोबेषन अधिकारी कार्यालय में सब कुछ जानते हुए भी करोड़ों रुपये का फर्जी भुगतान कर दिया। वैसेइस तरह के आरोप इन दोनों पर लगते रहे है। कहना गलत नहीं होगा, कि जिस टेजरी को सबसे अधिक सुरक्षित माना जा रहा है, आज उसी पर सवाल उठ रहे है। कहा भी जा रहा है, सीएमओ, एसआईसी, महिला अस्पताल और टीबी अस्पताल वालों के लिए वित्तलेखाधिकारी तो घोटालेबाजों के सहयोगी रहे ही हैं, और अब तो सीटीओ पर भी आरोप लगने लगे हैं, और पूछा जा रहा है, कि आखि रवह कौन सी ऐसी मजबूरी थी, जिसके चलते नियम विरुद्व मार्च के अंतिम दिनों में करोड़ों का भुगतान हो गया। इसका खुलासा विभाग के ठेकेदार दीपक मिश्र ने सीएम, डिप्टी सीएम और अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एंव स्वास्थ्य को पत्र लिखकर किया। लिखा कि अगर इसकी सही जांच हो जाए तो कोई नहीं बचेगा और वित्तीय गबन के आरोप में कईयों को जेल भी जाना पड़ सकता है। अब जरा इस विभाग में ठेका पटटी करने वाले ठेकेदार की सुनिए। आयुष कांस्टक्शन के दीपक कुमार मिश्र नामक ठेकेदार ने सीएमओ और उनके कार्यालय के भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए विभागीय मंत्री को साक्ष्य के साथ लिखा है, कि सीएमओ, जेई, वित्त लेखाधिकारी और लिपिक मिलकर सीएचसी और पीएचसी में नियुक्ति अधीक्षकों से फर्जी कोटेशन के आधार पर ऐसे फर्म को जिसके पास न चरित्र और न हैसियत प्रमाण-पत्र है, और जिसका न तो किसी विभाग में सिविल कार्य करने का पंजीयन ही है, को 60 फीसद कमीशन लेकर भुगतान किया गया। कहा कि यह जानते हुए कि आउर देने वाला अधिकारी के पास ही भुगतान करने का अधिकार होता है, मगर सीएमओ ने सारे नियम कानून तोड़ जिसका भुगतान पीएचसी और सीएचसी के प्रभारियों को करना चाहिए उसे उन्होंने अपने स्तर से कर ताकि प्रभारी का कमीषन भी उन्हें मिल सके। इस कमी पर आपत्ति न तो वित्तलेखाधिकारी ने लगाया और न सीटीओ ने ही कोई क्योरी की, यानि सभी ने आंख बंदकरके कमीषन के लालच में चिड़िया बैठाते चले गए। इनमें सबसे अधिक हैरानी बार-बार वित्तलेखाधिकारी और सीटीओ जैसे जिम्मेदार पर हो रही है। यह वही लोग जो छोटी-छोटी बात पर आपत्ति लगाते रहते हैं, मगर जहां पर लक्ष्मी दिखाई देता वहां पर न जाने कहां इनकी सारी आपत्ति चली जाती है। एक तरह से दोनों अधिकारियों के सहयोग से सीएमओ और एसआईसी कार्यालय में बड़े पैमाने पर संगठित होकर धन का दुरुपयोग हो रहा है। कहा कि जो बिल जेई के द्वारा बनाया जा रहा है, उसका भुगतान करने के लिए उनसे 30 फीसद कमीशन की मांग की जाती है, और लिया भी जाता है, बिना कमीषन दिए सही काम का भी भुगतान नहीं होता है। बिना निविदा के फर्जी तरीके से विधुत का बिल बिना एमबी कराए के लाखों रुपये का बंदरबांट हो जाता है। एमबी के स्थान पर ठेकेदार से बिल लेकर उसी पर भुगतान कर दिया जाता है। जिसके चलते करोड़ों रुपये का बंदरबांट फर्जी बिल और बाउचर के जरिए हो गया।

# उद्योग बन्धु समिति की बैठक में एडीएम ने लम्बित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

● उद्यम रजिस्ट्रेशन को लेकर लगा कैम्प उठाये लाभः उपायुक्त उद्योग

**अपर जिलाधिकारी** मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में उपायुक्त उद्योग/सदस्य सचिव राजकुमार शर्मा द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि आज उद्यम रजिस्ट्रेशन का कैम्प कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एवं शिवाजी नगर बखिरा मे आयोजित किया जाएगा। जिन उद्यमियों ने अभी तक उद्यम रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे कैम्प मे पहुच कर अपना उद्यम रजिस्ट्रेशन अवश्य कराले। इसी क्रम में उपायुक्त उद्योग द्वारा समिति को उद्यम सारथी ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपायुक्तउद्योग/सदस्य सचिव द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदर्शित लम्बित आवेदन पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में विभागवार प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गयाा। अपर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार परक योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण योजना की प्रगति के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बैंक शाखाओ से संपर्क कर यथाशीघ्र प्रगति में सुधार करते हुये लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति समयबद्ध सुनिश्चित करायें। बैठक में अरविन्द पाठक अध्यक्ष, उ0प्र0 इण्ड0 एसो0 द्वारा इण्डस्ट्रीयल एरिया, खलीलाबाद में नालों की सफाई एवं कूड़ा की सफाई न होने का मुद्दा उठाया गया, जिसपर अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, खलीलाबाद को औद्योगिक क्षेत्र, खलीलाबाद में नालों की सफाई एवं कूड़ा हटाने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित सुभाष शुक्ला, महामंत्री, चौम्बरआफ इण्ड0, द्वारा औद्योगिक आस्थान, मुखलिसपुर रोड, खलीलाबाद में अनिधिकृत रूप से गिट्टी, मोरंग, बालू गिराये जाने का मुद्दा उठाया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सी0ओ0 खलीलाबाद एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, खलीलाबाद को निर्देशित किया गया कि औद्योगिक आस्थान, मुखलिसपुर रोड, खलीलाबाद में अनिधिकृत रूप से गिराये जा रहें गिट्टी, मोरंग, बालू का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एस0एन0 श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबन्धक सुभाष पाण्डेय, यू0पी0सीडा, गोरखपुर एवं जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं उद्यमी गण उपस्थित रहे।

# न्यायिक अधिकारी ने किया बाल आश्रम का किया निरीक्षण, गायब मिले अधीक्षक

**संतकबीरनगर।** अध्यक्ष किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुसार जिले में स्थित बाल संरक्षण गृह, बाल संप्रेक्षण गृह, शिशु सदन एवम् महिला शरणालय का जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा माह जून में संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल के प्रतिनिधि के रूप में विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एस.सी.एस.टी.) दिनेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के प्रतिनिधि के रूप में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, एवम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिकेश कुमार द्वारा आज अपरान्ह में जिले के एक मात्र बाल आश्रम (कबीर बाल आश्रम) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। साथ में जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ0 श्वेता त्रिपाठी उपस्थित रहीं। जनपद में कोई भी शिशु सदन, बाल संप्रेक्षण गृह एवं महिला शरणालय संचालित नहीं है। निरीक्षण के समय आश्रम में शिक्षक रामबदन एवं रसोइया काजल उपस्थित मिले। अधीक्षक पारसनाथ कई महीनों से लगातार अनुपस्थित हैं जिसके संबंध में समिति द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वर्तमान में आश्रम में मात्र 04 बालक, शिव शंकर, चंदन, श्रवण उर्फ शाहरुख और सचिन आवासित हैं। शिवशंकर एवम चंदन स्कूल जाते हैं। श्रवण कुमार उर्फ शाहरूख मंदबुद्धि है तथा सचिन दिव्यांग (मूक बधिर) हैं। वर्तमान में बालक श्रवण का स्वास्थय ठीक नहीं है जिसके उपचार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# अब कतरे जाएंगे 'करोड़पति' कंप्यूटर आपरेटरों के पर

**संवाददाता।** बस्ती

● सीडीओ ने जिले के 14 ब्लॉकों के आवास और मनरेगा के आपरेटरों का मांगा ब्यौरा ● सबसे अधिक निशाने पर कुदरहा के चर्चित आपरेटर अरविंद यादव

**ब्लॉकों** को अपनी जागीर मानकर कार्य करने वाले आवास एवं मनरेगा कम्प्यूटर आपरेटरों की बादशाहत समाप्त होने वाली है। अगर 'माननीया' ने इस मामले में बहुत अधिक दखलंदाजी या फिर प्रतिष्ठा का प्रष्न नहीं बनाया और घोटालेबाजों का साथ नहीं तो सबसे पहले कुदरहा के कम्प्यूटर आपरेटर अरविंद यादव पर गाज गिर सकती है। वैसे भी कोई आपरेटर हटे या न हटे मगर कुदरहा के आपरेटर को हटना तय माना जा रहा है। इन सबके बावजूद भी अगर इनकी विदाई नहीं होती है, तो इसे प्रषासन नहीं बल्कि माननीयों की हार मानी जाएगी। सीडीओं से की गई षिकायत में इनकी गिनती करोड़पति आपरेटरों में की गई है। षिकायतें भी सबसे अधिक इन्हीं के बारे में की गईं, इनके खिलाफजांच भी लंबित है, जिसकी पत्रावली सीडीओ ने तलब की है। वैसे भी कई सालों से कम्प्यूटर आपरेटरों के मनमानी की षिकायते होती रही। कहा जा रहा है, कि अगर आज जो आवास और मनरेगा में गड़बड़ होने की षिकायतें हो रही है, उसके लिए काफी हद तक आपरेटर को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। वरना फर्जी जॉब कार्ड और गलत लोगों के नाम आवास का धन नहीं जाता। कई सेक्रेटरी भी इसके लिए कम्प्यूटर आपरेटरों को ही जिम्मेदार मान रहें हैं। इन लोगों का कहना है, कि जब उन लोगों के द्वारा लाभार्थी का सही नाम और सही खाता दियाजाता है, तो फिर कैसे कम्प्यूटर में गलत लोगों के नाम पर धन जा रहा है। कुदरहा के आपरेटर को जिलेभर के आपरेटरों का मुखिया बताया गया, कहा जा रहा है, कि कई आपरेटर तो इनसे पैसा कमाने का गुण भी सीख चुके है। इन्हीं लोगों के मेहरबानी से एक-एक व्यक्ति के नाम 40-40 मनरेगा कार्ड पर भुगतान जा रहे है। कहना गलत नहीं होगा कि आज जो ब्लॉकों में भ्रष्टाचार व्याप्त है, उसके लिए काफी हद तक इन्हीं आपरेटरों को जिम्मेदार माना जा रहा है। चूंकि इन लोगों पर किसी न किसी माननीय और बीडीओ का हाथ रहता है, इस यह मनमानी करते रहें और जिस तरह चाहा उस तरह ब्लॉक को चलाया। कई ब्लॉक प्रमुखों के लिए यह लोग लाभकारी साबित हो चुके है। अगर कभी किसी का तबादला हो भी गया तो इन्हें वापस लाने के लिए जिले भर के माननीयगण और प्रमुख एक हो जाते हैं, और वे लोग इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लेते है। जिसके चलते यह अपने मकसद में कामयाब होते रहे हैं, एक बार कुदरहा के आपरेटर का तबादला गौर ब्लॉक हो गया, ऐसा मानो उस समय कोई भूचाल आ गया, और प्रषासन को लगा कि उन्होने ऐसी कौन सी गलती कर दी कि सारे जनप्रतिनिधि एक साथ नाराज हो गए। जब सीडीओ को यह बात बताई गई तो उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा इस बार नहीं होगा। बताया कि सभी आपरेटरों की सूची मांगी गई है। चूंकि यह अच्छी तरह जानते हैं, कि जब तक इनके आका साथ में इनका कुछ नहीं हो सकता, कार्रवाई करना तो दूर की बात तबादला करने की तो कोई सोच ही नहीं सकता। अब जरा अंदाजा लगाइए दस हजार मानदेय पाने वाला एक कम्प्यूटर आपरेटर की गिनती कैसे करोड़पति में षामिल हो जाती है। इन लोगों की मेहरबानी से ही कुदरहा ब्लॉक का एक मनरेगा श्रमिक फारचूनर से चल रहा है, इसे फारचूनर पर बैठाने वाले कुदरहा के आपरेटर का सबसे अधिक योगदान माना जा रहा है। इन्हीं के बदौलत इसके और इसके परिवार के पास 40 से अधिक मनरेगा कार्ड हैं। वैसे बनकटी, गौर, परसरामपुर, रुधौली के आपरेटरों का नाम भी सीडीओ के हिट लिस्ट में षामिल है। यह लोग पिछले 10 से 12 साल तक एक ही ब्लॉक में जमे हुएं है। एक तरह से इन लोगों ने ब्लॉकों में अपना अलग साम्राज्य बना रखा है। मंहगी कार से ब्लॉक जाने वाले की हैसियत किसी बीडीओ से कम नहीं रहती।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म मां ने दी पुलिस को तहरीर

**संतकबीरनगर।** जनपद के धनघटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस चौकी पौली के एक गाँव मे बीती रात शौच करने गई एक 17 वर्षीय बालिका के साथ कुछ दरिंदो ने सामूहिक दुष्कर्म किया। माँ ने पुलिस प्रशासन को तहरीर देकर न्याय की गोहार लगाई है। थाना प्रभारी को दिए गए तहरीर में पीड़ित बालिका की माँ कहा कि बीती रात 10.30 बजे मेरी 17 वर्षीय पुत्री घर से शौच के लिए सिवान में गई। आधे घण्टे इंतजार के बाद मैं खोजती हुई सिवान में पहुँच कर नाम लेकर कई बार बुलाया। उत्तर न मिलने पर टार्च के उजाले में चारो तरफ देखा। तो कुछ दूर देखा कि तीन-चार लोग दिखाई दिए उसमे दो लोग बेटी का हाथ मुँह दबाए हुए थे और एक आदमी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा है। शोर किया तो दुष्कर्मी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये।

# पूर्व सैनिकों के गांवों में अफसर लगाएंगे चौपाल

**संवाददाता।** बस्ती

● 38 गांव के 334 पूर्व सैनिकों को अग्निवीरों में भर्ती के बारे में फैली भ्रातियों को दूर करेंगे

● सबसे अधिक सदर तहसील के 14 गांव के 149 पूर्व सैनिक, हर्रैया के 11 गांवों के 58 सैनिक

● डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर हो रही यह अनोखी पहल

**देश** में अग्निवीरों की भर्ती में जो भ्रातियां फैली हुई, उसके निराकरण के लिए डीएम प्रियंका निरंजन ने एक नई पहल की षुरुआत की है। सबसे पहले इन्होंने चारों तहसीलों से उन गांवों की सूची मंगवाई जिन गावों में पूर्व सैनिक रहते है। इसके बाद डीएम ने सीडीओ को पूर्व सैनिकों की सूची उपलब्ध हुए उनके पूर्व सैनिकों के गांव में अधिकारियों का चौपाल लगवाकर वहां पर भ्रातियां दूर करने को कहा। चौपाल कार्यक्रम संबधित महसीलों के एसडीएम से समन्वय स्थापित करने और विकास खंड स्तरीय अधिकारियों को आंमत्रित कर व्यापक तरीके आयोजित कराने को कहा। डीएम की ओर से जो सूची दी गई, उसके अनुसार सभी चारों तहसील में 38 गांव में 334 पूर्व सैनिक के रहने की बात कही गई। सीडीओ की ओर से भी इस संबध सभी बीडीओ को पत्र भी जारी किया गया है। सूची के मुताबिक सबसे अधिक सदर तहसील के 14 गांव में 149 पूर्व सैनिक रहते है। इनमें सबसे अधिक पिपरागौतम में 20, भेलवल कोठवा में 16, अगईभगाड़ में 13, पाल्हा में सात, पोखर भिटवा में 10, सोनूपार में छह, पुर्सिया में 10, गनेषपुर में 12, लोरिकपुर में आठ, भरवलिया में 10, पड़री में 12, बगियापार में सात एवं गोनारे में छह सैनिक है। हर्रैया तहसील में 11 गांव के 137 सैनिक, जिनमें पूर्व और वर्तमान सैनिकों का गढ़ पचवस में 75, कषियापार में 10, महादेवरी, ओझागंज एवं सेवरालाला में सात-सात, रेउवाबाबू, बेलघाट एवं परिवारपुर में छह-छह, डूहवा एवं हुड़राकुंवर में पांच-पांच और सोनबरसा में चार-चार। भानपुर तहसील में सात गांव के कुल 26 पूर्व सैनिक, इनमें सल्टोआ में 10, दसिया में छह, भानपुरबाबू में पांच, षंकरपुर में चार, कटरिया एवं पकड़ी में दो-दो और रुधौली तहसील के छह गांव के 22 पूर्व सैनिक हैं, जिनमें सुरवारकला में छह, रुधौली में पांच, छपिया में चार, महुवार एवं विजूरडूहा में दो-दो पूर्व सैनिक का परिवार रहता है।

# शहर के नालों के साफ-सफाई का एडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य के साथ आगामी बरसात के मौसम में शहर में जलभराव से निजात हेतु किये जा रहें प्रयासो का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका क्षेत्र में कराये जा रहें कार्यो जैसे- मेहदावल बाईपास से नगर पालिक परिषद के मध्य बन रहें नाली, डाक बंगला के सामने, ईरम फर्नीचर के पास रेलवे लाइन के किनारे पोकलैण्ड से किये जा रहे नाले की सफाई एवं घोरखल रोड पर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे नाले की सफाई कार्यो की स्थिति एवं कार्य में प्रगति का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि स्टेट ट्रान्सपोर्ट मेंहदावल बाईपास तक कच्चे नाले की खुदाई कार्य आगामी 30 जून 2022 तक प्रत्येक दशा में करा लिया जाए।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

● भाजपा नेताओं ने उनके जीवन पर डाला प्रकाश

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



गोष्ठी को सम्बोधित करते विधायक अनिल त्रिपाठी — पायनियर

**भाजपा** जिला कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोष्ठी कर डॉक्टर मुखर्जी के जीवन चरित्र पर चर्चा की तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाए। कार्यक्रम के संचालन कौशलेंद्र सिंह ने किया मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला ने बताया की 6 जुलाई उन्नीस सौ एक को कोलकाता में आशुतोष मुखर्जी एवं योग माया देवी के घर में जन्मे डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दो कारणों से सदा याद किया जाता है पहला तो यह कि वह योग्य योग्य पुत्र थे आशुतोष मुखर्जी कोलकाता विश्वविद्यालय के संस्थापक उपकुलपति थे। 1924 में उनके देहांत के बाद केवल 23 वर्ष की अवस्था में ही श्यामा प्रसाद को विश्वविद्यालय की प्रबंध समिति में ले लिया गया 33 वर्ष की छोटी अवस्था में ही उन्हें कोलकाता विश्वविद्यालय के उपकुलपति की उस कुर्सी पर बैठाने का गौरव मिला जिसे किसी समय उनके पिता ने विभूषित किया था। 4 वर्ष के अपने कार्यकाल में उन्होंने विश्वविद्यालय को चौकी प्रगति के पथ पर अग्रसर किया। इसी क्रम में मेहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी ने बताया कि दूसरे जिस कारण से मुखर्जी को याद किया जाता है। वह जम्मू कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय की मांग को लेकर उनके द्वारा किया गया सत्याग्रह एवं बलिदान 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद गृहमंत्री सरदार पटेल के प्रयास से सभी देशी रियासतों का भारत में पूर्ण विलय हो गया पर प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण जम्मू-कश्मीर का विलय पूर्ण नहीं हो पाया। उन्होंने वहां के शासक राजा हरि सिंह को हटाकर शेख अब्दुल्ला को सत्ता सौंप दी शेख अब्दुल्लाह कश्मीर को स्वतंत्र बनाए रखने या पाकिस्तान में मिलाने के षड्यंत्र में लगा। प्रमुख रूप से पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष शेतभान राय, रामललित चौधरी, बद्री प्रसाद यादव, महामंत्री बिनोद पांडेय, अनिरुद्ध निषाद, गणेश पांडेय, कौशलेंद्र सिंह, अनिल पांडेय, अरूण सिंह, कपिलदेव कनौजिया, उदयराजभर, सतविंदर पाल जज्जी, विजय चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिह, राममिलन यादव, आलोक सिंह, सत्यपाल, हेमन्त चतुर्वेदी, बब्बन शर्मा, सुनीता अग्रहरी, नीतू सिंह, तारा राय, विजय बहादुर सिंह, ज्ञाननेदर मिश्र, हैप्पी राय, राजकुमार चौरसिया, ब्रम्हानंद पांडेय शनि आदि लोग रहे।

# हर घर नल योजना पर चर्चा

● गुणवत्ता के साथ परियोजनाओं को करें पूराः जिलाधिकारी

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन हर घर नल योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जन.जन को स्वस्थ्य रखने के लिए शुद्ध पेयजल की अनिवार्य आवश्यकता है। लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो निश्चित ही वे स्वस्थ्य रहेंगे। इसके लिए जिले के 148 ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना हेतु प्रस्ताव प्रेषित करना था। जिसमें से 115 ग्राम पंचायतों हेतु राज्य स्तरीय योजना समिति से स्वीकृति प्राप्त किया जा चुका है। इसके लिए कार्यदायी संस्था मेसर्स लारसेन एण्ड टूर्बो को सूचीबद्ध किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि जिले में जितने भी स्थानों पर पेयजल योजनाओं का कार्य चल रहा है उनकी निरन्तर मानिटरिंग की जाए तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करवाकर परियोजनाओं को पूरा कराया जाए ताकि ग्रामवासियों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि वर्तमान में स्वीकृत 89 परियोजनाओं में से 14 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है जनपद में 12 डी0पी0आर0 प्राक्कलन में समिम्लित 18 ग्राम पंचायतों की स्वीकृति एस0एल0एस0एस0सी0 द्वारा प्रदान की गई है। जनपद में 2 नग रिंग बोरिंग मशीन उपलब्ध करायी गई है 11 स्थानों पर योजना पर बोरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है 2 योजनाओं को बोरिंग का कार्य एवं 2 योजनाओं पर वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंहए अधिशासी अभियन्ता जल निगम एस0एम0 असजदए अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड 6 अजय कुमारए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलियाए जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाशए सहायक अभियंता जल निगम इन्द्रजीतए सहायक अभियंता गणेश प्रसादए अवर अभियंता विवेक उपस्थित रहे।

# पहली से 16 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

● हाईरिस्क विपेज पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकताः प्रजापति

**संवाददाता।** बस्ती



संचारी रोगों के रोकथाम की बैठक की अध्यक्षता करते प्रभारी डीएम

**संचारी** रोगां तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित एवं समुचित उपचार के लिए पहली जुलाई से 16 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। यह जानकारी प्रभारी डीएम एवं सीडीओ डा. राजेष प्रजापीति ने कलेक्टेउ्ट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक मे दी। बताया कि पिछले चार वर्षो में संचालित इस अभियान के बेहतर नतीजे आये है, तथा दिमागी बुखार लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने हाईरिस्क विलेज पर विशेष ध्यान देने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

उन्होने कहा कि अभियान के दौरान 11 विभागों द्वारा समन्वित प्रयास करके इन रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण के लिए कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने कहा कि चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होंगा, जो जनपद, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करके अभियान संचालित करेंगा। अभियान के दौरान बुखार, इनफ्लुएन्जा लाइक इलनेस (आईएलआई), क्षय रोग तथा कुपोषित बच्चों, मच्छरो का प्रजनन वाले घर की सूची बनायी जायेंगी। विभाग द्वारा अभियान की मानीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण तथा विश्लेषण किया जाएगा। कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायतें मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से कोविड तथा संचारी रोगो के साथ-साथ शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, खुले में शौच न करना तथा मच्छरों के रोक-थाम के लिए जागरूकता के लिए कार्य करेंगी। खुली नालियों को ठकने की व्यवस्था की जायेंगी, फॉगिंग कराया जायेंगा, झाड़ियों की सफाई करायी जायेंगी। कहा कि पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा जल निकासी की व्यवस्था करायी जायेंगी। ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान अभियान के नोडल होंगे। वी0एच0एस0एन0सी0 के माध्यम से संचारी रोगो तथा दिमागी बुखार के रोकथाम के लिए सघन प्रचार-प्रसार कराया जायेंगा। उथले हैण्डपम्प को लाल रंग से चिन्हित किया जायेंगा, खराब इण्डिया मार्क टू हैण्डपम्प ठीक कराया जायेंगा, जलाशय एवं नालियों की सफाई करायी जायेंगी, झाड़ियों की काट-छाट किया जायेंगा तथा मैलाथियान से फॉगिग करायी जायेंगी। गॉव में कूडेदान की व्यवस्था करायी जायेंगी। बैठक का संचालन जिला मलेरिया अधिकारी आइ. ए. अंसारी ने किया। बैठक में सीएमओ डॉ. चंद्रशेखर, एसीएमओ डा. फखरेयार हुसैन, डॉ. सी. के. वर्मा, डॉ. सी. एल. कनौजिया, एस.आई.सी. डॉ. आरके वर्मा, उप जिलाधिकारी जी.के.झा. गुलाब चन्द्र, यूनिसेफ के मनोज कुमार एवं अनीता सिंह, डॉ. एके कुशवाहा, डीपीआरओ एस.एस.सिंह, संदीप वर्मा, मनीष सिंह, एल.के. पाण्डेय विनोद कुमार, तथा सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आठ लाख की ठगी, दो गिरफ्तार



पीसी करते एसपी आषीष श्रीवास्तव — पायनियर

**संवाददाता।** बस्ती

**गौर** क्षेत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेटबैंक पर अगनू प्रसाद मास्टर से रुपये आठ लाख की ठगी कर फरार होने वाले दो व्यक्तियों सलीम पुत्र एहसान अली व अनीश पुत्र इसरार निवासीगण ग्राम जगदीशपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गौर पुलिस, सर्विलांस टीम व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में रात्रि चेकिंग के दौरान रमवापुर पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से जालसाजी के पांच लाख 95 हजार रुपये नगद, दो अदद अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया। थाना गौर पुलिस द्वारा अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गौर ब्रजेन्द्र प्रसाद पटेल, प्रभारी एसओजी उमेश चन्द्र वर्मा, वरिष्ट उपनिरीक्षक रामेश्वर यादव, उपनिरीक्षक जयबिन्द कुमार यादव, उपनिरीक्षक कमलेश कुमार गौड़, प्रभारी सर्विलांस टीम उपनिरीक्षक शशिकांत, हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, हेड कांस्टेबल विजय प्रकाश दीक्षित, कांस्टेबल अजय कुमार यादव, कांस्टेबल विजय यादव, कांस्टेबल अभिषेक तिवारी एसओजी टीम व कांस्टेबल संतोष यादव सर्विलांस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# पीएम ने कश्मीर से धारा 370 हटा पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी सच्ची श्रद्धांजलिः सांसद

## ● पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने किया जनसंघ के संस्थापक को याद

संवाददाता। चित्रकूट



श्रद्धांजलि देते सांसद व एमएलसी पायनियर

**जनसंघ** के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर गुरूवार को मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन का भाजपाईयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।इससे पूर्व बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के आवास पर आयोजित संगोष्ठी में डा0मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।इस मौके पर सांसद ने कहा कि पीएम मोदी ने कश्मीर से धारा 370हटाकर पं0श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड राष्ट्र के निर्माण के अधूरे सपने को साकार किया है।

जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुए जनपद के सभी मंडलों के अंतर्गत सभी बूथों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिलाअध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोबा जिला अध्यक्ष डा0 जितेन्द्र सिंह सेगर ने कहा कि जम्मू कश्मीर की समस्या को पहचाननें तथा इसके समूल निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले डॉक्टर मुखर्जी ही थे। पूर्व राज्य मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा की बंगाल विभाजन की परिस्थित के बीच भारत के हितों का पक्षधर बनकर अगर कोई खड़ा हुआ तो वह डाक्टर मुखर्जी ही थे। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा की आजादी के बाद सत्ता में आई कांग्रेस द्वारा देश पर थोपी जा रही अभारतीय तथा आयातित विचारधाराओं का तार्किक विरोध कर भारत, भारतीय तथा भारतीयता के विचारों के अनुरूप देश को राजनीतिक विकल्प देने वालों में डॉक्टर मुखर्जी अग्रणी थे। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा की देश की तत्कालीन सरकार द्वारा नेहरू लियाकत पैक्ट में हिंदू हितों की अनदेखी से क्षुब्ध होकर डॉक्टर मुखर्जी द्वारा मंत्री पद से इस्तीफा देना उनकी उच्च वैचारिक चेतना का जीवंत उदाहरण है।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हुई हत्या

**चित्रकूट।** बांदा जिले के तिंदवारी ब्लाक का एक युवक यहां शादी में आने पर प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। आत्महत्या की ये घटना कोतवाली कर्वी के दहिनी गांव के गजोधरपुरवा में गुरुवार को तडके हुई। बताया गया कि बांदा जिले के तिंदवारी ब्लाक का अमित यादव (20) पुत्र शिवमंगल यादव का शिववरन यादव की पुत्री के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके साक्ष्य भी मोबाइल फोन में मौजूद हैं। मृतक के पिता शिवमंगल यादव ने बताया कि लडकी पक्ष ने युवक को मारकर आत्महत्या का नाटक रचने को फांसी पर लटका दिया है। मृतक के पिता ने लडकी के पिता शिववरन व उसके पुत्रों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुत्र का मोबाइल फोन भी गायब है। उसके घुटने जमीन को छूते थे, ऐसे में आत्महत्या का प्रश्न नहीं उठता।

# दिव्यांगों के जीवन में खुशियों के रंग भर रही दृष्टिः आर के पटेल

संवाददाता। चित्रकूट

**नगर** की सामाजिक संस्था दृष्टि में गुरूवार को 17वें दिव्यांग जन विवाह सम्मेलन 2022 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 5 दृष्टिबाधित जोडो ने वैवाहिक जीवन के सात फेरे लिए।इस मौके पर सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि दृष्टि संस्था द्वारा दिव्यांगों के जीवन में खुशियां भरने का किया जा रहा कार्य सराहनीय है।उन्होंने नवदम्पतियों को सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का उद्घाटन बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, समाजसेवी पंकज अग्रवाल एवं संस्था के उपाध्यक्ष मुम्बई के गोविन्द सराफ ने संयुक्त रूप से भगवती गायत्री मां की पूजा अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता ने सभी लोगो का स्वागत करते हुए बताया कि दृष्टिबाधित युवा/युवतियों का विवाह परिवार के लिए बहुत बडी चुनौती है। जिसको बडी मुश्किल से ही परिवार के लोग निभा पाते है। बाकी को केवल अकेले ही गुजारा करना पडता है। दृष्टि संस्था द्वारा ऐसे ही परिवारों की चिन्ताओं को कम करने के लिए एक प्लेटफार्म बनाया है, जहां सभी लोग अपने विवाह के लिए योग्य वर-वधु के चुनाव के लिए आते है। घरों में रहकर एक दृष्टिबाधित व्यक्ति के वैवाहिक जीवन के बारे निर्णय लेना बेहद कठिन कार्य है। आज के सम्मेलन में चित्रकूट के अखिलेश का विवाह कौशाम्बी की राधा के साथ, जबलपुर की खुशबू का विवाह राजगढ के बालकृष्ण के साथ, अनीता गाजीपुर का नन्दू हमीरपुर के साथ, प्रतापगढ की सुमन का झांसी के सुरेश के साथ और प्रतापगढ की ही रीता का दिल्ली के नीतीश के साथ विवाह सम्मपन्न हो रहा है। सभी जोडो पूरी तरह से आत्मनिर्भर है तथा अपने परिवार के पालन का भार वहन करने में सक्षम है। सभी जोडो के विवाह गायत्री पद्धति द्वारा गायत्री परिवार के श्रवण गुप्ता की देखरेख में बी0डी0यादव ने विधिवत सम्मन्न कराए। दोपहर दो बजे तक वैवाहिक रीति-रिवाजों की धूम रही। वहीं शाम के सत्र में आशीष संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था की तरफसभी नवविवाहित जोडो को घरेलु प्रयोग के सामान उपहार के रूप में प्रदान किए गए। विवाह कार्यक्रम में संस्था गोविन्द सराफ, पंकज अग्रवाल, डॉ0 सुधीर अग्रवाल आदि लोगो ने सराहनीय योगदान दिया। इसके बांदा-हमीरपुर के विधान परिषद् सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकार राजबहादुर सिंह ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर अपना आशीर्वाद दिया।

## क्विक न्यूज

### कार सवार दंपत्ति घायल,अस्पताल में भर्ती

**मौदहा(हमीरपुर)।** जन्मदिन कार्यक्रम से अपने घर वापसी होते समय कार सवार दम्पत्ति अपने 3 वर्षीय बच्चे समेत दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिनको राहगीरों द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार महोबा जनपद के बबेड़ी गांव निवासी रमेश अपनी पत्नी शिव देवी तथा बच्चा गोपाल अपने रिश्तेदारों के यहां कोतवाली क्षेत्र के उरदना गांव में जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आया हुआ था, और कार्यक्रम के समापन के बाद जब उपरोक्त तीनों लोग अपने गांव के लिए वापसी हुए तो यहीं के रमना गांव के निकट पुलिया के पास उनकी कार के सामने यकायक एक मवेशी आ गया,जिसको बचाने के चक्कर में कार जाकर पुलिया से टकरा गई और कार सवार तीनों लोगों के सिर पर गंभीर चोंट आ गई तथा कार पुलिया से टकरा कर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों द्वारा सभी घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनका ईलाज अभी भी जारी है।

### पुलिस ने कई सवारी गाड़ियों का किया चालान

**मौदहा (हमीरपुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर सागर के यहां के मकराव गांव के पास कल बुधवार की शाम भीषण सड़क दुर्घटना में एक ऑटो सवार आठ लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने क्षमता से अधिक सवारियां भरने वाले वाहनों की धरपकड़ के साथ चालान किया है। आज सुबह से ही ट्रैफिक पुलिस सहित कोतवाली पुलिस ने दो दर्जन से अधिक चालान किए और एक दर्जन ऑटो सीज कर दिए हालांकि इसके बाद भी कई ग्रामीण क्षेत्रों से आने जाने वाले इन ऑटो रिक्शा ई-रिक्शा क्षमता से अधिक माल व सवारिया ले जाते है व बिना भय के लगातार सवारियां ढो रहे हैं। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि ऐसे वाहनों पर जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी वही आज इस संबंध में कोतवाली परिसर में चालकों की बैठक कर उन्हें हिदायतें दी गई है।

### अधूरे विकास कार्यों से समय से पूर्ण करायें: जिलाधिकारी

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी चांदनी सिंह की अध्यक्षता में ग्राम सचिवों के साथ विभिन्न विकास कार्यो की बैठक रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होने समस्त ग्राम सचिवों व संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यो में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी ग्राम सचिव अपने-अपने क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायेगे इसमें किसी भी प्रकार शिथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने कहा कि आम नागरिकों के समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर मौके पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करेगे। उन्होने कहा कि उप्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को चयन कर लाभान्वित किया जाये। उन्होने ग्राम सचिवों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन भ्रमण कर ग्राम पंचायतों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और स्वयं भी उ0प्र0सरकार की मंशानुरूप स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने यह भी कहा कि ग्राम पंचायतों में क्या विकास कार्य हेतु किया जा सकता है इसके लिये कार्ययोजना भी बनायी जाये। उन्होने ग्राम सचिवों को स्पष्ट निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य के प्रति रूचि न लोने वाले संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराकर लाभान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव सहित समस्त ग्राम सचिव आदि मौजूद रहे।

### पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**कानपुर।** अमेज़न इंडिया ने आज अपने वार्षिक किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग फ्लैगशिप इवेंट पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें संस्करण का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता के साथए अमेज़न लेखकों को अंग्रेजी, हिंदी और तमिल भाषाओं में मूल और अप्रकाशित प्रविष्टियां जमा करने के लिए आमंत्रित करता है। यहां एक प्रतिष्ठित निर्णायक पैनल प्रविष्टियों का विश्लेषण करेगा। यहां हिंदी प्रविष्टियों के लिए सत्य व्यास और विजय काकवानी, अंग्रेजी प्रविष्टियों के लिए सुदीप नागरकर और सुधा नायर और तमिल प्रविष्टियों के लिए नागा चोकन मूल्यांकन करेंगे। इच्छुक नवोदित लेखक केडीपी सर्विस का उपयोग कर 5000 शब्दों से अधिक की अपनी ई.पुस्तक को स्वयं प्रकाशित कर प्रतियोगिता में अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रतिभागी यहां अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं, जिन्हें 10 जुलाई 2022 से 10 सितंबर 2022 तक मौलिकता, रचनात्मकता, लेखन की गुणवत्ता और ग्राहकों की प्रतिक्रिया सहित कई मानदंडों पर आंका जाएगा। लॉन्च के मौके पर अपने विचार साझा करते हुए अमोल गुरुवारा, डायरेक्टर किंडल कंटेंट इंडिया अमेज़न ने कहा, पेन टू पब्लिश के चौथे संस्करण ने हमारी उम्मीदों को और भी बढ़ा दिया है। इसने हमें इस वार्षिक प्रतियोगिता को आगे भी जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। सेल्फपब्लिशिंग के माध्यम से सभी क्षेत्रों के लेखकों को सशक्त बनाने और उन्हें श्ऑथरप्रिनियोरश् बनने में मदद करने के अपने वादे को आगे बढ़ाते हुएए हमें इस पांचवें संस्करण की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य उत्साही लेखकों को अपने काम को सेल्फपब्लिश कर अपने लेखन के जुनून को करियर में बदलने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष भी हमें पहले से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त होने की उम्मीद है।

### खेत मालिक से मजदूरी मांगने पर मां-बेटे ने की मारपीट

**जालौन (उरई)।** पुत्र द्वारा खेत में दो माह तक मटर की कटाई करने के बाद खेत मालिक मजदूरी के रुपये नहीं दे रहा है। रुपये मांगने पर मां बेटे के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी अवध बेवा रामप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनके पुत्र सुशील ने गांव के ही गोधन के खेत पर दो माह तक मटर की कटाई का काम किया था। कटाई के समय उन्होंने काम पूरा होने के बाद रुपये देने की बात कही थी। लेकिन काम पूरा होने के बाद वह बहाने बनाकर कुछ समय बाद रुपये देने की बात करने लगा।

### पाप्स्को के 6 नए उत्पाद लान्च

**कानपुर।** पाप्स्को ने सन केयर प्रोडक्ट्स की श्रृंखला में 6 नए उत्पाद लान्च किए हैं, जो ग्राहकों को धूप में स्किन को होने वाली क्षति से बचाएंगे। स्किन को पूरे साल यूवीए और यूवीबी किरणों से सुरक्षा देने के लिए लोग अक्सर घरों के अंदर रहते हैंए और जैसे ही वो अपनी दिनचर्या में सनस्क्रीन को शामिल करते हैं, वैसे ही उम्र बढ़ने पर उनका कोलेजन का स्तर नियंत्रित रहने की संभावना बढ़ जाती है। इस श्रृंखला में न केवल चेहरे के लिएए बल्कि शरीर व बालों के लिए भी उत्पाद हैंए जिसके कारण सनस्क्रीन को दोबारा लगाया जाना बहुत आसान हो जाता है। डर्मेटोलाजिकली परीक्षित इस श्रृंखला में हर स्किन टाईप और स्किन की हर जरूरत के लिए उत्पाद हैए ताकि धूप एवं डिवाईस से निकलने वाली ब्लू लाईट से पूर्ण सुरक्षा मिले। प्रियंका गिल को.फाउंडर, गुड ग्लैम एवं सीईओए पापक्सो ने कहा, ष्सनस्क्रीन ऐसा स्किनकेयर उत्पाद है, जिसे लगाना व्यक्ति को कभी भी नहीं भूलना चाहिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साले की मौत,बहनोई घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** शादी समारोह से वापस गांव लौट रहे बाइक सवार बहनोई व साले की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में साले की मौके पर मौत हो गई। जबकि बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बहनोई को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। चरखारी थाने के बम्हौरी गांव निवासी 28 वर्षीय शंकर अहिरवार अपने मामा के लड़के जगमोहन की शादी में शामिल होने के लिए अंधैरा गांव आया था। बुधवार शाम जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव अपने बहनोई रामप्रकाश अहिरवार के साथ बाइक से बरात में शामिल होने गए थे। रात करीब एक बजे शादी से वापस अपने गांव लौट रहे थे। तभी राठ कोतवाली के सैना व करगवां गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें शंकर अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बहनोई रामप्रकाश अहिरवार घायल हो गया। मृतक सिर में हेलमेट नही पहने था।

# फोरलेन के लिये केंद्र को भेजा गया है साढ़े पांच हजार करोड़ का प्रोजेक्टः एनएचएआई

## ● हाईवे में ब्रेकर बनाने का कोई प्रावधान नहीं

संवाददाता। हमीरपुर

**कानपुर** महोवा हाईवे में कर रात मौदहा के पास सड़क दुर्घटना में हुई आठ लोगो की मौत से मार्ग को फोर लेन बनाने के लिये चारो तरफ से प्रतिक्रियाएं शुरु हो गयी है।

नेशनल हाईवे अथारटी आफ इंडिया(एनएचएआई) के परियोजना प्रबंधक पंकज मिश्रा ने बताया कि कानपुर से कबरई तक फोरलेन के लिये साढ़े पांच हजार करोड रुपये का प्रोजेक्ट बनाकर भारत सरकार को संस्तुति के लिये भेज दिया गया है। बड़ा प्रोजेक्ट है इसके लिये समय लगेगा, उनका मानना है कि जब सड़के अच्छी होती है तो लोग तेजी से वाहन भगाते है जिससे दुर्घटनाएं होती है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय राज मार्ग में ब्रेकर बनाने का कोई प्रावधान नही है। कल की दुर्घटना में उनके विभाग की एम्बुलेंस समय से पहुच गयी थी। घायलो को समय से अस्पताल पहुचाने का काम किया था।

### पुलिस व एआरटीओ की कार्यप्रणाली पर लगा प्रश्नचिह्न

**हमीरपुर।** कल रात मौदहा क्षेत्र के मकरांव गांव के पास सड़क दुर्घटना में हुई आठ लोगो की मौत के बाद पुलिस व एआरटीओ की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिंह लगा दिया है। वाहन चालकों का कहना है कि उनसे हर माह पुलिस व एआरटीओ के गुर्गो द्वारा वसूली की जाती है। जिससे वाहनो मे तादाद से ज्यादा सवारिया भरना उनकी मजबूरी है। हाईवे में दुर्घटना होना कोई नई बात नही है माह में सड़क दुर्घटना में कम से चालिस लोग मरते है, कई मौते तो आरटीओ द्वारा जब चेकिंग लगायी जाती है तब होती है वाहन चालक एआरटीओ से बचने के लिये जल्दवाजी में इतना तेज वाहन चलाते है कि दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है।

### प्रधानमंत्री कार्यालय से मांगी रिपोर्ट

**हमीरपुर।** अपर जिलाधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि कल रात सड़क दुर्घटना में हुई आठ लोगो की मृत्यु को पीएमओ कार्यालय नें गंभीरता से लेते हुये कहा है कि घायल व मृतक व्यक्तियो के नाम प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सहायता निधि के आनलाइन पर अपलोड करे। इस मामले की जानकारी एडीएम ने एसडीएम सदर को दे दी है। वही तहसीलदार सदर ने बताया कि मृतको को राष्ट्रीय परिवारिक योजना का लाभ दिया जायेगा। इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है।

### चालान-चालानी का चलता रहा खेल

**हमीरपुर।** कल की दुर्घटना को देखते हुये आज ट्राफिक पुलिस डग्गामार वाहनों पर ज्यादा सवारिया भरने पर अंकुश लगाते रहे। हालाकि पुलिस व डग्गामार वाहनों का लुकाछिपी का खेल चलता रहा। पुलिस भी इस मामले में खानापूरी करती नजर आई। वाहन चालकों का कहना है कि इस प्रकार के अभियान अक्सर चलते रहते है दो दिन बाद सब ठीक ठाक हो जायेगा। बताया जाता है कि आज डग्गामार वाहनों की जिले भर में शामत आ गयी है।

## अपहरण के मामले में पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कस्बे में एक युवती के अपहरण के मामले में आरोपी पिता-पुत्र सहित चार के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के एक युवक ने कोतवाली मौदहा में पुलिस से शिकायत की थी कि 19 जून की शाम उसकी पुत्री बाजार गई हुई थी तभी नगर के शुभ ओमर ने अपने सहयोगियों की मदद से उसकी पुत्री का अपहरण कर लिया। पीड़ित ने अपनी पुत्री पर किसी अनहोनी घटना की आशंका करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जिस पर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शुभ ओमर व उसके पिता ओम नारायण ओमर समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# नगर निकाय के निर्वाचन की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

## ● पिछड़ा वर्ग के रैपिट सर्वे के संबंध में डीएम ने ली बैठक

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में नगर निकाय के निर्वाचन के लिए पिछड़ा वर्ग के रैपिट सर्वे के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट सभा कक्ष में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि उत्तर प्रदेश नगर निगम 1959 की धारा -7 तथा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा -9 के अनुसार प्रत्येक नगरीय निकाय में सीधे निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानों में नगरीय निकाय की कुल जनसंख्या में पिछड़े वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में पिछड़ी जाति के लिए स्थान आरक्षित किए जाने का प्रावधान दिया गया है। जिसमें नगरीय



निर्देश देते डीएम पायनियर

निकाय में पिछड़ी जाति की जनसंख्या 27 प्रतिशत से अधिक है तो उस नगरीय निकाय में 27 प्रतिशत स्थान ही आरक्षित किए जाएंगे। उक्त प्रावधान के दृष्टिगत वार्ड के परिसीमन की अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अंदर पूर्ण करा कर प्रारूप 5व6 में उपलब्ध कराए। कहा कि 25 जून से पूर्व प्रभारी अधिकारी, पर्यवेक्षक, प्रगणकों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण तथा 26 जून से पहले अन्य पिछड़ा वर्ग की गणना का प्रारंभ शुरू कर दिया जाए ताकि 14 जुलाई तक पिछड़ी जातियों के जनसंख्या की सूचना का अंतिम प्रकाशन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्गों के इस सर्वे से संबंधित सभी अभिलेखों को नगरीय निकाय कार्यालय में 10 वर्ष तक सुरक्षित रखा जाएगा। उक्त कार्य के प्रयोजनार्थ पिछड़े वर्गों की जातियों की सूची संलग्न की गई है। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जो शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं उसी के अनुसार प्रचार प्रसार कराएं।

## सुरहेती में जिला पंचायत के अवैध बैरियर पर एसडीएम ने मारा छापा

**उरई ( जालौन )।** सुरहेती गांव में संपर्क मार्ग पर लंबे समय से बांदा निवासी व्यक्ति द्वारा कथित तरीके से जिला पंचायत का बैरियर लगाकर मौरम भरकर आने वाले वाहनों से वसूली करने के मामले की शिकायत उप जिलाधिकारी कालपी से की गयी थी जिसका संज्ञान लेकर एसडीएम ने गुरुवार को अपरान्ह में छापा मारा तो बैरियर लगाये बैठे लोगों में हड़कंप मच गया। छापामार कार्यवाही के दौरान सड़क पर लगाये गये बैरियर को तत्काल बंद करवा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को कालपी तहसील के अंतर्गत ग्राम सुरहेती में लगे कथित अवैध जिला पंचायत बैरियर पर उप जिलाधिकारी अंकुर कौशिक ने छापा मारा। बताया जाता है कि विगत लंबे समय से कालपी तहसील अंतर्गत ग्राम सुरहेती में कथित जिला पंचायत का बैरियर लगाकर मौरम भरे वाहनों से वसूली की जा रही थी। जिस पर उप जिलाधिकारी कालपी अंकुर कौशिक ने अपनी टीम के साथ छापा मारकर बैरियर को तत्काल बंद करवाया।

## एकता, अखंडता के लिये श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दिया था बलिदान

**कोंच( जालौन )।** भाजपा के तत्वाधान में जनसंघ के संस्थापक भारत की एकता और अखंडता के लिए बलिदान देने वाले श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्राथमिक पाठशाला पटेल नगर के प्रांगण में वृक्षारोपण एवं युवा मोर्चा महामंत्री अजय कुशवाहा के आवास पर पुष्पांजलि व विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा ने तय किया है कि मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई तक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अध्यक्षता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह मन्नू के मुख्य आतिथ्य, संस्थापक अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, संस्थापक महामंत्री सर्वाचरण वाजपेयी, पूर्व नगर अध्यक्ष शंभूदयाल स्वर्णकार, जिला मंत्री अंजू अग्रवाल की उपस्थिति में बलिदान दिवस पर मुन्नू ने कहा कि भारत की एकता व अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद् व प्रखर राष्ट्रवादी विचारक ''एक विधान, एक निशान और एक प्रधान'' की परिकल्पना देकर राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को देश कभी भुला नहीं सकेगा। उनके सपने और संकल्प को साकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर से धारा 370 खत्म कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। अन्य वक्ताओं ने भी उन्हें एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताया। संचालन नगर कोषाध्यक्ष प्रभंजन गर्ग ने किया, आभार महामंत्री ओपी कुशवाह ने व्यक्त किया। तदोपरांत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान सुनील लोहिया, सुनीलकांत तिवारी, प्रदीप गुप्ता, ओपी कुशवाहा, अनिल अग्रवाल, विक्रम सिंह तोमर, प्रभंजन गर्ग, धर्मेंद्र राठौर, प्रदीप वर्मा, ऋतुराज प्रजापति, रविकांत कुशवाहा, अवध यादव आदि उपस्थित रहे।

## शातिर चोर के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया सात लाख का माल

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर रैपुरा थाना पुलिस ने पांच चोरियों का खुलासा कर अंतर्जनपदीय चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी, जेवरात, मोटरबाइक व मोबाइल फोन बरामद किये हैं। गुरुवार को एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय ने पत्रकारों को बताया कि रैपुरा थानाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार नागर व सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी की संयुक्त टीमों ने शातिर चोर शिवबलि उर्फ रामबलि निषाद पुत्र राजकुमार निषाद निवासी मनकुवांर थाना मऊ को देंउधा-मैकी मोड से दबोचकर उसके कब्जे से 15 जून को बोडीपोखरी के पास एक घर में हुई चोरी व रामनगर में 17 जून को तीन घरों में हुई चोरी तथा बीस जून को बरगढ थाना के कोनिया नंदौलीपुरवा में हुई चोरी का माल बरामद किया है। चोर के कब्जे से 25 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के पांच लाख के जेवर, एक मोटरबाइक व तीन मोबाइल फोन बरामद किये हैं। एएसपी ने बताया कि शातिर चोर शिवबलि उर्फ रामबलि निषाद पर विभिन्न थानों में एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

# बुंदेली चितेरी, लोक चित्रकारी कार्यशाला का डीएम ने किया उद्घाटन

## ● टाउनहाल ट्रस्ट की ऐतिहासिकता के बारे में दी जानकारी

संवाददाता। उरई (जालौन)

**मंडलायुक्त** अजय शंकर पाण्डेय के निर्देश के क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत टाउनहॉल ट्रस्ट लाईब्रेरी में आयोजित बुन्देली चितेरी लोक चित्रकारी, कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने किया। इस अवसर पर लाईब्रेरी का निरीक्षण एवं पुस्तकालय हॉल में स्थापित वाल ऑफ ऑनर का अवलोकन किया गया। टाउनहॉल ट्रस्ट की ऐतिहासिकता, वाल ऑफ ऑनर एवं लाईब्रेरी के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने अवगत कराया। बुन्देली चितेरी लोक चित्रकला कार्यशाला का आयोजन प्रभु आईये ट्रस्ट के सदस्य एवं नगर के ख्यातिप्राप्त चित्रकार



कार्यशाला का अवलोकन करती जिलाधिकारी चांदनी सिंह पायनियर

रोहित विनायक द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोक चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में जिला विद्यालय निरीक्षण भगवत पटेल द्वारा लोक चित्रकला के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस 5 दिवसीय कार्यशाला में लगभग 50 छात्र लोक चित्रकला का प्रशिक्षण रोहित विनायक से प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यक्तित्व के विकास एवं निर्माण में लोक चित्रकला की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सर्वप्रथम चित्रकार के मस्तिक में विचार जन्म लेते हैं तत्पश्चात वह अपनी इस कल्पना को रंग एवं ब्रश के माध्यम से कागज़ पर उतारता है। कुछ बच्चों में इस प्रकार की अभिरूचियों का गुण जन्म से होता है एवं कुछ अपनी लगन एवं महनत के द्वारा उसे प्राप्त कर लेते है। इस प्रकार की लोक कलायें मनुष्य के मानसिक विकास एवं सुखद तथा शांतिपूर्ण जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसी कलाये सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर श्रोत होती है। तथा इनमें पारंगत छात्र कभी अवसाद ग्रस्त नहीं हो सकते है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रतिभागी छात्रों से अपेक्षा की गई कि वे पूर्ण लगन से बुन्देली चितेरी लोक कलाओं की बारीकियां सीखेंगें एवं उनका निरन्तर अभ्यास करके स्वयं को उनमें पारंगत करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा वर्तमान डिजिटल युग में फेसबुक, यूट्यूब एवं ट्विटर आदि प्लेटफार्म पर बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन कर स्वयं प्रसिद्ध भी कर सकते है तथा जनपद का नाम भी रोशन कर सकते हैं। उन्होंने इस कार्यशाला के आयोजन रोहित विनायक के प्रयास की सराहना भी की। इस कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक भगवत पटेल, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंगद यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अनिल बहुगुणा, डा. श्रीमती चन्द्रा, सामाजिक कार्यकर्ता, कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार सहित लगभग छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।